www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 24 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -138 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





जीवन में कभी हार मत मानो : मुर्मू 02
- चंद्रयान-3 भारत के लिए शुरुआत : आतिशी
- महिला ने डिलीवरी बॉय पर चाकू से किया हमला

03
- अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति को आकार देने वाली महत्वपूर्ण...
- क्षेत्रीय देशों के साथ अफगानिस्तान के रिश्ते बेहतर : मुत्ताकी

07
हनुमान जी को सुपरहीरो मानती है अदा शर्मा 10

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों व देशवासियों को दी बधाई ■ इसरो डायरेक्टर बोले, अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण






# चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत

**नई दिल्ली**, 23 अगस्त (एजेंसियां)। इसरो के चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर इतिहास रच दिया। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 5 बजकर 44 मिनट पर उतरने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद अगले 20 मिनट में चंद्रमा की अंतिम कक्षा से 25 किमी का सफर पूरा किया। शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 के लैंडर ने चांद पर पहला कदम रखा। इसरो के डायरेक्टर एस. सोमनाथ ने कहा कि अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं। जल्दी सूर्य पर आदित्य एल1 भेजा जाएगा। गगनयान पर भी काम जारी है। चांद पर पहुंचकर चंद्रयान-3 ने मैसेज भेजा- मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं। वहीं साउथ अफ्रीका से प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को बधाई देकर कहा- अब चंदामामा दूर के नहीं। इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं। चंद्रयान-3 के लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग में 20 मिनट लगे। इस अवधि को 'खौफ के 20 मिनट्स' कहा जा रहा था।

### चांद पर उतरने में 41 दिन लगे

चंद्रयान-3 आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को 3 बजकर 35 मिनट पर लॉन्च हुआ था। इसे चांद की सतह पर लैंडिंग करने में 41 दिन का समय लगा। धरती से चांद की कुल दूरी 3 लाख 84 हजार किलोमीटर है।



सभी भारतीयों को गर्व है, मैं इसरो और इस मिशन में शामिल सभी लोगों को बधाई देती हूं और उन्हें आगे और बड़ी उपलब्धि हासिल करने की कामना करती हूं : **द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया: **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



नई उम्मीदें, नया उत्कर्ष। चन्द्रायन-3 की सफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाइयां। यह उपलब्धि प्रतीक है कि भारत प्रत्येक संकल्प को सिद्धि तक पहुंचा रहा है: **ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**



140 करोड़ भारतीयों ने अपने छह दशक पुराने अंतरिक्ष कार्यक्रम में आज एक और उपलब्धि देखी। हम इस मिशन में शामिल सभी की कड़ी मेहनत को सलाम करते हैं: **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### नासा ने भी भारत को दी बधाई

अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसियों ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर बधाई दी है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के लिए इसरो को बधाई! और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान की सफलतापूर्वक सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनने पर भारत को बधाई।

### चंद्रयान-3 की सफलता पर देशभर में जश्न

चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम चंद्रमा के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद से देशभर में जश्न मनाया गया। कई स्कूलों के बच्चे खुशी से डांस करने लगे। बेंगलुरु में इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर में वंदे मातरम के नारे लगाए गए। कई शिक्षण संस्थानों में भी इसका प्रसारण किया गया।

### चंद्रयान-3 की सफलता का श्रेय टीम को : एस सोमनाथ

इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने बुधवार को चंद्रयान -3 की सफलता के लिए अपनी टीम के वैज्ञानिकों को श्रेय दिया और देश के नागरिकों को बधाई दी। डॉ. सोमनाथ ने देश के लोगों को बधाई देते हुए चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम की चंद्रमा पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग पर कहा, 'चंद्रमा पर हैं भारतीय' 'भारत चंद्रमा पर है।'



## सार संक्षेप

### लोकसभा चुनाव में अपने दम पर उतरेंगे : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बुधवार को साफ कर दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव पार्टी अकेले अपने दम पर लड़ेगी और इसी के तहत उन्होंने संगठन को खर्चीले तामझाम और नुमाइशी कार्यक्रमों से दूर रहते हुए जन जन तक जुड़कर काम करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों, प्रभारियों और अन्य जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की रिपोर्ट ली।

### हिमाचल की तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में बारिश का कहर अभूतपूर्व तरीके से टूटा है और वहां के लोगों का जीवन तबाह हो गया है इसलिए केंद्र सरकार हिमाचल की घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर वहां के लिए 10000 करोड़ रुपए का पैकेज जारी करें। कांग्रेस के हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि हिमाचल में हर तरफ बारिश ने ऐसी तबाही मचाई है कि उसका अंदाज नहीं लग जा सकता।

### जदयू ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची जारी की



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड ने बुधवार को 98 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले नंबर पर हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के अलावा मंगनी लाल मंडल को उपाध्यक्ष, केसी त्यागी को विशेष सलाहकार सह मुख्य प्रवक्ता और आलोक सुमन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 22 महासचिव और 7 सचिव शामिल हैं। मंत्री संजय झा महासचिव बनाए गए हैं।

### इंदौर वायु सर्वेक्षण में भी पहले स्थान पर रहा




**भोपाल।** इंदौर ने देश में एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम, भोपाल ने 5वां, जबलपुर ने 13वां और ग्वालियर ने 41वां स्थान प्राप्त किया है।

### पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के सनसनीखेज मनसुख हिरन हत्या मामले में गिरफ्तार सेवानिवृत्त हाई-प्रोफाइल मुंबई पुलिस अधिकारी और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट माने जाने वाले प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका स्वीकार कर ली।

ब्रिक्स सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी

## भारत ब्रिक्स के विस्तार के पक्ष में

**नई दिल्ली**, 23 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत ग्लोबल साउथ के देशों को विशेष महत्व देता है। जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हम दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में ब्रिक्स में वैश्विक दक्षिण के देशों को विशेष महत्व देने के कदम का स्वागत करते हैं। भारत ने भी जी20 की अध्यक्षता में इस विषय को महत्व दिया है। उन्होंने कहा, भारत ब्रिक्स के विस्तार का पूरा समर्थन करता है, हम इस पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ने का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, ब्रिक्स को भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने के लिए हमें अपने संबंधित समाजों को भी भविष्य के लिए तैयार करना होगा और प्रौद्योगिकी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, लगभग दो दशकों में ब्रिक्स ने एक लंबी और शानदार यात्रा की है। इस यात्रा में हमने कई उपलब्धियां हासिल कीं। पीएम मोदी ने अंतरिक्ष, शिक्षा और कौशल विकास, कौशल मानचित्रण, बिग कैट गठबंधन और पारंपरिक चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए ब्रिक्स को कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा, हम पहले से ही ब्रिक्स उपग्रह समूह पर काम कर रहे हैं। इसे आगे बढ़ाते हुए, हम ब्रिक्स स्पेस एक्सप्लोरेशन कंसोर्टियम के निर्माण पर काम कर सकते हैं। दूसरे, उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश शिक्षा, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी में सहयोग कर सकते हैं।

**आम सहमति के साथ आगे बढ़ने का करते हैं स्वागत**




> लगभग दो दशकों में ब्रिक्स ने एक लंबी और शानदार यात्रा की है। इस यात्रा में हमने कई उपलब्धियां हासिल कीं।

## मिजोरम में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरा, 26 की मौत

- रेल मंत्रालय ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश
- दुर्घटनास्थल आइजोल से करीब 21 किमी दूर

**आइजोल,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। मिजोरम के पहाड़ी सैरांग इलाके के पास बुधवार को एक निर्माणाधीन रेलवे पुल ढह जाने से कम से कम 26 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। रेलवे और पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 22 शव बरामद किए जा चुके हैं। ढही हुई स्टील संरचना के नीचे से शेष चार शवों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्रालय ने इसकी उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल से 10 किमी दूर बैराबी (दक्षिणी असम के पास) को सैरांग से जोड़ने वाले कुरुंग नदी पर रेलवे पुल निर्माणाधीन था। दुर्घटनास्थल आइजोल से करीब 21 किमी दूर है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर), जो 51.38 किलोमीटर लंबी रेलवे परियोजना को लागू कर रहा है, ने चिकित्सा सहायता के साथ रिकवरी प्रोसेस के लिए कई चिकित्सक और इंजीनियरिंग टीमों को भेजा है।



### अनुग्रह राशि का किया ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पूर्वोत्तर राज्यों के कई मुख्यमंत्री और शीर्ष नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री वर्तमान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जोहान्सबर्ग में हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। रेल मंत्री ने मृतकों के लिए दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए दो लाख रुपए और मामूली चोटों के लिए 50,000 रुपए के अनुग्रह मुआवजे की भी घोषणा की। वहीं, मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में किया स्पष्ट

## पूर्वोत्तर में लागू विशेष प्रावधानों में बदलाव का इरादा नहीं

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय के समक्ष बुधवार को केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि पूर्वोत्तर राज्यों पर लागू विशेष प्रावधानों में किसी भी तरह का बदलाव का उसका कोई इरादा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अस्थायी प्रावधान पर चर्चा में इसका कोई भी संदर्भ 'संभावित शरारत' हो सकती है। उन्होंने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के प्रभाव पर चर्चा का फिर विरोध किया। श्री मेहता के बयान के बाद पीठ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं में एक हस्तक्षेपकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे कांग्रेस सांसद और अधिवक्ता मनीष तिवारी से कहा, आपको धारा 370 पर कुछ नहीं कहना है, तो हम आपकी दलीलें क्यों सुने? जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान श्री तिवारी ने दलील दी कि भारतीय सीमा में थोड़ी सी भी आशंका के गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। अदालत वर्तमान में मणिपुर में ऐसी ही एक स्थिति का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर पर अनुच्छेद 370 लागू होता है और इसकी व्याख्या संभवत: अन्य प्रावधानों को प्रभावित कर सकती है।

उन्होंने तर्क दिया कि अनुच्छेद 371 का छह उप भाग जो पूर्वोत्तर पर लागू होते हैं। संविधान की छठी अनुसूची जो असम, त्रिपुरा, मेघालय पर लागू होती है, इस मामले में प्रासंगिक हो जाती है।



**सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रखा केंद्र का पक्ष**

राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी तेज

## सम्मेलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के होंगे पुख्ता इंतजाम

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। आगामी 8-10 सितंबर के दौरान होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के सुरक्षित और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए राजधानी में विशेष स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया टीमों क्यूआरटी, एंबुलेंस और उन्नत अग्निशमन तंत्र जिसमें अग्निशमन रोबोट शामिल हैं की तैनाती समेत सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़ी तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। उनके निर्देशानुसार दिल्ली पुलिस ने आईजीआई हवाई अड्डे, 23 नामित होटल, आईटीपीओ, राजघाट और कार्यक्रम के दौरान वीवीआईपी द्वारा लिए जाने वाले मार्गों पर 450 से अधिक क्यूआरटी,पीसीआर वैन, 50 से अधिक एंबुलेंस और अग्निशमन मशीनरी की तैनाती के साथ व्यापक सुरक्षा योजनाएं बनाई हैं। एक अधिकारी ने बताया कि शिखर सम्मेलन स्थल आईटीपीओ में 11 क्यूआरटी, 24 एंबुलेंस और 3 फायर टेंडर तैनात किए जाएंगे।

G20 भारत 2023 INDIA

- दिल्ली में 450 से अधिक क्यूआरटी किए जाएंगे तैनात

## अब चुनाव आयोग के लिए बल्लेबाजी करेंगे सचिन

**'नेशनल आइकन' के रूप में नई पारी की शुरुआत**

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मतदाताओं को जागरूक और शिक्षित बनाने के लिए बुधवार को चुनाव आयोग के 'नेशनल आइकन' के रूप में एक नई पारी की शुरुआत की। चुनाव आयोग ने दिग्गज क्रिकेटर और भारत रत्न तेंदुलकर के साथ तीन साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनुप चंद्र एवं अरुण गोयल उपस्थित रहे। तेंदुलकर ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में युवा आबादी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है।



**शिक्षा** *अगले साल से नया नियम होगा लागू*

## साल में दो बार होगी 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को नई शिक्षा नीति के तहत अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया। जिसके मुताबिक, अब 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार कराई जाएंगीं। दोनों परीक्षा में जिसमें छात्र के ज्यादा अंक होंगे, उसे गिना जाएगा। इसके अलावा 11वीं और 12वीं के छात्रों को दो भाषाएं पढ़नी होंगी।**

इनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। हालांकि, छात्रों को विषय चुनने की छूट होगी। उन पर चुनी गई स्ट्रीम के आधार पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि सत्र 2024 के लिए किताबों में भी बदलाव किया जा रहा है। किताबों में अब भारी-भरकम सिलेबस भी नहीं रखा जाएगा। किताबों की कीमतें भी कम की जाएंगी। नया पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति -2020 को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। जिसमें स्कूल बोर्ड कोर्स पूरा होने पर ऑन डिमांड परीक्षा कराने की मांग कर सकेंगे। इन बदलावों के पीछे का उद्देश्य छात्रों को महीनों तक बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने के मुकाबले उनकी समझ और उपलब्धि का आकलन करना है।



- छात्रों को पढ़नी होंगी दो भाषाएं
- किताबों में भी किया जा बदलाव

### जीडीपी का 6 फीसदी खर्च करने का लक्ष्य

नई शिक्षा नीति को 29 जुलाई 2020 को इसे मंत्रिमंडल से मंजूरी मिली थी। इसमें शिक्षा नीति में समानता, गुणवत्ता जैसे कई मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। सरकार ने नई शिक्षा नीति पर केंद्र और राज्य के सहयोग से जीडीपी का 6 फीसदी हिस्सा खर्च करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अप्रैल 2023 में नेशनल कॅरिकुलम फ्रेमवर्क का ड्राफ्ट जारी किया था। इसमें 12वीं की बोर्ड परीक्षा को दो टर्म में लेने का प्रस्ताव रखा गया। 10वीं-12वीं के नतीजों में पिछली कक्षाओं के अंक जोड़ने की सिफारिश भी की गई।

# देश

उवाच

"भारतीय कंपनियों के लिए अंतरिक्ष का प्रवेश द्वार खुलने से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के ढेर सारे अवसर पैदा होंगे। नई अंतरिक्ष यात्रा भारत की खगोलीय महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है, जिससे यह अंतरिक्ष परियोजनाओं के लिए दुनिया के लॉन्चपैड के रूप में अलग हो जाता है। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.0 | 26.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 30.0 |



# मिशन चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर झूमा देश

- चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला पहला देश बना भारत
- अब तक रूस, चीन व अमेरिका ही चांद पर सफल लैंडिंग में रहे हैं कामयाब
- रूस के मून मिशन लूना-25 के विफल होने के बाद चंद्रयान-3 की ओर लगी थीं दुनिया भर की निगाहें
- 3.84 लाख किमी की यात्रा तय करने के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा लैंडर

**चेन्नई,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के चंद्रमा लैंडर के योजना के अनुसार, बुधवार शाम को इसरो के मिशन चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग के बाद पूरा देश झूम उठा। सफलतापूर्वक चंद्रमा की धरती पर उतरते ही अपने चारों पैर आसानी से और सुरक्षित रूप से स्थापित कर दिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। 40 दिनों से अधिक समय तक लगभग 3.84 लाख किमी की यात्रा करने के बाद लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। लैंडिंग के साथ 600 करोड़ रुपए के चंद्रयान-3 मिशन का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो गया है। शेष भाग चंद्रमा रोवर है जो लैंडर से नीचे लुढ़क रहा है, चारों ओर घूम रहा है और प्रोग्राम किए गए प्रयोग कर रहा है। भारत का मिशन चंद्रयान आखिर सफल हुआ। चंद्रयान-3 की लैंडिंग के साथ ही भारत ने एक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। इस मिशन की सफलता के साथ ही चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला पहला देश भारत बन गया है। साथ ही भारत उन देशों की सूची में भी शामिल हो गया है जिन्होंने चांद पर सफल लैंडिंग की है। अब तक रूस, चीन और अमेरिका ही चांद पर सफल लैंडिंग में कामयाब रहे हैं। गौरतलब है कि रूस के मून मिशन लूना-25 के विफल होने के बाद दुनिया भर की निगाहें भारत के चंद्रयान-3 की ओर लगी थीं। हालांकि इसरो ने भी पहले से ही कहा था कि हम चांद पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के लिए पर्याप्त एहतियात बरत रहे हैं। हम आपको बताएंगे कि जिन वजहों से रूस का मून मिशन नाकाम हुआ उन्हें पहले से ही भांपते हुए इसरो ने अपनी तैयारी कर रखी थी।

### लोगों ने ट्विटर पर इसरो को सराहा

जैसे ही चंद्रयान-3 बुधवार शाम को चंद्रमा की धरती पर सफलतापूर्वक उतरा, एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हजारों उपयोगकर्ताओं ने ऐतिहासिक मिशन के लिए इसरो और उसकी टीम को बधाई दी। एक यूजर ने लिखा, मैं अवाक हूं...खुशी के आंसुओं में डूबा हुआ हूं...इतिहास रचा गया...क्या गर्व का क्षण है...भारत भारत भारत...चंद्रयान-3 चंद्रयान-3लैंडिंग। साइकिल से चंद्रमा पर भारत तक-क्या यात्रा है..! भारत ने यह किया है, इसरो ने यह किया है, हमने यह किया है-भारत, भारत, भारत। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ, भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग करने वाला पहला देश बन गया।



## काबू में रहेगी ड्रैगन की हरकत

चंद्रयान-3 की सफलता, भारत के लिए कई मायनों में एक बड़े बदलाव का प्रतीक बनेगी। विकास की नई राहें खुलने के अलावा चंद्रयान-3 की कामयाबी, बॉर्डर की सुरक्षा के मोर्चे पर भी काफी मददगार साबित होगी। लद्दाख व दूसरे क्षेत्रों में चीन ने बॉर्डर पर नजर रखने और भारतीय सेना की गतिविधियों का पता लगाने के लिए 72 मिलिट्री सेटेलाइट छोड़ रखे हैं। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद ड्रैगन की दादागिरी खत्म की जा सकेगी। शत्रु राष्ट्र की हरकत काबू में रहेगी। स्पेस कमीशन के सदस्य डॉ. किरण कुमार ने बताया कि चंद्रयान की सफलता के बाद, चीन जो बहुत कम अंतराल पर बॉर्डर के किसी न किसी हिस्से में घुसपैठ का प्रयास करता रहता है, उसकी सेना की मिनट-टू-मिनट मूवमेंट का पता चल सकेगा। भारत, चीन को अपनी क्षमता दिखा सकता है। पाकिस्तान और दूसरे देशों से लगती सीमा पर भी सटीक निगरानी हो सकेगी। डॉ. किरण कुमार ने बताया, भारत-चीन सीमा पर सर्विलांस करने में चंद्रयान-3, बहुत मददगार साबित होगा। भारत चीन सीमा पर कुछ वर्षों से घुसपैठ की गतिविधियां बढ़ रही हैं। चीन की सेना के भारतीय क्षेत्र में आने की खबरें आती रहती हैं।

## इसरो के डाटा सेंटर को मिलेगी पल-पल की जानकारी

वैज्ञानिकों का कहना है कि 14 दिनों के भीतर रोवर चांद पर अपने तय रास्ते को न सिर्फ पूरा करेगा बल्कि उसकी पूरी सूचनाएं भी इसरो के डाटा सेंटर को भेजता रहेगा। संजीव सहजपाल का कहना है कि सिर्फ रोवर ही नहीं बल्कि लैंडर के माध्यम से भी सूचनाएं और पूरी तकनीकी जानकारियां मिलती रहेंगी। वह बताते हैं कि लैंडर और रोवर 14 दिनों तक पूरी सक्रियता के साथ हमें सूचनाएं भेजेगा। तमाम विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार किए जाने वाले लैंडर और रोवर के पावर बैकअप की क्षमता 14 दिनों तक सबसे ज्यादा होती है। उसके बाद की सूचनाएं या तो मिलनी बंद हो जाएंगी या उनकी स्पीड ना के बराबर हो जाएगी। हालांकि अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का मानना है कि 14 दिनों के भीतर मिलने वाली सूचनाएं अंतरिक्ष में चांद पर की जाने वाली तमाम संभावनाओं की सबसे महत्वपूर्ण जानकारियां होंगी। चांद पर जीवन की संभावना ना के बराबर है। इसलिए जो भी शोध या मिशन चंद्रमा पर किए जा रहे हैं वह अनसुलझे रहस्य को सुलझाने के साथ-साथ वहां की मिट्टी, ऊर्जा, ऊष्मा को भविष्य के लिहाज से मानव जीवन की बेहतरी के लिए किए जा रहे हैं।

## चंद्रयान की लैंडिंग के साथ ही भारत को मिलेगा खजाना



- सोने से भी ज्यादा कीमती है यह बर्फ
- विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए हमेशा से रहस्य रहा चांद का दक्षिणी ध्रुव

**चेन्नई,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। चंद्रयान की सफल लैंडिंग के साथ ही भारत को चंद्रमा का खजाना हाथ लग जाएगा। दरअसल, चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव वह हिस्सा है जो विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए हमेशा से रहस्य रहा है। दक्षिणी ध्रुव पर वह जगह है जहां पर कुछ हिस्सों में एकदम अंधेरा है तो कुछ पर रोशनी नजर आती है। इसके करीब धूप-पानी दोनों है। कुछ हिस्सों में स्थाई रूप से छाया के साथ बर्फ जमा होने की बातें भी सामने आई है। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा का दावा है कि, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के कुछ गड्ढों पर तो अरबों वर्षों से सूरज की रोशनी नहीं पहुंची है। इन गड्ढों वाली जगह का तापमान -203 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। दुनिया के वैज्ञानिकों का मानना है कि, चंद्रमा पर यह बर्फ दरअसल अंतरिक्ष का सोना है। इसका खनन पीने के पानी के लिए किया जा सकता है। साथ ही साथ या सांस लेने के लिए जरूरी ऑक्सीजन और रॉकेट फ्यूल के लिए भी इसे हाइड्रोजन में बांटा जा सकता है। जबकि वैज्ञानिकों की राय है कि, इस ईंधन का प्रयोग न सिर्फ पारंपरिक अंतरिक्ष यान के लिए किया जाएगा, बल्कि उन हजारों उपग्रहों के लिए भी किया जा सकता है उन्हें अलग-अलग मकसद के लिए अंतरिक्ष में भेजा जाता है।

### चंद्रयान में शोध से बनेंगे अरबों डॉलर

भारत के चंद्रयान-3 द्वारा की गई खोज इस इस मून इकॉनोमी के लिए बड़े दरवाजे खोलेगी। क्योंकि कई अहम जानकारी हमारे पास होगी, तो व्यापार भी हमारे पास ही आएगा। साल 2040 तक मून इकॉनमी के 4200 करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है। चांद तक ट्रांसपोर्टेशन का बिजनेस 2040 तक 42 अरब डॉलर तक जा सकता है। इसके अनुसार मून इकॉनमी के 2026 से 2030 तक 19 अरब डॉलर, 2031 से 2035 तक 32 अरब डॉलर और 2036 से 2040 तक 42 अरब डॉलर तक जाने का अनुमान जताया है। इसके अलावा भारत के पास चंद्रमा का जो डेटा होगा, उससे भी व्यापार किया जा सकता है। कई देश हैं, जो चांद पर सफल लैंडिंग नहीं कर सकते हैं। वे रिसर्च के लिए भारत से करोड़ों डॉलर में डेटा खरीद सकते हैं। इससे वे बिना चांद पर जाए अपनी रिसर्च कर सकते हैं। चांद पर पानी मिलता है, तो उस पानी से ऑक्सीजन बनाई जा सकती है। इससे भविष्य में वहां बेस भी बनाए जा सकते हैं। एक अनुमान के अनुसार साल 2030 तक चांद पर 40 और साल 2040 तक 1000 एस्ट्रोनॉट रह रहे होंगे। इसके लिए चंद्रयान-3 की रिसर्च काफी काम आएगी। चंद्रमा पर हीलियम-3 की मौजूदगी है। इसकी अच्छी खासी क्षमता है। अगर इसका इस्तेमाल हुआ तो दुनिया में ऊर्जा का संकट टल जाएगा। डॉ.सीएम नौटियाल बताते हैं, परमाणु रिएक्टरों में हीलियम-3 का इस्तेमाल करने से रेडियोएक्टिव कचर पैदा नहीं होता। सूरज से आने वाली किरणें सौर पवन, चंद्रमा की मिट्टी में घुसी हुई हैं। इसके चलते वहां हीलियम-3 की मात्रा बढ़ती रहती है। हीलियम-3, नाभकीय संलयन के लिए इंधन का काम करेगा। यह हीलियम-4 से ज्यादा कुशल होता है। इसके जरिए ज्यादा एनर्जी विकसित होती है। पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक संयंत्र आईटीईआर का प्रयोग हो रहा है। इसमें नाभकीय संलयन पर काम चल रहा है। इसके माध्यम से प्रदूषण मुक्त ऊर्जा पैदा हो सकेगी। दुनिया के तमाम देशों की इस ओर निगाहें हैं। चंद्रयान-3 की सफलता का भू राजनीतिक महत्व है। इसकी कामयाबी के बाद हमें दूसरे ग्रहों पर जाने के लिए एक स्टेशन मिल जाएगा।

## अंतरिक्ष उद्योग, शिक्षाविदों ने ऐतिहासिक चंद्रयान की लैंडिंग पर जताई खुशी




***नई दिल्ली।*** *अंतरिक्ष उद्योग ने बुधवार को भारत के चंद्रमा के सतह के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 लैंडर को सफलतापूर्वक उतारे जाने पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि की जमकर सराहना की। भारतीय अंतरिक्ष संघ ने कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अंतरिक्ष की बढ़ती पहुंच को रेखांकित करती है और चुनौतीपूर्ण अभियानों को पूरा करने में भारत के अटूट संकल्प और दृढ़ता को प्रदर्शित करती है। एसोसिएशन ने कहा कि इसके अलावा, यह चंद्रमा पर स्थायी संरचनाएं स्थापित करने के मकसद से उभरते ल्यूनगर एक्सप्लोरेशन युग में भारत की भागीदारी के लिए सकारात्मक संकेत है। 14 जुलाई, 2023 को श्रीहरिकोटा से लांच किए गए चंद्रयान-3 मिशन में विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर प्रमुख घटक हैं। हालांकि इसरो के इस मिशन में कई निजी कंपनियों ने योगदान दिया है। जैसे लार्सन एंड टुब्रो, वालचंदनगर इंडस्ट्रीज, सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स, गोदरेज एंड बॉयस और अनंत टेक्नोलॉजीज। सफल लैंडिंग भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र की क्षमता को दर्शाती है और भारत को पूरी दुनिया के उन कुछ देशों में शामिल करती है जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष संघ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट (सेवानिवृत्त) ने कहा, यह निजी क्षेत्र के लिए रोमांचक अवसरों का भी अग्रदूत है। अनंत टेक्नोलॉजीज (एटीएल) के संस्थापक और सीएमडी डॉ सुब्बा राव पावुलुरी ने कंपनी को मौका देने के लिए इसरो का आभार व्यक्त किया। हैदराबाद में मुख्यालय वाली यह कंपनी इसरो के सभी लॉन्च वाहन और उपग्रह मिशनों में योगदान दे रही है। एटीएल ने इस मिशन के लिए कई एवियोनिक्स पैकेजों के निर्माण में भाग लेकर चंद्रयान -3 लॉन्च वाहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

## सार संक्षेप

### बलराम जाखड़ की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**नई दिल्ली।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ.बलराम जाखड़ की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, राज्य सभा के महासचिव, पी.सी.मोदी तथा लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों के अधिकारियों ने डॉ.जाखड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गुजरात की एक फैक्ट्री में जहरीली गैस का रिसाव

**भरूच/गुजरात।** गुजरात के भरूच जिले में बुधवार को एक फैक्ट्री परिसर में जहरीली गैस का रिसाव हो गया। जिसकी चपेट में एक दर्जन से अधिक मजदूर आ गए। रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 18 मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार जब गैस रिसाव की घटना हुई तब फैक्ट्री में लगभग 2,000 कर्मचारी काम कर रहे थे।

### झारखंड में ईडी की 32 जगहों पर छापामारी

**रांची।** झारखंड में शराब घोटाले मामले में ईडी की टीम ने आज सुबह रांची, देवघर और दुमका गोड्डा सहित राज्य के 32 ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के कारोबार में कथित रूप से शामिल मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव के ठिकाने पर भी ईडी की छापेमारी चल रही है। मंत्री के बेटे का पैसा शराब कारोबारी के कारोबार में लगा हुआ है और इसे लेकर ही ईडी मंत्री के बेटे के ठिकानें पर छापेमारी कर रही है। रांची में कुल सात जगहों पर ईडी रेड कर रही है। वहीं देवघर में कुल आठ जगहों पर छापेमारी की सूचना है।

## जीवन में कभी हार मत मानो : मुर्मू

### गोवा विवि के दीक्षांत समारोह में नेल्सन मंडेला के कथन का किया जिक्र

**पणजी,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के कथन मुझे मेरी सफलताओं से मत आंकिए, मुझे इस आधार पर आंकिए कि मैं कितनी बार गिरा और फिर खड़ा हुआ का हवाला देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को युवाओं को सलाह दी कि परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी हार नहीं माननी चाहिए। मुर्मू गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं, जो मंगलवार से शुरू हुई। उन्होंने राजभवन में गोवा विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। नेल्सन मंडेला के कथन का जिक्र करते हुए मुर्मू ने कहा, आज आपने जो डिग्रियां और स्वर्ण पदक अर्जित किए हैं, वे आपको नौकरी पाने या बिजनेस शुरू करने में मदद करेंगे। लेकिन, एक क्वॉलिटी, जो आपको बहुत आगे ले जा सकती है, वह है जीवन में कभी हार न मानने का साहस। परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी हार नहीं माननी चाहिए। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में विश्व स्तरीय क्षमता विकसित करना आवश्यक है। शिक्षा एक आजीवन प्रक्रिया है। निरंतर सीखना जीवन में अवसरों के साथ-साथ चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। आज का युवा 'संकल्प काल' में विकसित भारत का निर्माण करेगा। मुझे विश्वास है कि आप भारत को अधिक समृद्धि की ओर ले जाने का सपना पूरा करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इस पहल के लिए गोवा विश्वविद्यालय की सराहना की।




शिक्षण संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान में विश्व स्तरीय क्षमता विकास आवश्यक : द्रौपदी मुर्मु

### राष्ट्रपति ने छात्राओं की सफलता को सराहा

राष्ट्रपति ने छात्राओं की सफलता की सराहना करते हुए कहा, मुझे खुशी है कि 55 प्रतिशत डिग्री धारक और 60 प्रतिशत स्वर्ण पदक विजेता लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन प्रमुख भूमिका निभाते हैं। मुझे बताया गया है कि गोवा यूनिवर्सिटी इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है, टीचिंग और वर्चुअल ओरिएंटेशन के लिए डिजिटल इंटीग्रेटेड सिस्टम प्रोग्राम चला रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि गोवा विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान के तहत पांच गांवों को गोद लिया है, जहां स्थिरता मॉडल को अपनाकर सीपियों और मशरूम की खेती की जा रही है।

## श्रीकांत शर्मा व सिद्धार्थनाथ सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी

- विंध्यवासिनी त्रिपाठी



- राजस्थान व छत्तीसगढ़ विस चुनाव को लेकर जताया दोनों नेताओं पर भरोसा
- योगी-दो कैबिनेट में नहीं मिली थी पहले कोई जगह

**नई दिल्ली,**23 अगस्त (देशबन्धु)। अपनी कार्यप्रणाली के चलते उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ पार्ट-दो सरकार में जगह न बना पाने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीकांत शर्मा और सिद्धार्थनाथ सिंह को भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। दोनों नेताओं को क्रमश: राजस्थान व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए मीडिया व सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि इस साल के आखिर में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसमे से छत्तीसगढ़ और राजस्थान दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले इन दोनों राज्यों की सत्ता पर फिर से काबिज होने के लिए पूरी ताकत झोक रही है। ऐसे में श्रीकांत शर्मा राजस्थान और सिद्धार्थनाथ सिंह को छत्तीसगढ़ में यह जिम्मेदारी सौंप पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इन दोनों नेताओं पर बड़ा भरोसा जताया है। राजस्थान में अब तक वैसे हर पांच साल बाद सत्ता बदलती रही है। लेकिन इस बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अगुवाई में कांग्रेस व भाजपा के बीच कड़े मुकाबले की संभावना जताई जा रही है। वहीं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार है और लगातार दूसरी बार सत्ता पर काबिज होने को लेकर आश्वस्त है। ऐसे में श्रीकांत शर्मा और सिद्धार्थनाथ पर भरोसा जताकर पार्टी ने उन्हें बड़ी चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। माना जा रहा है कि अगर वे अपनी इस जिम्मेदारी निभाने में सफल रहे तो मुख्यधारा की राजनीति में एक बार फिर से इन दोनों नेताओं की वापसी हो सकती है।

कवायद *चीन सीमा पर चीनी सेना की घुसपैठ पर नकेल कसेगी वायुसेना*

## न्योमा हवाई पट्टी को उन्नत करने की तैयारी पर चिढ़ा चीन

- सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,23 अगस्त (देशबन्धु)। चीन सीमा पर चीनी सेना की घुसपैठ के तीन सालों के अंतराल में कब्जे को हटाने की खातिर होने वाली 19 दौर की बातचीत में शामिल अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय वायुसेना पूर्वी लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी, फुक्चे व न्योमा में एडवांस लैंडिंग ग्राउंड भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए और बेहतर बना रही है और भारत की इस तैयारी से लाल सेना चिढ़ी हुई है।**

उसने इस पर 19वें दौर की बातचीत के दौरान आपत्ति भी जाहिर की है। इस समय पूर्वी लद्दाख में अपाचे अटैक हेलीकाप्टरों के साथ चिनूक हेलीकाप्टर, गरुड़ व एमआई हेलीकाप्टर दुश्मन पर कहर बरपाने को तैयार हैं।

वायुसेना के अधिकारियों का कहना है कि न्योमा इलाके में वायुसेना के लिए एडवांस लैंडिंग ग्राउंड बहुत महत्व रखती है। एलएसी के पास होने के कारण यह रणनीतिक रूप से अहम हैं। इससे लेह से एलएसी तक पहुंचने की दूरी कम हो जाती है। एलएसी तक साजो सामान व सैनिक पहुंचाना चंद मिनटों का काम है। भारत पूर्वी लद्दाख में दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ), फुकचे और न्योमा सहित कई विकल्पों पर विचार कर रहा है, जो चीन के साथ एलएसी से कुछ ही मिनटों की दूरी पर हैं।



- न्योमा में वायुसेना के लिए एडवांस लैंडिंग ग्राउंड रखता है महत्व

न्योमा एएलजी से अपाचे हमले के हेलीकाप्टरों, चिनूक हेवी-लिफ्ट हेलीकाप्टरों और एमआई-17 हेलीकाप्टरों से गरुड़ स्पेशल फोर्स का संचालन भी किया जा रहा है। दरअसल एलएसी के निकट होने के कारण न्योमा एएलजी का सामरिक महत्व है। यह लेह हवाई क्षेत्र और एलएसी के बीच महत्वपूर्ण अंतर को पाटता है, जिससे पूर्वी लद्दाख में जवानों और सामग्री की त्वरित आवाजाही को सक्षम बनाता है, जिससे इलाके की कठिनाइयों को पार किया जा सके।

वरिष्ठ अधिकारियों का कहना था कि एएलजी को जल्द ही लड़ाकू विमानों के संचालन के लिए अपग्रेड किया जा रहा है क्योंकि अधिकांश आवश्यक मंजूरी और अनुमोदन पहले ही आ चुके हैं। योजना के अनुसार, नए हवाई क्षेत्र और सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण सीमा सड़क संगठन द्वारा किया जाएगा।

इस क्षेत्र से लड़ाकू विमानों के संचालन की क्षमता से वायु सेना की विरोधियों द्वारा किसी भी दुस्साहस से तेजी से निपटने की क्षमता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी के बाद पूर्वी लद्दाख सेक्टर में निर्माण कार्य का उद्घाटन जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। लद्दाख में 646 किमी लंबी सीमा पर चीन की ओर से लगातार बढ़ रहे सैन्य दबाव के बीच भारत ने वर्ष 2008 की 31 मई को लद्दाख क्षेत्र में एलएसी से महज 23 किलोमीटर दूर अपनी एक और हवाई पट्टी खोली थी।

इससे पहले वर्ष 2009 में मई तथा नवम्बर महीने में उसने दो अन्य हवाई पट्टियों को खोल कर चीन को चिढ़ाया जरूर था।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# चंद्रयान-3 भारत के लिए शुरुआत : आतिशी



■ अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में की जा रही उल्लेखनीय प्रगति पर की चर्चा

**नई दिल्ली,**23 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के साथ भारतीय के इतिहास में बुधवार को एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कौटिल्य सर्वोदय को-एड विद्यालय, चिराग दिल्ली में छात्रों के साथ चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने का सीधा प्रसारण देखा। और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत द्वारा साल दर साल की जा रही उल्लेखनीय प्रगति पर चर्चा की।

शाम 6:04 बजे जैसे ही रोवर विक्रम ने चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की तो पूरा हॉल खुशी से झूम उठा और भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा। इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज का दिन भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ने ये साबित कर दिया है कि भारत किसी से कम नहीं है, और अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में कई विकसित देशों को पछाड़ते हुए हम बहुत आगे खड़े है।

उन्होंने कहा कि आज की इस उपलब्धि के पीछे हमारे वैज्ञानिकों की दिन-रात की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता है। भारत ने अपने पहले उपग्रह आर्यभट्ट से लेकर चंद्रयान-3 तक एक लम्बा सफर तय किया है। और शानदार सफलताएं हासिल की है। आज भी हमने जो उपलब्धि हासिल की ये असाधारण उपलब्धि हमारे युवाओं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा के रूप में काम करेगी, और उनके अन्दर विज्ञान को लेकर और आकर्षण पैदा करेगी। छात्रों के साथ बातचीत करते हुए, मंत्री आतिशी ने इस उपलब्धि के महत्व और भारत के वैज्ञानिक क्षेत्र पर इसके गहरे प्रभाव पर जोर दिया।

उन्होंने कहा की आज हमारे छात्रों ने इतिहास बनते देखा है। यह उपलब्धि उनमें देश के बेहतर भविष्य के लिए और शानदार व इनोवेटिव संभावनाओं को तलाशने के मौके देगा और उन्हें विज्ञान-प्रोद्योगिकी व अनुसन्धान के क्षेत्र में देश के लिए नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा।

## चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ऐतिहासिक : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए इसरो को बधाई दी। बुधवार शाम को भारत के मून मिशन चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर अपने निर्धारित समय पर सफलापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग कर ली। इसके साथ भारत चांद पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ये ऐतिहासिक है। देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। हम सबके लिए गर्व की बात है। चंद्रयान-3 की सफलता के लिए सभी देशवासियों, इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियर और कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई। भारत माता की जय। सीएम केजरीवाल ने इसरो का एक ट्वीट भी संलग्न किया, जिसमें लिखा था- चंद्रयान-3 मिशन भारत, मैं अपनी मंजिल तक पहुंच गया और आप भी! चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग हो गई है! बधाई हो, भारत। बता दें कि 40 दिनों से अधिक समय तक लगभग 3.84 लाख किमी की यात्रा करने के बाद लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। लैंडिंग के साथ, 615 करोड़ रुपये के चंद्रयान -3 मिशन का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो गया है।

## फिल्म गदर-2 की सफलता का मनाया गया जश्न



**नई दिल्ली,**23 अगस्त (देशबन्धु)। फिल्म गदर 2 की सफलता के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह शाम गदर 2 के कलाकारों के साथ एक शानदार शाम थी। इस कार्यक्रम में अभिनेता उत्कर्ष शर्मा, अभिनेत्री सिमरत कौर, मनीष वादवा, रोहित चौधरी और फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रसिद्ध पंजाबी गायक दिलबाग सिंह ने सभी मेहमानों के सामने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि जब हम गदर 2 की शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए इकट्ठे होते हैं, तब हम महान सुलक्षणा मोंगा के साथ भी खड़े होते हैं। यह आयोजन दो कलात्मक दुनियाओं गदर एक प्रेम कथा में दर्शाए गए कालातीत प्रेम और सुलक्षणा मोंगा की चिरस्थायी कलात्मकता का मिश्रण है। गदर एक ऐसी कथा है जो सुलक्षणा मोंगा की कलात्मकता की स्थायी विरासत की तरह पीढ़ियों की सीमा के पार जाती है, और जिसे उनके प्रतिभाशाली बेटों, पोरस मोंगा और ध्रुव मोंगा ने प्यार से आगे बढ़ाया है।

## महिला ने डिलीवरी बॉय पर चाकू से किया हमला

### पुलिस पर भी लात-घूंसों से हमला किया



**नई दिल्ली,**23 अगस्त (देशबन्धु)। द्वारका इलाके में महज पता पूछने पर एक महिला ने ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय पर चाकू से हमला कर दिया। उसने युवक पर चाकू के कई वार किए। पीड़ित ने किसी तरह भागकर जान बचाई। सूचना पर पहुंचे पीसीआर कर्मियों ने महिला से चाकू छीना तो वह डंडा उठाकर पीसीआर और दूसरी गाड़ियों पर मारने लगी। उसने पीड़ित की स्कूटी भी तोड़ दी। थाने से महिला स्टाफ मौके पर पहुंचा तो आरोपी ने महिला सिपाही पर भी लात-घूंसों से हमला कर दिया। इससे वह जख्मी हो गई। इसके बाद किसी तरह महिला को काबू कर थाने लाया गया। उसके खिलाफ सरकारी काम में बाधा, ड्यूटी के दौरान हमला, मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। पता चला कि महिला डिप्रेशन का शिकार है। वारदात 18 अगस्त को डीडीए गोल्फ लिंक अपार्टमेंट में हुई। गोलू कुमार नामक युवक सामान की डिलीवरी करने अपार्टमेंट में पहुंचा था। अंदर पहुंचने के बाद उसने आरोपी महिला से पता पूछ लिया।

इसी बात पर महिला उससे बहस करने लगी। कुछ देर बाद महिला ने रसोई वाला चाकू निकालकर गोलू पर हमला कर दिया। उसके पेट, हाथ और चेहरे पर चाकू मारे। वह किसी तरह जान बचाकर भागा। महिला ने गोलू की स्कूटी गिराकर उसकी हेड लाइट तोड़ दी। पीसीआर पर तैनात जवानों ने किसी तरह महिला से चाकू छीन लिया। इसके बाद आरोपी महिला ने एक डंडा उठाकर पीसीआर व निजी गाड़ियों पर मारना शुरू कर दिया।

## सार संक्षेप

### संगीत-प्रेमियों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो रहे हैं आईकूडू के प्रोडक्ट्स

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में लॉन्च होने के कुछ दिन बाद से ही इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड आईकूडू के दोनों प्रोडक्ट आईकूडू बड्स वन और बड्स जेड, शानदार साउंड क्वालिटी, नवीनतम डिजाईन और किफायती दामों में उपलब्ध होने के कारण तेज़ी से लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। आईकूडू के रीजनल हेड ने ब्रांड की इस सफलता पर कहा की हमारा उद्देश्य संगीत के प्रति रूचि रखने वाले वर्ग को बेहतर अनुभव प्रदान कराना है, और इसके लिए हमने लेटेस्ट साउंड तकनीक और फीचर से लैस प्रोडक्ट्स बाजार में उतारे हैं। हमारे प्रोडक्ट्स संगीत प्रेमियों को हाई क्वालिटी म्यूजिक एक्सपीरियंस प्रदान करते हैं वह भी किफायती दाम में। इसी कारण हमारे प्रोडक्ट्स बहुत कम समय में लोकप्रिय हो रहे हैं और उनका पॉजिटिव रिस्पोंस हमें भविष्य में और भी नये और बेहतर उत्पाद बाजार में उतारने के लिए प्रेरित करेंगे।

### कुशल कार्यबल की उद्यमिता को विकसित करने के लिए सहयोग

**नई दिल्ली।** भारत की पहली लिबरल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में स्टेम के पहले बैच के दीक्षांत समारोह की घोषणा की है। यह एक उद्यम विकास कार्यक्रम है जोकि कुशल युवाओं को उद्यमिता में प्रशिक्षित करता है और उनके कौशल को निखारता है। विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने भारत के कुशल कार्यबल की उद्यमिता को विकसित करने के लिए सिडबी के साथ हाथ मिलाया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, विभिन्न क्षेत्रों में कुशल युवा भारतीयों को उद्यमशीलता का प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराना है। इस मौके पर अपनी बात रखते हुए, संजय पडोडे, प्रेसिडेंट, विजयभूमि यूनिवर्सिटी का कहना है, यह यूनिवर्सिटी सामाजिक रूप से सतर्क और हमेशा नौकरी योग्य पेशेवर, तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए साझेदारी

**नई दिल्ली।** हेल्थ फाइनैंसिंग स्टार्टअप केनको हेल्थ ने टाटा 1 एमजी के साथ सामरिक साझेदारी की घोषणा कर हेल्थकेयर उद्योग में उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है। देश भर में लाखों लोगों के लिए स्वास्थ्यसेवाओं को सुलभ एवं किफ़ायती बनाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है, जिससे 20,000 से अधिक पोस्टल कोड्स तक स्वास्थ्य सेवाओं की तीव्र एवं सहज डिलीवरी को सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस अवसर पर निखिल बेहेरा, हैड- बिज़नेस ऑपरेशन्स, केनको हेल्थ ने कहा की टाटा 1एमजी के साथ साझेदारी स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। साझेदारी के बारे में बात करते हुए अम्बरीश मंडेलिया, एसवीपी, हैड ऑफ कॉर्पोरेट हेल्थ एण्ड वैलनैस, टाटा 1एमजी ने कहा की टाटा 1 एमजी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि देश भर में हर किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स को सुलभ और किफ़ायती बनाया जा सके।

### यौन उत्पीड़न करने के आरोप में डीटीसी बस का कंडक्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक बस के कंडक्टर को कथित तौर पर एक महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने कथित तौर पर महिला की तस्वीरें खींची थीं और वीडियो भी बनाया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, तिमारपुर पुलिस स्टेशन को एक शिकायत मिली थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा था कि वह पिछले दो साल से उसी इलाके में रहती है और वहीं उसकी मुलाकात आरोपी डीटीसी बस कंडक्टर से हुई थी। महिला, जो डीटीसी में भी काम करती थी, ने पुलिस को बताया कि 2017 में एक बच्चे को जन्म देने के बाद उसने नौकरी छोड़ दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर), सागर सिंह कलसी ने कहा कि घटना के दिन आरोपी प्रसाद लेकर महिला के घर गया और उससे कहा कि वह उसे डीटीसी में नौकरी दिला सकता है।

## दिल्ली नाबालिग रेप केस में दंपति को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा



■ आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम व भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज

**नई दिल्ली,**23 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी।

प्रेमोदय खाखा पर 16 साल की लड़की से कथित तौर पर कई बार बलात्कार का आरोप है। मामले में प्रेमोदय खाखा की पत्नी भी आरोपी है, जिसने नाबालिग को गर्भावस्था समाप्त करने के लिए दवाई दी थी। एक दिन की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर आरोपियों को तीस हजारी अदालत की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) ऋचा परिहार के समक्ष पेश किया गया था। इससे पहले प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी सीमा रानी को ड्यूटी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कात्यायिनी शर्मा कंडवाल के समक्ष अलग-अलग पेश किया गया, जिन्होंने दोनों को मंगलवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोमवार को दिल्ली पुलिस ने दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में उप निदेशक के पद से निलंबित 51 वर्षीय प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी को उनके आवास पर कई घंटों तक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार किया था। आरोपी दंपत्ति बुराड़ी इलाके के शक्ति एन्क्लेव के रहने वाले हैं। आरोपी ने कथित तौर पर 2020 और 2021 के बीच पीड़िता से बार-बार बलात्कार किया। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि आरोपी अपने दोस्त की नाबालिग बेटी के साथ महीनों तक बलात्कार करता रहा।

इस दौरान पत्नी ने भी कथित तौर पर उसकी मदद की। पुलिस सूत्र ने कहा कि चूंकि उसकी पत्नी ने भी इस कृत्य में साथ दिया और पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी, इसलिए हमने उसकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर में धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) जोड़ दी है। सूत्र के मुताबिक सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब पीड़िता गर्भवती हो गई, तो उसे आरोपी ने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।



■ नई दिल्ली में बुधवार को हुई झमाझम बारिश के बीच छाता लेकर अपने गंत्वय को जाता युवक। राजधानी में बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। फोटो इम्तियाज खान

## नव नियुक्त प्रधानाचार्य का शमां एनजीओ व जाफराबाद आरडब्लूए ने किया स्वागत



**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। राजकीय बाल विद्यालय सेकंड शिफ्ट जाफराबाद दिल्ली के नव नियुक्त प्रधानाचार्य तस्लीम अहमद का शमां एजुकेशनल एंड पॉलिटेक्निक सोसायटी व जाफराबाद आरडब्लूए के सदस्यों ने भव्य रूप से स्वागत किया। संस्था के महासचिव डॉक्टर फहीम बेग ने नव नियुक्त प्रधानाचार्य तस्लीम अहमद के समक्ष विद्यालय से संबंधित प्रस्ताव रखते हुए कहा की जफराबाद क्षेत्र में जिस प्रकार से शिक्षा को लेकर आम लोगों में दिलचस्पी कम देखी जाती है जिस कारण यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों में भी शिक्षा के प्रति रुचि कम देखने को मिल रही है, इसके अतिरिक्त समाज में फैल रहे नशे और अपराध में संलिप्ता से दूर रखने हेतु हम स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर समय-समय पर नशा मुक्ति व उसके बुरे प्रभाव को बताने हेतु एक वर्कशॉप करके बच्चों को जागृत करना चाहते हैं। संस्था के सदस्य है डॉ.खुर्शीद आलम ने तस्लीम अहमद का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब आपके साथ हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर खुर्शीद आलम ,डॉक्टर फहीम बेग, सादिक अली, मोहम्मद साबिर, नासिर हुसैन, इकराम, अतीक कुरैशी, मोहम्मद अबू कमर, मोहम्मद अनीस, आसिफ इद्रीसी, गुड्डू मलिक, रियाज उल हसन,नावेद अहमद, हाजी शमीम आदि उपस्थित रहे।

## सूर्या फाउण्डेशन ने किया सेमिनार आयोजित



**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। सूर्या फाउण्डेशन द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर सेमिनार का आयोजन कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों के बस्ते का वजन कम करना और शिक्षा को हर वर्ग तक कैसे पहुंचाएं, पर चर्चा करना था। सूर्या फाउण्डेशन के चेयरमैन पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल का विचार रहा है कि बच्चों के बस्ते का बोझ और मानसिक तनाव कम किया जाए। उनकी प्रेरणा से सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चलाए जा रहे 'शिक्षा थिंक टैंक' के माध्यम से सभी विषयों को समेकित कर 'एक कक्षा-एक किताब ऑल-इन-वन', सूर्य भारती पुस्तकें बनाई गई। प्रो. एच.एल शर्मा की अगुवाई में देश के जाने-माने शिक्षाविदों-प्रो. चंद्रभूषण, गंगादत्त शर्मा, प्रभाकर द्विवेदी, शांति स्वरूप रस्तोगी, टी.आर. गुप्ता, डॉ. गुज्जरमल वर्मा, प्रो. डी.पी. नय्यर जैसे अनेक विषय विशेषज्ञों ने कई वर्षों की कठोर मेहनत करके ये पुस्तकें बनाई। इन पुस्तकों में शिक्षण की सभी बातों का ध्यान रखा गया है। खेल-खेल में पढ़ाई कैसे कराई जा सकती है, इस विषय पर विशेष बल दिया गया है। इस अवसर पर एस.सी.ई.आर.टी, डाइट दिल्ली, दिल्ली विश्वविद्यालय, कालिंदी महाविद्यालय दिल्ली, नैशनल यूथ नेटवर्क, नेपाल भारती मिथाई संगठन, जगतगुरु रामभद्रचार्य ट्रस्ट समेत कई शिक्षण संस्थाओं से आए शिक्षाविद और सूर्या फाउण्डेशन के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से देशभर में जश्न का माहौल : रामदास



**नई दिल्ली,**23 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 की गत बुधवार शाम 6:04 बजे चंद्रमा पर लैंडिंग हो गई। पूरा विश्व इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना। चांद पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग से देशभर में जश्न का माहौल है यह कहना है दिल्ली भाजपा के व्यापार प्रकोष्ट के सह संयोजक रामदास मलिक आरडी मलिक का। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की सफलता पर सभी वैज्ञानिकों एवं देशवासियों को बधाई देते हुए कहा लैंडिंग की सफलता से प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने के साथ ही भारत विश्व का पहला देश बन गया है जिसकी लैंडिंग चंद्रमा के दक्षिणी पोल (साउथ पोल) पर होगी। अभी तक कोई भी देश ये उपलब्धि हासिल नहीं कर सका है। ऐसे में इस ऐतिहासिक क्षण को लेकर पूरा देश गौरवान्वित और उत्साहित है। देश के हर नागरिक के लिए ये गर्व की बात है कि चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चांद पर उतर गया है।

**आयोजन** *गुमनाम नायकों की याद में संगीतमय कार्यक्रम आयोजित*

## कलाकारों ने संगीत प्रतिभा से दर्शकों का मन मोहा

**नई दिल्ली,23 अगस्त (देशबन्धु)। हमारे देश की बहादुरी से रक्षा करने वाले गुमनाम नायकों की याद में तबला विजार्ड पंडित चतुरलाल मेमोरियल सोसाइटी ने दिल्ली के कमानी सभागार में एक भावपूर्ण संगीतमय शाम 'अमर ज्योति' का आयोजन किया। इस सुरीली संगीतमय शाम की विधिवत शुरुआत कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि सेनाध्यक्ष वायुसेना प्रमुख विवेक राम चौधरी एवं वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर की। सोसाइटी द्वारा आयोजित सुरीली शाम की महफिल में श्रद्धेय कलाकारों ने बहुमुखी संगीत प्रतिभा से मनमोहक प्रस्तुतियां दीं और दर्शकों को अविस्मरणीय अनुभव दिया।**

■ बांसुरी वादक पं.हरि प्रसाद चौरसिया ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को किया भावविभोर



इस अवसर पर प्रतिष्ठित बांसुरी वादक पं.हरि प्रसाद चौरसिया ने देबोप्रिया राणादिवे, वैष्णवी और प्रख्यात तबला वादक उस्ताद राशिद मुस्तफा थिरकवा के साथ मंच की शोभा बढ़ाई। उन्होंने बांसुरी पर अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

प्रांशु चतुरलाल के कलात्मक सहयोग से मोहन वीणा पर पंडित विश्वमोहन भट्ट और सात्विक वीणा पर पंडित सलिल भट्ट की जुगलबंदी ने दर्शकों को अपनी जादूमय प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस संगीतमय श्रद्धांजलि पर अपने विचार साझा करते हुए, पंडित चतुरलाल महोत्सव की कलात्मक निदेशक और प्रसिद्ध तबला वादक पंडित चतुरलाल की पोती श्रुति चतुर लाल शर्मा ने कहा कि हमने मधुर स्वर और लय द्वारा निर्देशित, स्मरण और कृतज्ञता की यह यात्रा शुरू की है।

इस संगीतमय परियोजना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उन गुमनाम योद्धाओं, नायकों की कहानियों और संगीत के प्रभाव के बीच एक स्थायी संबंध बनाना है। तबला वादक प्रांशु चतुरलाल ने कहा की इस संगीतमय शाम अमर ज्योति का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। यह श्रद्धांजलि उन गुमनाम सैनिकों की भावनाओं को समर्पित है जिन्होंने अपनी जान दे दी, ठीक उसी तरह जैसे तबले की लय धुन को समर्पित होती है।

## एम्पवर्स व डीएमआई ने आईपी कॉलेज राइवल्स को लाने के लिए किया सहयोग

**नई दिल्ली,**23 अगस्त (देशबन्धु)। एशिया के गेमिंग समुदायों और आईपी के अग्रणी पारिस्थितिकी तंत्र, एम्पवर्स ने भारत में ईस्पोर्ट्स के विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी डीएमआई फाइनेंस के साथ सहयोग किया है। दोनों कंपनियां भारत में गेमर्स के लिए ईस्पोर्ट्स बौद्धिक संपदा आईपी और डेटा-संचालित उत्पादों एवं सेवाओं की एक श्रृंखला तैयार करेंगी और लॉन्च करेंगी।

लॉन्च होने वाला पहला आईपी कॉलेज राइवल्स है।एम्पवर्स के सीएसओ, चार्ली बैली ने इस नए उद्यम के बारे में अपना उत्साह साझा किया, मुझे भारत में एम्पवर्स डीएमआई के पहले सहयोग के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो देश के तेजी से बढ़ रहे ईस्पोर्ट्स और गेमिंग सेक्टर की विशाल क्षमता को पोषित करने और उन्हें उपयोग में लाने के लिए साझा दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित है। डीएमआई और एम्पवर्स दोनों टीमों के व्यापक रणनीतिक प्रयास हमारे रोमांचक पहले नए उद्यम में परिणत हुए हैं, जो असाधारण गेमिंग अनुभव और भारतीय कॉलेज ईस्पोर्ट्स समुदाय के भीतर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा की पहचान करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए समर्पित है। डीएमआई फाइनेंस के सह-संस्थापक और संयुक्त प्रबंध निदेशक शिवाशीष चटर्जी कहते हैं, की हम एम्पवर्स के साथ डीएमआई की साझेदारी के पहले उत्पाद के रूप में कॉलेज राइवल्स को लॉन्च करके रोमांचित हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि ईस्पोर्ट्स भारत में प्रतिस्पर्धी और दर्शक दोनों खेलों के भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन की मुख्यधारा में ईस्पोर्ट्स की यात्रा उत्साहजनक होने का वादा करती है, और डीएमआई इस विकास को पूरी तरह से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"कुशल टीम वर्क और मरीज के समग्र अच्छे स्वास्थ्य के कारण सर्जरी हाथ को बचाने में सफल रही। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। फिजियोथेरेपी के जरिये मरीज का हाथ अब धीरे-धीरे सही काम कर रहा है। मरीज को फिजियोथेरेपी की सलाह दी गई है:- **डॉ. ललित व डॉ. केशव**

# रिमझिम बारिश से मौसम सुहावना

## लोगों को उमस से मिली राहत, एयर क्वालिटी इंडेक्स 70 पहुंचा



**नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा में सुबह से आकाश में काले घने बादल छाए है। यहां रुक रुक कर तेज और हल्की बारिश हो रही है। बारिश ने लोगों को भीषण उमस से राहत दी है। बुधवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की उम्मीद है। वहीं बारिश के दौरान सुबह 9 बजे का तापमाल 28 डिग्री सेल्सियय रिकार्ड किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान एनसीआर में मंद गति से हवाएं चली हैं जिससे लोगों को गर्मी और उमस से थोड़ी राहत मिली। बारिश की वजह से लोगों को जाम का समाना करना पड़ रहा है।

अगस्त में चार साल बाद तापमान 38.1 डिग्री को छू गया। यह सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। आईएमडी के मुताबिक नोएडा में 12 घंटे तक बारिश का अनुमान है। इसके बाद बादल और धूप का सिलसिला रहेगा। अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक रहेगा। यानी बारिश के बाद एक फिर लोगों को तेज गर्मी और उमस झेलनी पड़ेगी। वही नमी की मात्रा 95 प्रतिशत और हवा की रफ्तार 5 से 6 किमी प्रतिघंटा रिकार्ड की जा रही है।

### पीक आवर में लगा जाम

बारिश की वजह से नोएडा की प्रमुख सड़को पर ट्रैफिक थोड़ा स्लों रहा। इसमें डीएससी रोड, एमपी-1 रोड, चिल्ला एलिवेटड से महामाया फ्लाईओवर, सेक्टर-79 की ओर सड़क के अलावा ग्रेनो वेस्ट में एक दो जगह जाम लगा। हालांकि ट्रैफिक विभाग ने जाम को खुलवाया। नोएडा में अधिकांश मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस अलर्ट पर रही।

### बारिश से साफ हुई नोएडा की हवा

बारिश की वजह से नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स 70 रिकार्ड किया गया। अलग - अलग सेक्टरों को देखे तो सेक्टर-125 में 67, सेक्टर-62 में 93, सेक्टर-1 में 57 और सेक्टर-116 में 62 रिकार्ड किया गया। वहीं जहरीली गैसों की मात्रा भी कम हुई है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

# दो युवकों को गाड़ी में अगवा कर सात लोगों ने पीटा

**नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। फेज दो थाने में एक व्यक्ति ने सात लोगों पर उसके भाई का अपहरण करने और मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अगवा युवक ईंट गाड़ी पर मजदूरी करता था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 20 अगस्त को ही उसने फेज दो थाने की पुलिस को घटना की जानकारी दे दी पर पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और न ही कोई कार्रवाई की। इकोटेक थानाक्षेत्र स्थित अलवर्दीपुर गांव निवासी समयदीन ने शिकायत में बताया कि उसका भाई सलाउद्दीन व रफाकत ईंट ढोने वाली गाड़ी पर काम करते हैं। 18 अगस्त को शाम साढ़े छह बजे के करीब सलाउद्दीन व रफाकत जब काम पर जाने की तैयारी कर रहे थे तभी नया गांव में राजू, सद्दाम, आमिर, बादशाह, मुस्ताक, समीर उर्फ याकूब, शौकीन पहुंचे और मारपीट करते हुए दोनों को जबरन अपनी गाड़ी में डाल लिया। आरोपियों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर जबरन दोनों को गाड़ी में बिठाया था। विरोध करने पर दोनों को पूरे रास्ते पीटा। हालत खराब होने पर अगवा हुए दोनों युवकों को आरोपियों ने अलग-अलग गाड़ी में बिठा लिया। आरोपी घटना के समय नशे की हालत में थे। रफाकत की हालत ज्यादा बिगड़ने पर आरोपियों ने उसे रास्ते में छोड़ दिया और सलाउद्दीन को लेकर कहीं चले गए। अभी तक सलाउद्दीन के बारे में परिवार को जानकारी नहीं है। शिकायतकर्ता के मुताबिक बदमाशों के चंगुल से छूटे रफाकत ने 20 अगस्त को थाना फेस-2 पहुंचकर पुलिस को आपबीती बताई लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और कोई कार्रवाई नहीं की। समयदीन के मुताबिक आरोपी हफ्ता वसूली, हत्या व फिरौती मांगने जैसे संगीन अपराधों में कई बार जेल जा चुके हैं। उसने अपने भाई की जान को खतरा बताते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। एसीपी रामकृष्ण तिवारी ने बताया कि पीड़ित के भाई की शिकायत पर सातों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# फैक्ट्री में पाइप फटने से दो श्रमिकों की मौत, एक घायल

- गंभीर रूप से घायल एक कामगार निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती
- फैक्ट्री मालिक,एच एडमिन समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज

**नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर 81 स्थित स्पेयर्स पार्ट्स बनाने वाली फैक्टरी में प्रेशर पाइप फटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान दो श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य कामगार का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल आईसीयू में भर्ती है और उसकी भी हालात गंभीर बताई जा रही है। मृतक पक्ष की ओर से मिली शिकायत पर पुलिस ने संबंधित कंपनी के मालिक, एचआर एडमिन सहित अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार को मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। एडिशनल डीसीपी राजीव दीक्षित ने बताया कि मंगलवार शाम चार बजे के करीब स्पेयर्स पार्ट्स बनाने वाली फैक्टरी में प्रेशर पाइप फटने से तीन कामगार गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान एटा निवासी मनोज कुमार और धूम मानिकपुर निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग ईश्वर दत्त शर्मा की मौत हो गई। हरियाणा निवासी घायल राजवीर का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। तीनों कामगार रोजाना की तरह काम पर गए थे और पांच बजे वहां से बाहर निकलने वाले थे तभी धमाका हो गया। आसपास की कंपनियों में भी इस दौरान भगदड़ मची रही। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। तथा पुलिस की टीम घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि इस घटना में फैक्ट्री मालिकों, प्रबंधकों तथा कर्मचारियों की कितनी गलती है अथवा यह मात्र एक दुर्घटना है।

### काम देखने गए थे बुजुर्ग

हादसे में जान गंवाने वाले 60 वर्षीय ईश्वर दत्त शर्मा कंपनी में सीनियर थे और लंबे समय से वहां काम कर रहे थे। वह मनोज और राजवीर समेत अन्य का काम देखने के लिए पहुंचे थे, उसी दौरान हादसा हो गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रेशर डालकर जब लीकेज को चेक किया जा रहा था तभी उसके आगे का चक्कानुमा हिस्सा फट गया और धमाके से तीनों उसकी चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी होते ही एडिशनल डीसीपी समेत अन्य अधिकारी पुलिसबल के साथ संबंधित कंपनी और अस्पताल पहुंचे। मृतकों के परिवार वालों ने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।

## सार संक्षेप

### बाइक सवार बदमाशों ने युवती का आइफोन लूटा

**नोएडा।** सेक्टर-101 के पास हाईस्पीड बाइक सवार बदमाशों ने एक युवती का आईफोन लूट लिया और धक्का देकर फरार हो गए। बदमाश युवती का जो मोबाइल छीन कर ले गए हैं उसमें कई कीमती दस्तावेज भी थे। सेक्टर-49 पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-78 निवासी तमन्ना ने बताया कि वह गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में काम करती हैं। वहां से ड्यूटी समाप्त करने के बाद युवती जब घर लौट रही थी तभी सेक्टर-101 के पास हाईस्पीड केटीएम बाइक पर सवार होकर दो बदमाश पीछे से आए और उसे धक्का देकर आईफोन लूट लिया। घटना के बाद युवती के शोर मचाने पर घटनास्थल पर आसपास के लोग जमा हो गए। तबतक बदमाश फरार हो चुके थे। महिला ने मामले की ऑनलाइन शिकायत की पर वह रिजेक्ट हो गई। इसके बाद युवती ने संबंधित थाने में मामले की शिकायत की। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

### 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना क्रासिंग रिपब्लिक पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 25 हजार रूपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी परमाल निवासी ग्राम सुखदेवपुर थाना धौलाना जिला हापुड हाल पता बम्हेटा थाना वेवसिटी है। उसे रिछपाल गढ़ी की पुलिया के पास थाना क्रोसिंग रिपब्लिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। एसीपी क्रासिंग रिपब्लिक ने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी कागजात तैयार कराकर भू-खण्डों का बैनामा अपने नाम कराकर षडयन्त्र कर लोगो के साथ धोखाधड़ी कर अवैध रुप से लाभ अर्जित करता है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना विजयनगर पर धोखाधड़ी से सम्बन्धित 03 अभियोग व थाना क्रासिंग रिपब्लिक पर गैंगस्टर एक्ट का 01 अभियोग पंजीकृत है ।

# चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद गाजियाबाद में जश्न का माहौल

## आतिशबाजी छोड़कर व मिठाई खिलाकर दी एक दूसरे को बधाई







**गाजियाबाद,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद जहां भारत में पूरे विश्व में अपनी सफलता का परचम लहरा दिया है वही दिल्ली से सटे गाजियाबाद में लैंडिंग की सफलता के बाद जश्न का माहौल है लोग एक दूसरे को इस महान सफलता की बधाई दे रहे हैं इससे पहले ज्यादातर लोगों ने बड़ी स्क्रीन लगाकर अपने संस्थानों या आवास पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण देखा जैसे ही चंद्रयान-3 की लैंडिंग सफल हुई वैसे ही लोग झूम उठे और एक दूसरे को जमकर बधाई दी लोगों ने फोन पर व्हाट्सएप पर सोशल मीडिया पर भी इस महान सफलता पर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और इसरो के वैज्ञानिकों को भी इसके लिए बधाई दी गई देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस कामयाबी के लिए लोगों ने अपनी तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित की।

आज भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर के कार्यालय पर जश्न मनाया गया तथा वहां पर मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी तथा सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी महानगर अध्यक्ष भाजपा संजीव शर्मा ने बताया आज भारत निवासियों ने विश्व गुरु बनने की तरफ एक कदम बढ़ाया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि देश मोदी जी के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन तरक्की करता जा रहा है आज की सफलता से प्रत्येक देशवासियों का हृदय गर्व से भर गया भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की तथा मिठाइयां भी एक दूसरे को खिलाई तथा तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय के नारे भी लगाए इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री सुशील गौतम पप्पू पहलवान संजयकांत शर्मा प्रदीप चौधरी संदीप पाल सौरभ चतुर्वेदी कुलदीप त्यागी श्याम शर्मा अंकुश अरोड़ा कामेश्वर त्यागी लीलू प्रधान राहुल शर्मा समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला कार्यालय कवि नगर में बड़ी स्क्रीन लगाकर चंद्रयान 3 के सफल लेंडिंग को जयहिंद वंदे मातरम देश के वैज्ञानिकों की जय के नारे के बीच देखा। दक्षिणी ध्रुव पर पहला देश होने के एतिहासिक अवसर पर पूरे विश्व में भारत का नाम ऊंचा करने पर सभी ने आपस में मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। भारत के वैज्ञानिकों को नमन किया प्रणाम किया धन्यवाद दिया तथा पूरे संसार में भारत का नाम रोशन होने के लिए बधाई दी शुभकामना दी और भविष्य में भी निरंतर भारत की प्रगति और उन्नति की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल सदस्य रेलवे बोर्ड संदीप त्यागी रसम पंडित अशोक भारतीय आदि उपस्थित रहे, साहिबाबाद के शहीद नगर में भी आएआईएम के जिलाध्यक्ष पंडित मनमोहन गामा में तिरंगा फहराकर जश्न मनाया। इस दौरान। भारत माता की जयए वंदेमातरम का उद्घोष किया गया।

# आईटी और आईटीईएस भूखंडों को किराए पर दिया जाएगा

- इसके लिए एसीईओ की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाएगा
- ये रिपोर्ट तैयार कर सीईओ को देंगे

**नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। आईटी-आईटीईएस भूखंडों को किराये पर देने के लिए नोएडा प्राधिकरण में एसीईओ की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी भूखंडों पर किराये पर देने के मानक तय करेगी। हालांकि कमेटी में कौन-कौन होगा इसे अभी तय नहीं किया गया है। ये कमेटी तय करेगी कि आईटी और आईटीईएस के आवंटी अपने कुल एरिया का कितने हिस्सा किराए पर दे सकते है। उसके लिए आवंटी को प्राधिकरण में उन्हें सालाना कितना रुपए जमा करना होगा। ये रिपोर्ट एफएआर और ग्रांउड एरिया के अनुसार तय होगी। इसकी रिपोर्ट तैयार कर सीईओ को दी जाएगी। हालांकि ये प्रस्ताव 210वी बोर्ड में रखा गया था। लेकिन तैयारी पूरी नहीं होने से इसे अब आगामी बोर्ड में प्रस्तुत किया जाएगा। शहर में अभी तक औद्योगिक भूखंडों को किराये पर दिए जाने का नियम है, लेकिन संस्थागत भूखंडों को किराये पर देने का कोई नियम नहीं है। इन भूखंडों को भी अलग-अलग हिस्से में किराये पर देने के लिए बीते दिनों बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया था। बैठक में चर्चा हुई कि किराये पर देने का नियम किस भूखंड आकार पर लागू किया जाए। कई मुद्दों पर बात हुई, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण के चेयमरैन मनोज कुमार सिंह ने एसीईओ की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि कमेटी भूखंडों को किराये पर देने के नियम तय करेगी। इसके बाद इस प्रस्ताव को अगली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

# दो घंटे की सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने कुचल चुके हाथ को किया ठीक







## सर्जरी के बाद अब फिजियोथेरेपी के जरिए हाथ में लाया जा रहा मूवमेंट

**नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। सड़क हादसे में घायल होने के बाद एक मरीज का हाथ खराब होने से डॉक्टरों ने बचा लिया। 34 वर्षीय मरीज का बायां हाथ सड़क हादसे में दर्दनाक कट गया था। मरीज को एक गंभीर दुर्घटना के बाद जेवर सीएचसी से फेलिक्स अस्पताल सेक्टर 137, नोएडा लाया गया था। डॉक्टरों का कहना है कि एक सड़क दुर्घटना में मरीज का हाथ कुचल गया था। जिससे हाथ की छोटी हड्डियों और कलाई के जोड़ के पास गंभीर चोट लग गई थी। डॉ. ललित अग्रवाल (प्लास्टिक सर्जन) और डॉ. केशव गोयल (ऑर्थोपेडिक सर्जन) के नेतृत्व में ट्रॉमा टीम के डॉक्टरों ने समय पर जांच और इलाज की मदद से मरीज की जान बचाने में कामयाबी पाई है। क्योंकि दुर्घटना के बाद जब मरीज को पीएचसी ले जाया गया था तो उनकी स्थिति में गंभीरता थी। मरीज का हाथ और हथेली लटकी हुई थी। मरीज के हाथ और कलाई के पास चोट लगने से फ्रैक्चर भी हुआ था। मेडिकल टीम ने जांच के दौरान पाया कि मरीज की हालत गंभीर है। जिसके लिए तत्काल सर्जरी की आवश्यकता है। अस्पताल पहुंचने के दो घंटे के भीतर मरीज को ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। टीम ने रक्त जांच शुरू कर मरीज के घरवालों को स्थिति के बार में बताया। मरीज को ओटी में ले जाने के बाद ड्रेसिंग और सर्जरी की गई। सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान इलाज करने वाली टीम को पता चला कि चोट के कारण प्रभावित हाथ के सभी टेंडन क्षतिग्रस्त हो गए थे। हालांकि डॉ. ललित और डॉ. केशव की संयुक्त विशेषज्ञता के कारण हाथ सही करने का प्रयास किया गया। डॉ. ललित ने साफ्ट टिश्यू को सही किया, जबकि डॉ. केशव ने हड्डियों को जोड़ने के लिए जरूरी प्रयास किये। कुशल टीम वर्क और मरीज के समग्र अच्छे स्वास्थ्य के कारण सर्जरी हाथ को बचाने में सफल रही। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। फिजियोथेरेपी के जरिये मरीज का हाथ अब धीरे-धीरे सही काम कर रहा है। मरीज को फिजियोथेरेपी की सलाह दी गई है। समय पर जांच और इलाज मिलने से मरीज का हाथ खराब होने से बचा लिया गया है।

# चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद नोएडा में जश्न

- जनप्रतिनिधि, उद्यमियों, छात्रों ने वैज्ञानिकों को दी बधाई, बोले कर दिया कमाल









**नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के साउथ पोल पर सुरक्षित लैंडिंग के बाद नोएडा में चारो ओर जश्न का माहौल है। स्कूलों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने लैंडिंग को लाइव देखा। इसके बाद मिठाई और ढोल नगाड़े बाजकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान छात्रों ने कहा कि अब रोवर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा विश्व भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा में बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग की और भारत ने दुनिया भर में इतिहास रचकर विश्वगुरू होने का एहसास दिलाया। आजादी के अमृत काल के दौरान इस विशेष उपलब्धि पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। उनकी दृढ इच्छा शक्ति से इस अभियान को पूर्ण करने के लिए हमारे देश के वैज्ञानिकों ने इसे पूर्ण कर दिखाया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या वीरा पाण्डेय, डा. विजय गंजू, संजय बाली, छात्र एवं छात्राएं सहित अभिभावक उपस्थित रहें।

### उद्यमियों ने देखी लैंडिंग और खुशी से बजाई तालियां

नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन द्वारा भारत का चंद्रयान-3 के चांद पर सफलतापूर्वक कदम रखने की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की गई और जश्न मनाया गया। इस सफलता के क्षण का सभी उद्यमी बेसब्री से टीवी स्क्रीन पर टकटकी लगाये हुए सीधा प्रसारण देख रहे थे । एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने चन्द्रयान-3 के चांद पर सफलतापूर्वक कदम रखने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभियान में जुड़े सभी वैज्ञानिकों ने अपने हुनर और कौशल के जरिए सफलता पाई है जिसके लिए सभी वैज्ञानिक बधाई के पात्र है। जिन्होंने पूरे विश्व में भारत की पताका फहराया है। साथ ही कहा कि चन्द्रयान-3 के जरिए भारत ने पूरे विश्व में अपनी बेमिसाल वैज्ञानिक प्रगति और क्षमता का प्रदर्शन किया है।

### ब्राह्मण रक्षा दल ने दी बधाई

नोएडा सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पंडित रवि शर्मा ने चंद्र ग्रह पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर देश के वैज्ञानिकों और सभी देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए बहुत ही ऐतिहासिक स्थल है पूरी दुनिया ने भारत के वैज्ञानिकों की ताकत देख ली। भारत दुनिया का चौथा देश है, जिसने यह सफलता हासिल की है।

एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के हजारों की संख्या में छात्र, शिक्षक और वैज्ञानिक इस चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के गवाह बनें। इसके अतिरिक्त छात्रों, शिक्षकों द्वारा लगातार दो दिनों से सफल लैंडिंग के लिए किये जा रहे हवन में आहुति देकर प्रार्थना भी की गई। एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि आज देश ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये है। एमिटी के हजारों छात्रों, शिक्षकों और वैज्ञानिक चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के गवाह बने। इस उत्साहवर्धक और गौरवपूर्ण क्षणों को शब्दों में बयान नही किया जा सकता। भारत के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला विश्व का पहला देश बनना अभूतपूर्व।

### शनि पंचामृत अभिषेक हुआ सफल, रक्षा बंधन से पूर्व चंदा मामा का मिला उपहार

सेक्टर 14 ए स्थित श्री सिद्ध पीठ शनि मंदिर में चंद्रयान की सफल लैंडिंग को लेकर भगवान शनि देव का पंचामृत अभिषेक किया गया।शनि सेवा समिति के उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि शनि मंदिर में प्रत्येक बुधवार को होने वाले पंचामृत अभिषेक को इस बार विशेष रूप से बनाया गया। दूध, दही, शहद, गंगाजल एवं शक्कर से शनि भगवान को स्नान करा कर चंद्रयान पूरी तरह से सफलतापूर्वक चंद्रमा पर लैंडिंग करे शनि मंत्र के साथ प्रार्थना की गई। मौजूद श्रद्धालुओं को प्रार्थना स्वीकार होने की पूर्ण उम्मीद बनी हुई थी। अपने वैज्ञानिकों के अभूतपूर्व आत्मविश्वास पर विश्वास बना हुआ था। मिश्रा का कहना है कि चंद्रमा की हमारी धरती माता बहन है और उस पर रहने वाले हम सभी लोग चांद के भांजे है। बहन और भांजे को रक्षाबंधन से पूर्व मामा का उपहार मिला है।

उवाच

ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए प्रथम वर्ष के छात्रों काफी उत्साह रहा है। जैसे ही चंद्रयान 3 ने चांद पर सफल लैंडिंग की पूरा कैंपस भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे गूंज उठा:- **परमानंद, प्रो वाइस चांसलर**

# कैपिटल ज़ोन

## एयरपोर्ट व फिल्म सिटी के बीच पॉड टैक्सी परियोजना दो साल में होगी पूरी

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। एयरपोर्ट और प्रस्तावित फिल्म सिटी के बीच चलने वाली पॉड टैक्सी परियोजना दो साल में पूरा हो जाएगी। परियोजना को समय पर पूरा कराने के लिए विकासकर्ता कंपनी को यमुना प्राधिकरण सहयोग करेगा। परियोजना चलाने के लिए चयनित कंपनी को 35 साल का लाइसेंस मिलेगा। यमुना प्राधिकरण ने पॉड टैक्सी परियोजना के लिए विकासकर्ता कंपनी की तलाश शुरू कर दी। पहली जुलाई को ग्लोबल टेंडर निकाल दिए गए थे। अब कंपनियां 25 अक्टूबर तक टेंडर जमा कर सकेंगी। 30 अक्टूबर को तकनीकी निविदा खोली जाएगी। पॉड टैक्सी परियोजना को लेकर पिछले दिनों प्री बिड मीटिंग हुई थी। इसमें 11 कंपनियां शामिल हुई थीं। इन कंपनियों ने कई अहम सुझाव दिए थे। इन सुझाव को टेंडर की शर्तों में शामिल करने के लिए लखनऊ में सचिव स्तरीय समिति की बैठक हुई।



■ **परियोजना चलाने के लिए चयनित कंपनी को 35 साल का मिलेगा लाइसेंस**

बैठक में यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह शामिल हुए। बैठक में कंपनियों के सुझावों को शामिल करने पर मुहर लगा दी गई। कंपनियों की मांग पर किराये में हर साल पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की जा सकती है। इसके लिए यमुना प्राधिकरण से अनुमति लेनी जरूरी होगी। मोरेटोरियम पीरियड सात साल का होगा। परियोजना चलाने के लिए जिन परमिट की जरूरत होगी, यमुना प्राधिकरण उसको दिलवाने में सहयोग करेगा। कंपनी को पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरी खुद लेनी होगी। कंपनी को परफॉर्मेंस सिक्योरिटी के रूप में पांच प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। टेंडर डालने वाली कंपनियां खुद भी ट्रैफिक का आकलन कर लें।

### यमुना सिटी में अब फेस एक में 230 एकड़ में विकसित होगी फिल्म सिटी

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी 230 एकड़ में विकसित होगी। तीन साल में परियोजना को पूरा करना होगा। फिल्म सिटी के लिए अगले महीने ग्लोबल टेंडर निकाले जा सकते हैं। यमुना प्राधिकरण ने फिल्म सिटी विकसित करने के लिए दो बार ग्लोबल टेंडर निकाले गए, लेकिन कोई कंपनी नहीं आई। अब तीसरी बार टेंडर निकालने की तैयारी है। इस बार फिल्म सिटी को पहले चरण में 230 एकड़ में विकसित करने की योजना बनी है। लखनऊ में हुई बैठक में इस पर मुहर लग गई। फिल्म सिटी के 230 एकड़ के पहले चरण की शर्तों में मोरेटोरियम पीरियड एक साल बढ़ा दिया गया है। पहले यह सात साल था। अब पांच साल का मोरेटोरियम पीरियड और तीन साल का समय निर्माण के लिए होगा। कंपनी का सालाना जितना टर्नओवर होगा, उसी आधार पर यमुना प्राधिकरण को लाभांश मिलेगा। परियोजना की लागत 1510 करोड़ रुपए है। परियोजना के शुरुआती तीन साल में कंपनी को 225 करोड़ रुपए खर्च करना जरूरी होगा। पहले साल में 50 करोड़, दूसरे साल में 75 करोड़ और तीसरे साल में 100 करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। 230 एकड़ जमीन 2318 करोड़ रुपए की है। शर्तों के मुताबिक, कंपनी एक हेक्टेयर से कम की जमीन का सब लाइसेंस नहीं दे पाएगी। 230 एकड़ जमीन में 155 एकड़ औद्योगिक उपयोग की है। जबकि 75 एकड़ कमर्शियल उपयोग की है। कमिर्शयल उपयोग में मॉल, शॉपिंग कंपलेक्स, प्लाजा, सर्विस अपार्टमेंट, विला आदि बनाए जा सकेंगे। 155 एकड़ के फिल्म से जुड़ी गतिविधियां होंगी। वहीं, पहले चरण 230 एकड़ में विकसित होगा। 770 एकड़ जमीन पर फिल्म सिटी की क्या-क्या गतिविधियां विकसित की जाएंगी, इसको लेकर के एक संयुक्त योजना बनेगी। इस योजना को बनाने के लिए सलाहकार कंपनी का चयन किया जाएगा।

**फिल्म सिटी विकसित करने के लिए अगले माह निकलेगा ग्लोबल टेंडर**

## राज्य सूचना आयुक्त को मिली डी लिट की उपाधि



**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह को मेरठ स्थित स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय ने जन संचार एवं मीडिया अध्ययन विषय में अप्रतिम योगदान के लिए डी. लिट की उपाधि से अलंकृत किया गया। 21 अगस्त को विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित समारोह में केंद्रीय शिक्षा और विदेश राज्य मंत्री राजीव कुमार रंजन सिंह और संस्थापक अतुल कृष्ण ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। श्री सुभाष चंद्र सिंह मूलत: मीडियाकर्मी हैं। दो विषयों-दर्शनशास्त्र और पत्रकारिता में स्नातकोत्तर श्री सिंह ने 1988 में पत्रकारिता में पदार्पण किया। पांचजन्य, अमर उजाला, दैनिक जागरण, नेशनल दुनिया, स्वदेश में अनेक संपादकीय पदों पर काम किया। फरवरी 2019 में इन्हें उत्तर प्रदेश सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया। उस समय वह हिन्दुस्थान समाचार एजेंसी की पत्रिका 'यथावत' में समन्वय संपादक थे। इनकी दो पुस्तकें 'अनथक पथिक' और श्भारतीय नववर्ष - पुनर्जागरण के आयाम प्रकाशित हो चुकी हैं।

## आईआईए की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। आईआईए, ग्रेटर नोएडा चौप्टर कार्यालय, सीएफसी, भवन, साइट बी, सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र में बैठक हुई। गोष्ठी में चेयरमैन राकेश बंसल, राष्ट्रीय सचिव विशारद गौतम, सचिव सरबजीत सिंह, कोषाध्यक्ष विपिन माहना, अमित शर्मा, जेड रहमान, मनोज सिराधना, पी.पी. शर्मा, जगदीश अधाना, मुकेश गुप्ता, मनोज ग्रोवर, शिशूपम त्यागी, विजय गोयल व राहुल कुमार ने प्रतिभाग किया। सरबजीत सिंह ने एजेंडे का संचालन करते हुए बताया कि पिछली कार्यकारणी समिति की बैठक के एजेंडे में सम्मिलित




कुल 12 बिंदुओं में से 7 बिंदुओं को हल कर लिया है शेष 5 बिंदुओं पर सतत प्रयास कर रहे हैं। एजेन्डे में स्पॉन्सरशिप शुल्क की बात हुई। एजीएम 16 सितंबर को होगी अभी वेन्यू निश्चित किया जाना है। मेंबरशिप बढ़ाने और बचे हुए 186 मेंबर्स का रिन्यूअल कराने पर भी चर्चा हुई, संबंधित औद्योगिक साइट्स पर जो ईसी सदस्य हैं उनसे अनुरोध है कि आपने आस पास के उद्यमियों को सदस्य बनाए और रिन्यूअल करने के लिए प्रोत्साहित करे। उद्योग बंधु गोष्ठी के एजेंडे पर चर्चा हुई, जो भी पॉइंट्स आए हैं उन्हे संकलित करके एजेंडा तैयार कर के डीआईसी में देंगे। यूपीएसआईडीए क्षेत्र में जो भी सड़के रिकार्पेटिंग हो रही हैं उनकी क्वालिटी और रख रखाव की और आस पास के उद्यमी जल निकासी पर ध्यान दें। सीएफसी भवन के भूतल को आईआईए को लीज पर देने के लिए पुन: चौथा रिमाइंडर पत्र यूपीएसआईडीए क्षेत्रीय प्रबंधक को कल देना है उसके बाद कानपुर जाकर, इसकी पैरवी की जाएगी। चेयरमैन ने विभिन्न विभागों के साथ विगत में हुई, गोष्ठियों का विवरण साझा किया।

## कृषि उद्यमियों को प्रशिक्षण के बाद बांटे गए प्रमाण-पत्र



**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में स्वरोजगार हेतु 'कृषि उद्यमी' का 13 दिवसीय प्रशिक्षण संस्थान मं आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 31 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। डोमेन विषय का प्रशिक्षण और प्रैक्टिकल डीएसटी लालेंद्र प्रताप ने सभी को सॉफ्ट स्किल के साथ साथ बैंकिंग की जानकारी संस्थान के निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी को प्रदान किया। संस्थान के निदेशक अनिल कुमार ने कार्यक्रम कि रुपरेखा से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने भारत में मानसून, मिट्टी की जांच, उत्तम गुणवत्ता के बीज, भिन्न प्रकार की फसल, फसलों में रोग व उनके उपचार, फल, फूल, सब्जियों की खेती, आधुनिक उपकरण व मशिनिरी, डेरी फार्मिंग, पशुओं की नस्लों, बीमारियों व् उनके उपचार, एग्रो प्रोशेसिंग, एग्री. बिजनस, कृषि की मार्केटिंग, ओजोला का प्रयोग आदि का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरान्त उनके मनोबल और उत्साह में वृद्धि देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बोनिका वरिष्ठ वैज्ञानिक, मत्स्य विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख, छोलस, दादरी गौतम बुद्ध नगर उपस्थित रही। संस्थान के निदेशक अनिल कुमार ने सभी को बताया कि संस्थान में 24 अगस्त से नि:शुल्क 13 दिवसीय आर्टिफीसियल जेवेलरी का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो रहा है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए थाना पैरोकार के साथ की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश के दिशा-निर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त पुलिस थाना पैरोकार के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित थाना पैरोकार को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये गये वादों में शत प्रतिशत नोटिस तामील कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके साथ ही दीवानी न्यायालय परिसर में संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसिल के संबंध में अवगत करते हुए बताया गया कि लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम में 6 अधिवक्ता नामित किए हैं, जिनके द्वारा समाज के ऐसे विशेष वर्ग को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना जो व्यक्ति



आर्थिक, सामाजिक रूप से कमजोर व असहाय है ऐसे व्यक्तियों को विधिक सहायताविधिक जागरूकता एवं विधिक सेवा उपलब्ध कराई जाती है। लीगल डिफेंस काउंसिल में कार्यरत समस्त 6 अधिवक्तागण के नाम व मोबाइल नंबर समस्त थानो पर चस्पा करने के लिए निर्देश जारी किए गए ताकि थाने पर आने वाला ऐसा व्यक्ति जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में संचालित एलएडीसीएस के पैनल अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो थाना स्तर से पैनल अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। बैठक में ऋचा उपाध्याय, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ जनपद गौतम बुध नगर के समस्त थाना परोपकार उपस्थित रहे।

## तुलसीदास जी की जयंती पर गुरुकुल में हुआ संगोष्ठी का अयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर ईटा-एक स्थित महर्षि पाणिनि वेद-वेदांग विद्यापीठ (गुरुकुल) में संतशिरोमणि भगवतावतार तुलसीदास जी के जयंती पर तुलसी साहित्य में भारतीय दर्शन विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना एवं तुलसी पूजन के साथ प्रारंभ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे डा. अजेय ने तुलसी साहित्य विशेष रूप से रामचरितमानस में वर्णित भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, कर्तव्यनिष्ठा, गृहस्थ आश्रमों की विशेष विवेचना के साथ आधुनिक युग में प्रयुक्त अवधारणा को संयमित कैसे किया जाए आदि बिंदुओं पर विशेष रूप से अपना वक्तव्य रखा। संगोष्ठी में मानस मंडली के विशिष्ट विद्वानों ने तुलसी दास द्वारा वर्णित



राम के जीवन के साथ-साथ भारतीय जीवन दर्शन के महत्व को महत्व पर प्रकाश डाला। महर्षि पाणिनि धर्मार्थ ट्रस्ट (रजि.) के अध्यक्ष एवं गुरुकुल के संस्थापक आचार्य रविकांत दीक्षित ने संगोष्ठी समापन में सभी विद्वानों का धन्यवाद करते हुए तुलसीदास द्वारा प्रयुक्त भाषा एवं सामाजिक जीवन के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने केवल रामचरितमानस बल्कि विनय पत्रिका आदि के माध्यम से समाज एवं ईश्वर के नजदीक पहुंचने का सरल उपाय बताया है। उन्होंने संगोष्ठी में आते सभी विद्वानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुकुल परिवार के माध्यम से विभिन्न समयों पर इस प्रकार की संगोष्ठी आयोजित की जायेंगी। संगोष्ठी में गुरुकुल के आचार्यों एवं बटुकों के साथ-साथ राजीव तिवारी, वेदप्रकाश शर्मा डॉ.गौरव शर्मा आदि महानुभाव उपस्थित रहे।

## चंद्रयान-3 के सफलता पूर्वक लैंडिंग के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनाया जश्न

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के छात्रों ने बीटा-2 स्थित ओमेक्स मॉल में जश्न मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने एक नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को चंद्रयान-3 के बारे में बताया साथ ही साथ भारतीय वैज्ञानिकों वैज्ञानिकों के मेहनत की सराहना भी की। छात्रों ने तिरंगे के साथ मां तुझे सलाम और वंदे मातरम




की धुन पर नृत्य करके वहां मौजूद लोगों को मंत्र मुक्त कर लिया। इसके साथ 26, 27 अगस्त को होने वाले ग्रेटर नोएडा शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के लिए भी लोगों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के मीडिया स्कूल के डीन प्रोफेसर ए राम पांडे, डॉ. भवानी शंकर मिश्र, सुभाष तिवारी, सुनील त्यागी, अपूर्वा शुक्ला, शेखर सुमन सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जीबीयू परिवार चंद्रयान-3 का चंद्रमा की सतह पर उतरने का बना साक्षी

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। इसरो का चंद्रयान-3 चांद पर उतरने का इंतजार खघ्त्म हुआ और सुरक्षित चांद की सतह पर उतारा। इसरो के साथ हम सभी भारत वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक क्षण था। गौतमबुद्ध विवि के कुलपति प्रो रवीन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इसका सीधा प्रसारण दिखाने का मुख्य कारण है कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग एक यादगार पल है, जो न केवल जिज्ञासा को बढ़ावा देगा बल्कि हमारे युवाओं के मन में इनोवेशन के लिए एक जुनून भी पैदा करेगा। कुलसचिव जीबीयू डॉ विश्वास



त्रिपाठी ने कहा कि इस ऐतिहासिक दिन का हम सभी भारतवासियों को बेसब्री से इंतजार था। जीबीयू प्रशासन ने छात्रों को इस दिन का साक्षी बनाने का एक सुनहरा मौका प्रदान किया जिसका सभी छात्रों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर इसका विलक्षण घड़ी का आनंद उठाया। भारत के चंद्रयान-3 की लैंडिंग एक यादगार अवसर है जो न केवल जिज्ञासा को बढ़ावा देगा बल्कि हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण के लिए एक जुनून भी जगाएगा। यह गर्व और एकता की गहरी भावना पैदा करेगा, क्योंकि हम सामूहिक रूप से भारतीय कौशल का जश्न मनाएंगे। यह वैज्ञानिक जांच और नवाचार के माहौल को बढ़ावा देने में योगदान देगा। इस सीधे प्रसारण को कुलपति, कुलसचिव, के अलावा प्रो संजय शर्मा, डॉ मनमोहन सिंह, डॉ राकेश श्रीवास्तव, डॉ ओम प्रकाश, डॉ जे. पी. मुयाल, डॉ जितेंद्र राठौर, डॉ दीपाली सिंह, डॉ कविता सिंह, डॉ अरविन्द कुमार सिंह, इत्यादि ने छात्र-छात्राओं के साथ इस अद्भुत क्षण का साक्षी बने।

## शारदा विवि के विद्यार्थियों ने चंद्रयान के लैंडिग का देखा सीधा प्रसारण

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। इसरो के मिशन चंद्रयान-3 के इस ऐतिहासिक क्षण को लाइव देखने के लिए शारदा विवि में तीन ऑडिटोरियम में करीब दो हजार से अधिक स्टूडेंट्स लाइव प्रसारण के साक्षी बनें। साथ ही कैंपस में अन्य वर्ष



के छात्रों के लिए क्लासरूम और अन्य जगह व्यवस्था की गई। शारदा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर सिबाराम खारा ने बताया कि भारत अंतरिक्ष की दुनिया में आज सबसे बड़ा इतिहास रच दिया। इसके साथ ही भारत इस दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। स्टूडेंट्स में इससे गर्व और एकता की गहरी भावना पैदा होगी। शारदा स्कूल ऑफ बेसिक साइंस एंड रिसर्च के स्टूडेंट्स और फैकल्टी भी रहे। यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर परमानंद ने बताया कि इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए प्रथम वर्ष के छात्रों काफी उत्साह रहा है। जैसे ही चंद्रयान 3 ने चांद पर सफल लैंडिंग की पूरा कैंपस भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे गूंज उठा।

## चंद्रयान-3 ने लहराया तिरंगा, स्कूल के बच्चों ने देखी सफल लैंडिग

**ग्रेटर नोएडा,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। भारतवर्ष के लिए एक अविस्मरणीय दिन के रूप में रहेगा। बुधवार सायं 6 चंद्रयान-3 एक महीने दस दिन की अपनी अंतरिक्ष यात्रा को पूर्ण करके चंद्रमा पर भारत का तिरंगा फहरा है। इन गर्वित पालों को छात्रों के लिए यादगार बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा के स्कूलों में बच्चों को सीधा प्रसारण देखने लिए स्क्रीन लगायी गयी थी, जिसमें बच्चों ने बड़चढ़ कर हिस्सा लिया। चांद पर मिशन चांद की लैंडिग होते ही बच्चे उछल पड़े, कार्यक्रम को देखकर बच्चों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सेंट जोसफ विद्यालय में चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिग को दिखाने हेतु विशेष प्रबंध किये गए हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर ऑल्विन पिन्टो, प्राइमरी हैड मिस्ट्रेस सिस्टर सीथा, प्री-प्राइमरी हैड







मिस्ट्रेस सिस्टर मेबल, अध्यापकगण, विद्यालय के समस्त कार्यकर्ता तथा छात्रों की उपस्थिति रही। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग को देखकर सभागार में उपस्थित सभी हर्षित हो गए और तालियों से सभागार गूंज उठा। यह सफलता भारतवर्ष के लिए एक विशिष्ट उपलब्धि रही, जिससे देश का प्रत्येक नागरिक गर्वित हुआ। वहीं महर्षि पाणिनी गुरुकुल, सेक्टर ईटा में बच्चों ने लाइव जुड़कर चन्द्रयान मिशन की सफलता को देखा। देश के वैज्ञानिकों के सफल प्रयास को देकर बच्चों खुश हो गये। गुरुकुल के आचार्य रविकांत दीक्षित ने चन्द्रयान के सफल लैंडिग के लिए सभी को बधाई दी।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सैक्टर खैरपुर गुर्जर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या के एच आर 01301 भूखण्ड संख्या 282, क्षेत्रफल 910 वर्ग मीटर श्री सोरन सिंह पुत्र श्री दलेल सिंह निवासी ग्राम खैरपुर गुर्जर, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवटी श्री सोरन सिंह पुत्र श्री दलेल सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिस सर्वश्री कपिल, अनुज कुमार पुत्रगण स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती राजवती पत्नी स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती नीतू पत्नी श्री कमल सिंह पुत्री स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती पूनम बंसल पत्नी श्री लोकेश बंसल पुत्री स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती निकिता पत्नी श्री अमित पुत्री स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती पुनिता पुत्री स्व० श्री सोरन सिंह, निवासी-ग्राम-खैरपुर गुर्जर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अत: इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके सर्वश्री कपिल, अनुज कुमार पुत्रगण स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती राजवती पत्नी स्व0 श्री सोरन सिंह, श्रीमती नीतू पत्नी श्री कमल सिंह पुत्री स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती पूनम बंसल पत्नी श्री लोकेश बंसल पुत्री स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती निकिता पत्नी श्री अमित पुत्री स्व० श्री सोरन सिंह, श्रीमती पुनिता पुत्री स्व० श्री सोरन सिंह निवासी ग्राम खैरपुर गुर्जर, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 24 अगस्त 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## चन्द्रयान-3 : बना रहे साइंटिफिक टेम्परामेंट

ब्रह्मांड के सबसे खूबसूरत तथा अब तक ज्ञात एकमात्र मानवीय बस्ती वाले ग्रह अर्थात धरती से अपने सबसे नज़दीक के खगोलीय पड़ोसी चन्द्रमा को लक्षित कर 14 जुलाई को दागे गये चन्द्रयान-3 ने आखिरकार बुधवार की शाम अपनी यात्रा के 42वें दिन शाम 5 बजकर 45 मिनट पर लैंडिंग की प्रक्रिया प्रारम्भ की। ठीक 6 बजकर 4 मिनट पर करोड़ों देशवासियों का सपना पूरा करते हुए उसके लैंडर ने चांद के सतह को छू लिया। उस वक्त वहां सुबह थी।

वैसे तो चन्द्रयान-3 ने पृथ्वी के उपग्रह या चांद कहे जाने वाले इस उपग्रह की ओर बढ़ते हुए प्रारम्भिक चरण से ही सफलता के संदेश दे दिये थे क्योंकि उसके सारे उपकरण एवं सारी प्रणालियां बिलकुल ठीक काम कर रही थीं। पुराने अनुभवों से समृद्ध हुए और पिछली खामियों से सबक लेते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) की प्रतिभा व ज्ञान के प्रतीक चन्द्रयान-3 ने अपनी इस कामयाबी से आधुनिक भारत के निर्माताओं की दूरदर्शिता एवं वैज्ञानिक सोच का फिर से लोहा भी मनवाया है। करीब साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी से मंगल ग्रह के आकार के एक बड़े ग्रह के टकराने से, जिसे खगोल वैज्ञानिकों ने 'थिया' नाम दिया है, पृथ्वी से बड़ी मात्रा में मैटर पिघलकर द्रव्य के रूप में अंतरिक्ष में फैल गया। आपस में जुड़ते और गुरुत्वाकर्षण के कारण करोड़ों वर्षों तक पृथ्वी की लगातार परिक्रमा करते हुए पृथ्वी के उस साथी उपग्रह का निर्माण हुआ जिसे आज हम चांद या चन्द्रमा के नाम से जानते हैं और जो एक ओर तो विविध कला-विधाओं में रुचि रखने वालों के लिए कभी प्रेरणा तो कभी उपमा या कभी अलंकार के रूप में काम करता है। दूसरी तरफ़ वह खगोल वैज्ञानिकों व भौतिकशास्त्रियों के लिये जीवन व अनेक जटिल सिद्धांतों को हल करने का जरिया भी है।

पृथ्वी से अन्य किसी भी खगोलीय पिंड के मुकाबले इसकी दूरी सबसे कम है- केवल 3,84,400 किलोमीटर। इसका व्यास पृथ्वी का एक चौथाई है और पृथ्वीवासियों के लिये आसमान में सूर्य के बाद यह सबसे चमकदार निकाय है- बावजूद इसके कि उसकी खुद की रोशनी नहीं है और वह सूर्य की रोशनी के परावर्तित होने से हमें दिखता है। उस पर दिखने वाले असंख्य दाग दरअसल उसकी सतह से लाखों उल्का पिंडों के टकराने से बने हैं जिसने बड़े गड्ढों का निर्माण तो किया ही है, उसे काफी हद तक गोलाकार बनने में मदद भी मिली है। पृथ्वी का यह एकमात्र उपग्रह (चांद) बेहद ठंडा है और उसका गुरुत्वाकर्षण बहुत कम है। यहां वायुमंडल अनुपस्थित है और पृथ्वीवासियों को इसका बहुत कम हिस्सा दिखलाई पड़ता है। चांद का दक्षिणी हिस्सा कभी भी सूर्य के सामने न आने से वहां और भी ज्यादा ठंड है। यहां तापमान -203 से -243 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वैसे वैज्ञानिकों का मानना है कि वहां बड़ी मात्रा में ठोस रूप में पानी मौजूद है। अब तक जितने भी मून मिशन में गये हैं वे सारे उन हिस्सों पर उतरे हैं जो सूर्य के सामने होते हैं लेकिन चन्द्रयान-3 दक्षिणी हिस्से में उतरा है। यह भारतीय वैज्ञानिकों की विशेष उपलब्धि है।

ऐसे अनेक कारणों से चन्द्रमा एवं चन्द्रयान-3 लोगों की उत्सुकता का कारण रहा है और हर व्यक्ति इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहता है। पृथ्वी के साथ ही सम्पूर्ण ब्रह्मांड की रचना के कारकों और भविष्य को जानने का मानव के लिये सबसे नज़दीक का जरिया चंद्रमा ही है। पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत की जानकारी से लेकर भविष्य में पृथ्वीवासियों के लिये वैकल्पिक मानव बस्तियों की सम्भावना टटोलने तक के लिये खगोलशास्त्री व वैज्ञानिक लम्बे समय से चांद को निहारते रहे हैं। इसके बारे में वैज्ञानिक समझ ज्ञान का पैमाना रहा है। इस मिशन का बड़ा महत्व इस लिहाज से भी है कि इस सफलता ने भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे गिनती के देशों की श्रेणी में बैठाया है। इसका श्रेय निसंदेह भारत के सार्वजनिक उपक्रमों के सिरमौर कहे जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों को जाता है। उनकी कड़ी मेहनत, ज्ञानार्जन की उत्कंठा, मेधा और चेतना ने सभी भारतीयों को आज यह महान उपलब्धि दिलाई है।

इस मिशन के बारे में आगे भी खूब चर्चा होती रहेगी और सम्भव है कि इसका श्रेय लेने की छीना-झपटी भी हो, परन्तु यह ऐसा अवसर है जब हमें अपने राष्ट्रीय चरित्र से उस गुम होते फिनोमेना को पुनर्जाग्रत करने का संकल्प लेना होगा जिसका उल्लेख भारतीय संविधान में 'साइंटिफिक टेम्परामेंट' के नाम से जाना जाता है और देश में इसे निर्मित करना सरकार का दायित्व माना गया है। आधुनिक भारत के निर्माता व प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने केवल यह शब्द (साइंटिफिक टेम्परामेंट) ही नहीं दिया बल्कि इस भावना के अनुकूल समाज बनाने में इसरो जैसी संस्थाएं दीं एवं डॉ. विक्रम साराभाई, सतीश धवन आदि से लेकर एपीजे अब्दुल कलाम जैसे राकेट वैज्ञानिकों को निखरने एवं उन्हें अपनी प्रतिभा के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का माहौल दिया। देश की इस वैज्ञानिक चेतना की विरासत को बनाये रखने में सारी सरकारों ने मदद की लेकिन पिछले कुछ समय से विज्ञान की जगह आस्था और अंधविश्वास ने ली है तथा जिसे मौजूदा सरकार राजनैतिक कारणों से पूरा बढ़ावा दे रही है। यह दुर्भाग्यजनक और चिंताजनक दोनों ही है। इस मायने में चन्द्रयान-3 एक बेहद कठिन टास्क माना जा सकता है कि ऐसे वक्त में जब देश के छात्रों व युवाओं की रुचि विज्ञान में लगातार घट रही है, नाले की गैस से चाय बनाने व पकौड़े तलने, ताली-थाली बजाकर व मोमबत्तियां जलाकर कोरोना भगाने, बादलों में छिपकर रडार को चकमा देने और टर्बाईन से पानी व ऑक्सीजन को अलग करने वाले वैज्ञानिकों का बोलबाला हो, प्रयोगशालाएं सूनी हो रही हों और दुनिया के सारे रहस्यों को सुलझाने के सिद्धांत पुरानी किताबों में पाये जा रहे हों- यह उपलब्धि कई गुना बढ़कर महसूस की जानी चाहिये।

# एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

मुझे नहीं मालूम कि अरनाज़ बानो के दिल में इस वक्त किस तरह के ख्याल आ रहे होंगे। उनके मां-बाप किस किस्म की हताशा और निराशा को महसूस कर रहे होंगे। लेकिन मुझे इतना पता है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले इस देश के मुखिया जब लालकिले पर चढ़कर, नयी पगड़ी पहने ये घमंड भरा ऐलान कर रहे थे कि अगले साल भी मैं ही आऊंगा, उस वक्त उनके गृहराज्य गुजरात की एक बेटी की आंखें आंसुओं से भरी हुई थीं, क्योंकि उसे उस उपलब्धि का सम्मान भी नहीं लेने दिया गया, जिसकी वो हकदार थी। उपलब्धियों का सुख क्या होता है, ये वही लोग समझ सकते हैं, जिन्होंने खुद कभी कुछ करके दिखाया हो। और इस मामले में मौजूदा निजाम एकदम कंगाल नजर आता है। अभी चांद की सतह छूने और चंदा मामा को धरती की राखी भेजने पर जो थाली-ताली पीटी जा रही है, उसकी नींव भी नेहरूजी के जमाने में ही तैयार हुई थी। संयोग है कि विक्रम साराभाई भी गुजरात के ही थे। जहां उन्होंने भारत के लिए अंतरिक्ष को छूने वाले बड़े सपने देखे और उन सपनों को सच करने का रास्ता नेहरूजी ने तैयार किया। कल्पना कीजिए कि आज के जमाने में अगर साराभाई प्रस्ताव रखते कि हमें अंतरिक्ष कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है, तकनीकी के सहारे शिक्षा को दूर-दराज के गांवों तक पहुंचाना है, किसानों को शिक्षित करना है, कपड़ा बनाने वाले बुनकरों को आधुनिक तकनीकी का ज्ञान देकर समृद्ध बनाना है और ये सब सरकार के अंतर्गत करना है, तो क्या विक्रम साराभाई को सरकार का सहयोग मिलता। मेरे ख्याल से तो नहीं मिलता, क्योंकि आज जो व्यक्ति की शिक्षा की बात करे, शिक्षित राजनेताओं की बात करे, उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। किसानों के हक में आवाज उठाने वालों को आतंकवादी कहा जाता है। बुनकरों के विकास से ज्यादा जरूरी उद्योगपति मित्रों का विकास जरूरी माना जाता है। इसलिए विक्रम साराभाई और होमी जहांगीर भाभा जैसे वैज्ञानिकों के सपने शुरुआत में ही रौंद दिए जाते और उन्हें सलाह मिलती कि वेदों में विज्ञान से विकास का रास्ता तलाशें।

खैर भाजपा स्वतंत्रता के वक्त नहीं थी, न ही दक्षिणपंथी विचारकों ने कभी आजाद भारत में विकास के सपने देखे। उनका बस चलता तो वे भारत को मध्ययुग की गुफाओं में ही भटकाते रहते। दो उदाहरणों से ये बात समझ आ जाएगी। 1938 में 'वी एंड आवर नेशनहुड डिफाइंड' में गोलवलकर लिखते हैं-'नस्ल और उसकी संस्कृति की शुद्धता बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश को सेमिटिक नस्लों-यहूदियों से मुक्त करके दुनिया को चौंका दिया...जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि भिन्न नस्लों और संस्कृतियों के लिए एक संपूर्णता में समाहित हो पाना कितना असंभव है। हिंदुस्तान में हमारे लिए सीखने और लाभ उठाने के लिए यह एक अच्छा सबक है।'

यानी गोलवलकर भारत को हिटलर वाली जर्मनी के रास्ते पर भेजने के लिए तैयार थे। जर्मनी में नस्लीय शुद्धता के नाम पर हुए नरसंहार से वे हिंदुस्तान को प्रेरणा लेने कहते हैं। जबकि इसी दौरान 1938 में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद में व्याख्यान देते हुए नेहरू कहते हैं- हमारी समस्याएं बहुत बड़ी हैं। इन्हें अकेले राजनेता हल नहीं कर पाएंगे, क्योंकि हो सकता है कि उनके पास वैज्ञानिक विशेषज्ञता और दूरदृष्टि न हो; उन्हें अकेले वैज्ञानिक भी हल नहीं कर पाएंगे, क्योंकि उनके पास राजनीतिक शक्ति और व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण नहीं होगा जो हर चीज को अपने दायरे में ले लेता है। वे समस्याएं विज्ञान और राजनीति इन दोनों के सहयोग से ही हल हो सकती हैं और होंगे।

> **15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री मोदी लालकिले पर न केवल अपनी वापसी का ऐलान कर रहे थे, बल्कि अमृतकाल की उपलब्धियों को गिना रहे थे, उसी समय गुजरात के मेहराणा के एक छोटे से गांव लुनावा के एक स्कूल में एक दसवीं कक्षा में पहले नंबर पर आने वाली बच्ची को केवल इसलिए पुरस्कृत नहीं किया गया, क्योंकि वो मुस्लिम थी।**

दोनों विचारों में कितना फर्क है। कहां नेहरूजी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देश की समस्याओं का हल तलाश रहे थे और कहां गोलवलकर नरसंहार की वकालत कर रहे थे। इतिहास के पन्नों को पलटें तो ऐसे अनेक दृष्टांत मिल जाएंगे। लेकिन आज हजार साल बाद के भारत की बात करके मोदी सरकार देश के असली इतिहास से जनता का ध्यान भटका रही है। आज भारत गोलवलकर जैसी सोच रखने वालों की तर्ज पर ही चलाया जा रहा है। आजादी के बाद जो व्यवस्थाएं तत्कालीन सरकारों ने बनाईं और जो व्यवस्था 2014 तक सुचारू चलती रही, उस वजह से अभी भारत में हालात काफी हद तक संभले हुए हैं, लेकिन सवाल यही है कि कब तक हम खैर मनाएंगे। बारुद के ढेर पर बैठे रहने पर विस्फोट का खतरा बना ही रहता है। फिलहाल उसकी चिंगारियां देश में जगह-जगह दिख रही हैं। मणिपुर, हरियाणा इन चिंगारियों की भेंट चढ़ चुके हैं। गुजरात ने 2002 में यह सब भुगत लिया है। और अब वहां हिंदू-मुस्लिम खाई इतनी गहरी बन चुकी है कि इसमें मासूमों को भी नहीं बख्शा जा रहा है।

15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री मोदी लालकिले पर न केवल अपनी वापसी का ऐलान कर रहे थे, बल्कि अमृतकाल की उपलब्धियों को गिना रहे थे, उसी समय गुजरात के मेहराणा के एक छोटे से गांव लुनावा के एक स्कूल में एक दसवीं कक्षा में पहले नंबर पर आने वाली बच्ची को केवल इसलिए पुरस्कृत नहीं किया गया, क्योंकि वो मुस्लिम थी। अरनाज़ बानो सिपाही 15 अगस्त के जलसे में इंतजार करती रही कि उसका नाम पुकारा जाएगा और उसे सम्मानित किया जाएगा, क्योंकि स्कूल में 10वीं और 12वीं में पहले स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया जा रहा था। लेकिन अरनाज़ का नाम लिया ही नहीं गया और दूसरे स्थान पर आने वाली बच्ची को सम्मानित किया गया आत्मसम्मान पर लगी इस गहरी ठेस को लिए अरनाज़ जब रोते हुए घर पहुंची तो उसके पिता सरवर खान ने स्कूल के प्रिंसिपल अनिल पटेल और संचालक बिपिन पटेल से इस बात की शिकायत की कि मेरी बच्ची पहले नम्बर पर पास हुई थी फिर भी आपने उसका नाम रद्द क्यों किया, जिस पर स्कूल के प्रिंसिपल और संचालक की तरफ से गोल-मोल जवाब मिले कि अरनाज़ बानो को एक नहीं 10 इनाम 26 जनवरी 2024 को हम देंगे। इस पर सनवर खान ने कहा हमको इनाम नहीं चाहिए लेकिन अगर मेरी बेटी का सम्मान होता तो हमें गौरव होता।'

अरनाज़ ने 10वीं में 87 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया था, लेकिन शायद उस बच्ची की धार्मिक पहचान उसकी शैक्षणिक योग्यता पर भारी पड़ गई। अरनाज़ के पिता अब इस मसले पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते, क्योंकि उन्हें 2024 के चुनावों में बनने वाले माहौल का अहसास है। सवाल ये है कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास नारा देने के साथ ऐसा माहौल क्यों नहीं बनाया कि कोई पिता अपनी बच्ची की उपलब्धि के बावजूद लाचार महसूस न कर सके। इस घटना के बाद अब अरनाज़ भी डरी हुई है कि अब वह स्कूल कैसे जाए। उसे आगे पढ़ना है, मगर भेदभाव ने उसके अबोध मन पर गहरा निशान छोड़ दिया है। इस मामले में भेदभाव के आरोप से स्कूल ने साफ इंकार कर दिया है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि हमारा स्कूल किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ सख्त नीति रखता है। निश्चिंत रहें, योग्य छात्रा को 26 जनवरी को उसका इनाम मिलेगा, यह उल्लेखनीय है कि वह निर्धारित दिन पर अनुपस्थित थी, जिससे इनाम देने में बाधा उत्पन्न हुई।' यानी स्कूल रिकार्ड में अरनाज़ 15 तारीख को उपस्थित ही नहीं हुई थी। यह चीन पर मोदीजी के दिए गए बयान जैसा ही है। न कोई आया है, न कोई घुसा है। तो फिर किसी को लाल आंखें दिखाने या नाम लेकर चेतावनी देने का मतलब ही नहीं है।

लेकिन धुआं उठा है, तो जाहिर है कहीं न कहीं चिंगारी जरूर लगी है। शिक्षा, विज्ञान, मेलजोल की संस्कृति, धार्मिक सहिष्णुता, इन सबको भारत के रजिस्टर से गैरहाजिर बता कर कुछ सालों का सत्ता सुख तो हासिल किया जा सकता है, मगर इससे एक-दो नहीं, लाखों-करोड़ों आंखों में आंसुओं का सैलाब आएगा, इस सैलाब में कौन, कैसे बहेगा, ये भी इतिहास में दर्ज हो ही जाएगा।

मुनव्वर राना ने लिखा है-

एक आंसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है,
तुम ने देखा नहीं आंखों का समुंदर होना।।

# परिसीमन से असम के प्रमुख समुदाय और जातीय समूह हैं परेशान

■ आशीष विश्वास

असम में विवादास्पद और अंतत: अनिर्णायक एनआरसी ऑपरेशन की तरह, चुनाव आयोग द्वारा किये गये विधानसभा और लोकसभा सीटों के परिसीमन ने भी मौजूदा जातीय विभाजन को गहरा कर दिया है, जिससे राज्य में ताजा राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है।

अब जबकि चुनाव आयोग के परिसीमन प्रस्तावों को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है, तो केवल सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही 140 लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के क्षेत्रीय पुनर्निर्धारण से खुश दिख रही है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा, जो पूर्व कांग्रेसी से भाजपा के वर्तमान कट्टरपंथी बने, चुनाव आयोग की इस पहल के सक्रिय समर्थक रहे हैं।

भाजपा द्वारा संचालित प्रशासन का उद्देश्य, जैसा कि प्रत्यक्ष रूप से और अन्यथा भी स्वीकार किया गया है, स्पष्ट रूप से असमिया हितों और आकांक्षाओं- स्थानीय बोलचाल में भूमिपुत्र- का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियों के लिए दोनों सदनों में एक आरामदायक बहुमत सुनिश्चित करना था।

> **निर्वाचन क्षेत्रों की भौतिक सीमाओं को भी काफी हद तक बदल दिया गया है, जिसका स्पष्टइरादा संख्या के मामले में एक विशेष समुदाय या समूह को दूसरों पर हावी करना है! नकारात्मक रूप से प्रभावित समूहों ने पहले ही ऐसे 'राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों' को प्रायोजित करने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है।**

विभिन्न पक्षों द्वारा जारी किये गये बयानों या इस मुद्दे पर रिपोर्टों और विश्लेषणों को बड़ी संख्या में स्पष्ट किया गया है कि यह लक्ष्य पर्याप्त रूप से हासिल किया गया है। यह आरोप लगाया गया है कि इस प्रक्रिया में, ऊपरी असम में बोडो के साथ-साथ बराक घाटी में आदिवासियों और बड़ी संख्या में बंगालीभाषी हिंदुओं और मुसलमानों सहित प्रमुख जातीय समूहों के हितों और भावनाओं को नजरअंदाज कर दिया गया है। बराक घाटी के तीन जिलों में प्रस्तावित बदलावों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और बंद हुए हैं, जबकि जन संगठनों और समूहों ने राहत के लिए सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया है।

कोकराझार के पूर्व सांसद, बोडो नेता श्री संसुमाखुंगर बिस्मुटियारी ने भी परिसीमन प्रस्तावों का विरोध किया है और जरूरत पड़ने पर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों को बुरी तरह निराश किया गया है।

विधानसभा और संसदीय सीटों के पुनर्सरेखण ने उनके जनसांख्यिकीय चरित्र को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में काफी हद तक बदल दिया है : जमीनी स्तर की रिपोर्टों के अनुसार, कुछ स्थानों पर 4,00,000 से अधिक मतदाताओं वाले निर्वाचन क्षेत्र हैं, जबकि अधिकांश सीटों पर यह संख्या 1,20,000 के आसपास ही होगी।

निर्वाचन क्षेत्रों की भौतिक सीमाओं को भी काफी हद तक बदल दिया गया है, जिसका स्पष्ट इरादा संख्या के मामले में एक विशेष समुदाय या समूह को दूसरों पर हावी करना है! नकारात्मक रूप से प्रभावित समूहों ने पहले ही ऐसे 'राजनीति से प्रेरित परिवर्तनों' को प्रायोजित करने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है।

चुनाव आयोग ने पार्टियों और समूहों के लिए विशेष सुनवाई की व्यवस्था की, लेकिन अपनाई गई प्रक्रियाओं से अधिकांश पार्टियों का मोहभंग हो गया। उदाहरण के लिए, बराक घाटी के प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके पास सैकड़ों शिकायतें थीं, लेकिन उन्हें अपना मामला पेश करने के लिए 30 मिनट से थोड़ा ही अधिक समय मिला। इसी तरह के विचार छोटे आदिवासी समुदायों से भी आए।

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद अल्पसंख्यक नेता बदरुद्दीन अजमल ने पहले आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग की सिफारिशों ने एक समुदाय के रूप में मुसलमानों को स्पष्ट रूप से लक्षित किया है। प्रावधानों ने मुसलमानों को पहले की तुलना में छोटे मतदान समुदायों के रूप में छोड़ने के लिए निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के नाम पर तबाही मचाई। उन्होंने इस तरह के युद्धाभ्यास के खिलाफ अदालत जाने की धमकी दी।

बांग्ला भाषी बराक डेमोक्रेटिक फ्रंट (बीडीएफ) के नेता, जो पहले ही शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा चुके हैं, ने आरोप लगाया कि तीन जिलों में विधानसभा सीटों की संख्या 15 से घटाकर 13 कर दी गई है।

फिर बिस्मुटियारी ने यह भी आरोप लगाया कि जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 15 से घटाकर केवल 6 कर दी गयी है। संबंधित राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के साथ बिना किसी पूर्व चर्चा के उठाया गया ऐसा कदम न केवल आदिवासियों के साथ भेदभाव करता है बल्कि इसने केंद्र और विभिन्न राज्यों से संविधान-प्रदत्त उनके कई बुनियादी अधिकारों को छीन लिया तथा एक अनुसूचित, संरक्षित समूह के रूप में उनकी कानूनी रूप से परिभाषित स्थिति का उल्लंघन किया।

मुख्यमंत्री के रूप में श्री शर्मा ने प्रस्तावित परिवर्तनों का जोरदार बचाव किया, यह दावा करते हुए कि वे 'भूमिपुत्रों' के हितों और स्थिति की रक्षा करना चाहते थे, जिनका भविष्य हाल के वर्षों में बांग्लादेश से अवैध प्रवासन के कारण खतरे में आ गया था। जनजातीय हितों को भी ध्यान में रखा गया था और वास्तव में किसी के पास शिकायत का कोई आधार नहीं है।

मोटे तौर पर, प्रस्तावित परिवर्तनों की सीमा क्या है और इसमें कितनी सीटें शामिल हैं?

प्रदेश भाजपा नेताओं की टिप्पणियों और खुलासों से एक तरह का जवाब मिल गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और नागांव से 4 बार के भाजपा सांसद, अनुभवी राजेनगोहेन द्वारा हाल ही में सत्तारूढ़ दल पर जोरदार हमला किया गया है। वर्तमान में वह असम के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री हैं।

उनके 2024 में नागांव संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की उम्मीद है, परन्तु उन्होंने कहा कि वह अब कभी नहीं जीत पायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन प्रावधानों ने नागांव संसदीय की जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल को पूरी तरह से बदल दिया है। इसे उन्होंने अपनी ही पार्टी भाजपा द्वारा एआईयूडीएफ को दिये गये सीधे उपहार के रूप में देखा।

उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों जयंत मल्लाह बरुआ और पीयूष हजारिका ने उनके आरोप को खारिज कर दिया। जैसा कि असम स्थित विभिन्न मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट किया गया है, श्री बरुआ ने असम की 126 विधानसभा सीटों में से कम से कम 102 सीटों पर 'भूमिपुत्रों' के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की। यह पहले के समय से एक सुखद विरोधाभास होगा, जब आप्रवासियों के वोट 40/50 सीटों के चुनावी नतीजे तय करते थे। इसी प्रकार, 14 लोकसभा सीटों में से 11 में परिसीमन प्रावधानों द्वारा स्वदेशी समुदायों की स्थिति और भविष्य को प्रभावी ढंग से संरक्षित किया गया है।

जहां तक श्री गोहेन की शिकायतों का सवाल है, एक अनुभवी राजनेता के रूप में, जिन्हें लंबे राजनीतिक कॅरियर के दौरान पर्याप्त पुरस्कार मिला है, वह अब शालीनता से सेवानिवृत्त हो सकते हैं और भाजपा को राजनीतिक रूप से मदद कर सकते हैं।

इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, यह रिपोर्ट जानकर कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि बराक घाटी स्थित पार्टियों ने पारंपरिक रूप से उपेक्षित तीन जिलों में रहने वाले लोगों के लिए न्यूनतम सुरक्षा, संरक्षा और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए एक अलग स्वायत्त 'पूर्वांचल' राज्य के लिए अपने नारे को पुनर्जीवित किया है। बीडीएफ नेताओं ने आरोप लगाया कि विशेष रूप से भाजपा के तहत, यह स्पष्ट हो गया है कि निचले असम में आम लोगों को राज्य प्रशासन से न्यूनतम न्याय भी नहीं मिलेगा।

## पावन प्रसंग

# पर्व त्योहारों का प्रयोजन

वर्ष में प्राय: चालीस पर्व पहले से ही हैं। उनमें से दस का निर्वाह तो उत्तम है, वे दस पर्व इस प्रकार हैं-बसंत पंचमी, शिवरात्रि, होली, राम नवमी, गायत्री जयंती, गुरु पूर्णिमा, श्रावणी, जन्माष्टमी, विजयादसमी, दीपावली-इन दस का विशेष महत्व है। अत: पर्वों को उत्साहपूर्वक मनाया जाना चाहिए। इन्हें जहां भावनापूर्वक मनाया जाता है, वहां सुसंस्कारिता की उमंगें उठती रहती हैं और सत्प्रवृत्तियां पनपती रहती हैं। जिनकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति व समाज के लिए अनिवार्यत: होती है। मनुष्य स्वभाव से ही अनुकरणशील प्राणी है। दूसरों को कोई शुभ काम करते देखकर उसके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा स्वत: ही उत्पन्न होती है। यही मूल कारण है कि सामूहिक आयोजनों के रूप में पर्वों का प्रचलन शुरु हुआ। समाज के ढांचे को सुव्यवस्थित बनाए रखने में पर्वों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

धर्मधारणा एवं आस्तिकता के भावों की वृद्धि के साथ ही धार्मिक और सामाजिक त्योहारों का एक प्रमुख उद्देश्य सामूहिकता की वृद्धि करना है। मानव जीवन की सफलता के लिए जैसे व्यक्तिगत उन्नति और सत्प्रवृत्तियों को ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहीं समाज संगठन को सुदृढ़ बनाना और पारस्परिक सहयोग के द्वारा सामाजिक हित की बड़ी योजनाओं की पूर्ति करना भी अत्यावश्यक है। इसके लिए लोगों में पारस्परिक एकता, भाईचारे की मनोवृत्ति का उत्पन्न होना आवश्यक है। हमारे यहां होली, दीपावली, गंगा दशहरा आदि के जो त्योहार और पर्व नियत किए गए हैं, उनका विशेष उद्देश्य यही है कि लोग परस्पर प्रेमपूर्वक मिलें और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ बनाएं।

जो त्योहार या उत्सव किसी प्राचीन महापुरुष या अवतार की जयंती के रूप में मनाए जाते हैं, उनका एक बहुत बड़ा लाभ यह होता है कि जनता को उनके द्वारा सच्चरित्रता, नैतिकता, सेवा, सद्भावना आदि की शिक्षा देशों में मनाए जाते हैं और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जन साधारण अपने उन महान पूर्वजों के चरित्रों से उच्चकोटि के सद्गुणों की प्रेरणा प्राप्त करें। वास्तव में जिस समुदाय में ऐसे महापुरुषों का अभाव है, वह उन्नति की आशा नहीं रख सकता, क्योंकि साधारण मनुष्य के लिए बिना किसी मार्गदर्शन अथवा प्रकाश स्तंभ के संसार में सफलतापूर्वक अग्रसर हो सकना संभव नहीं है। यही कारण है कि उन्नति की कामना रखने वाली जातियां अपने पूर्व पुरुषों के चरित्रों और महान कार्यों को गौरव के साथ याद करती है। उदाहरण के लिए यूरोप में फ्रांस और एशिया में जापान का उल्लेख कर सकते हैं। ये दोनों देश अपेक्षाकृत छोटे होने पर भी वीर पूजा के गुण के कारण ही संसार की राष्ट्र मंडली में अग्रगण्य बन गए।

ज्ञान अकेला अपूर्ण और अधूरा है कर्म कुशलता के अभाव में कथनी और करनी में अंतर आने लगता है। श्रावणी पर्व अपने ज्ञान को, कर्म की शक्ति को सृजन की प्रेरणा देने वाला पर्व है। हमारा ज्ञान वाणी से नहीं, आचरण से व्यक्त हो। हमारी शक्ति किसी को दबाने/झुकाने या निरर्थक कार्यों में नहीं, सृजन में लगे। श्रावणी पर्व की पृष्ठभूमि में जो पौरामिक कथा है, विष्णु की नाभि से कमल नाल का निकलना और उसमें से ब्रह्मा का अवतरण होना तथा सृष्टि का निर्माण करना, वही अर्थ है और उसमें हमें सृजन की, निर्माण की ही प्रेरणा लेनी चाहिए।

श्रावणी पर्व में प्रधान रूप से ध्यान देने योग्य दो तथ्य हैं। शिखा परिष्कृत विचारणा,, आदर्शवादी आस्था, उत्कृष्ट जीवन नीति का प्रतीक है। राष्ट्र ध्वज को सर्वोपरि सम्मान दिया जाता है और उसी से यह जाना भी जा सकता है कि वह आदर्शों का अनुयायी है। मानवीय मस्तिष्क पर लहराने वाली शिखा-ध्वजा उसके लिए सर्वोपरि है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# राष्ट्रीय राजनीतिक सामाजिक परिवेश में बदलाव का दौर

उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद यूपी सहित देश में बदलाव का दौर दिखाई दे रहा है। उत्तरप्रदेश एक जंगलराज के नाम से जाना जाता था। योगी आदित्यनाथ के रूप में यूपी को एक आइकॉन मिल गया। सन्यासी को सिंहासन पहली बार नहीं मिला है। ऐसा भी नहीं है और न ही भाजपा ने यह करतब पहली बार किया है। इसके पहले भगवाधारी साध्वी उमा भारती मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। गोरखपुर में योगी जनता दर्शन दरबार लगाकर जन समस्याओं पर ध्यान देकर अधिकारियों को निर्देश देना वे अपना धर्म समझते हैं। योगी का निर्णय सटीक रहता है। वे जल्दबाजी में कोई निर्णय करना नहीं चाहते हैं। उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने एक भयरहित शासन दिया है। रोड रोमियो को अपनी जगह बताने वाले योगी सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर काम कर रहे हैं। महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, शोषण वृति, दुष्कर्म और धर्मांतरण जैसे दूषण पर सख्ती बरत रहे हैं। योगी का अपना कद है। कानून व्यवस्था की बात पर कभी कोई समझौता नहीं करने वाले योगी ने हमेशा अपराध जगत से जुड़े मवालियों को सुधरने का मौका दिया है। वे छवि को बनाए रखने में मेहनत करते हैं। उत्तरप्रदेश की जीडीपी की बात करें तो आर्थिक स्वावलंबन में देश के दूसरे पायदान पर है। मोदी के राजनीतिक उत्तराधिकारी मिल गए हैं। पार्टी खांटी हिंदुत्ववादी छवि वाले आक्रामक शैली में भाषण देने वाले योगी की शैली आज भी पूर्ववर्ती ही है। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ की भूमिका अहम रहेगी। जिस तरह योगी ने समन्वय स्थापित कर उत्तरप्रदेश में जनता का दिल जीत लिया है। वह काबिलेतारीफ है। दस साल में देश में कोई सांप्रदायिक घटना नहीं होने पर भाजपा और मोदी पर लोगों का पूरा भरोसा हो गया है। योगी के सामने चुनौतियां थीं तो यूपी में कठोर निर्णय लेने पर मजबूर किया गया। अब उत्तरप्रदेश में शांति और भाईचारा है। बहन, बिटिया सुरक्षित हैं। उपद्रवियों को अपना ठौर मिल गया है। योगी की छवि ईमानदार व्यक्ति की रही है। पूरे सूबे को परिवार मानने वाले और अपने परिवार को राज्य से अलग दृष्टि से नहीं देखने वाले विरले ही होते हैं। उनके सांसारिक परिवार में एक बहन चाय बेचकर गुजारा करती थी, लेकिन राजधर्म का पालन करने वाले योगी ने परिवारधर्म को पीछे छोड़ दिया। गोरखपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम में हर एक व्यक्ति की समस्या सुनकर उनके अधिकारों के तहत अधिकारियों को निर्देश देते हैं और उनके स्तर पर कार्य पूर्ण करवाते हैं। त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देने वाले मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दो सौ लोगों की शिकायत हर जनता दर्शन में सुनते हैं। उनका निस्तारण भी हाथों हाथ करवाते हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## मेक्सिको में बस दुर्घटना में सोलह लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में मंगलवार को एक बस दुर्घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 36 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मध्य मैक्सिकन राज्य प्यूब्ला में हुई। प्यूब्ला के आंतरिक विभाग ने सोशल मीडिया पर कहा कि दुर्घटना मंगलवार तड़के कुआकोनोपालन-ओक्साका राजमार्ग के 91केएम पर हुई। घायलों को तेहुआकान जनरल अस्पताल और अन्य चिकित्सा केंद्रों में ले जाया गया।

# देश विदेश

15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बोले चीनी राष्ट्रपति

# अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति को आकार देने वाली महत्वपूर्ण शक्ति है ब्रिक्स

**बीजिंग,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 23 अगस्त को जोहान्सबर्ग में आयोजित 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर एक महत्वपूर्ण भाषण दिया, जिसका शीर्षक 'एकजुटता व समन्वय से विकास का अनुसरण करना और साहसी व जिम्मेदारी से शांति बढ़ाना' है। शी ने अपने भाषण में कहा कि ब्रिक्स देश अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति शेपिंग करने की महत्वपूर्ण शक्ति है। हम स्वतंत्रता से विकास का रास्ता चुनते हैं, एक साथ विकास अधिकार की सुरक्षा करते हैं और आधुनिकीकरण की ओर बढ़ते हैं। यह मानव समाज के विकास की दिशा का

> 'हमें आर्थिक ,व्यापारिक व वित्तीय सहयोग बढ़ाना चाहिए ताकि आर्थिक विकास को मदद मिले।'






प्रतिनिधित्व करता है और निश्चय ही विश्व विकास की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स सहयोग कुंजीभूत दौर से गुजर रहा है। हमें संयुक्त सशक्तिकरण की प्रारंभिक अभिलाषा का पालन कर विभिन्न क्षेत्रों का सहयोग मजबूत करना, गुणवत्ता साझेदारी बढ़ाना, वैश्विक शासन को अधिक न्यायपूर्ण व युक्तियुक्त दिशा की ओर बढ़ाना और विश्व में अधिक निश्चितता, स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा डालनी चाहिए। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि हमें आर्थिक ,व्यापारिक व वित्तीय सहयोग बढ़ाना चाहिए ताकि आर्थिक विकास को मदद मिले। हमें राजनीतिक सुरक्षा सहयोग का विस्तार करना चाहिए ताकि शांति व सौहार्द की सुरक्षा की जाए। हमें सांस्कृतिक आदान प्रदान मजबूत कर, न्याय व निष्पक्षता पर कायम रहकर वैश्विक शासन संपूर्ण बनाना चाहिए।

## ब्रिक्स के विस्तार में भारत ने हासिल की अहम भूमिका

**जोहान्सबर्ग।** ब्राज़ील, रूस, भारत, रूस एवं दक्षिण अफ्रीका के कूटनीतिक समूह ब्रिक्स के विस्तार की योजना में भारत ने सहमति कायम करने को लेकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर शिखर नेताओं के रिट्रीट के दौरान इस संगठन में विस्तार के बारे में चर्चा हुई। नये सदस्यों की सदस्यता की अर्हता एवं चुनाव के तरीके के बारे में भारत के सुझावों पर सहमति कायम करने में कामयाबी मिली है। रिट्रीट में मेज़बान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा तथा रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे रूसी उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शामिल हुए।

## रूस 2024 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की करेगा मेजबानी



**मॉस्को।** रूस अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा और अक्टूबर में कजान शहर में ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री पुतिन ने दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में एक परिपूर्ण सत्र में कहा, अगले साल, ब्रिक्स की अध्यक्षता रूस को सौंपी जाएगी। हम लगभग 200 राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कार्यक्रमों की योजना बना रहे हैं, जिन्हें 12 रूसी शहरों में आयोजित किया जाएगा।

## सुडोकू 6295

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | | | | 6 | 2 | | 4 |
| | 5 | | | | 7 | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | 1 | | 2 | | 6 | |
| | | | 5 | | | | | 7 |
| | | 6 | 7 | | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 6 | | | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 24 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 6**

### राशिफल

मेष -आप का आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अनूठी अनुभूति कराने वाला रहेगा। आपको रहस्यमयी विद्या आपको आकर्षित करेगी। आज आध्यात्मिक सिद्धि मिलने का भी योग हैं।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा।

मिथुन -आज आप का दिन बहुत अच्छा गुजरने वाला है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेगा। खर्च होगा, लेकिन वह निरर्थक नहीं होगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कर्क -आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी रखने का है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। खिन्नता रहेगी।

सिंह -आज आप शारीरिक रुप से अस्वस्थ तथा मानसिक रूप से चिंतित रहेंगे। घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी हो सकती है। माता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। घर की महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

कन्या -किसी भी काम में सोच समझकर आगे बढ़ें। भाई-बहनों के साथ प्यारभरा संबंध बना रहेगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रत्येक काम में सफलता मिलने की संभावना है। आर्थिक लाभ की संभावना भी अधिक है।

तुला -आज आप का मनोबल कमजोर रहेगा। किसी निर्णय पर जाना कठिन हो सकता है। नए काम की शुरुआत ना करें और महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपने स्वभाव में जिद्दीपन छोड़ दें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए शुभ है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। स्वजनों से भेंट या उपहार मिल सकता है।

धनु -आज का दिन आपके लिए कठिनता भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मनदुःख हो सकता है। वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा।

मकर -मित्रों, सम्बंधियों से की गई भेंट से आपका दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। सामाजिक क्षेत्र, व्यापार तथा आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी रहेगा। जीवनसाथी की खोज करने वालों का रिश्ता पक्का होने के योग हैं।

कुंभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। आज प्रत्येक काम में सरलता से सफलता प्राप्त होगी। आप मानसिक रूप से प्रफुल्लित रहेंगे। नौकरी में अधिकारियों की प्रसन्नता के कारण पदोन्नति के योग हैं।

मीन -मन की अस्वस्थता के कारण आप आज चिंतित रहेंगे। शरीर में थकान और आलस्य का अनुभव होगा। अधिकारियों के साथ बातचीत में सावधानी रखें। संतान के विषय में आपको चिंता रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अल्जीरिया के साथ सहयोग में तेजी लाएं : रायसी

**तेहरान,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने अल्जीरिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों को विकसित करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने का आह्वान किया। इससे संयुक्त आर्थिक सहयोग आयोग को सक्रिय और दोनों पक्षों के बीच सहयोग में तेजी ला सकें। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में अल्जीरिया की पीपुल्स नेशनल असेंबली के अध्यक्ष इब्राहिम बौघाली के साथ एक बैठक में श्री रायसी ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में सुधार की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

बयान में कहा गया कि श्री रायसी ने कहा कि अल्जीरियाई स्पीकर की तेहरान यात्रा पहले से ही विस्तारित द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

बयान के मुताबिक, ईरान प्रतिबंधों और दबाव को विकास के अवसरों में बदलने में कामयाब रहा है। श्री रायसी ने मैत्रीपूर्ण और भाईचारे वाले अल्जीरिया के साथ अपने अनुभव और उपलब्धियों को साझा करने के लिए अपने देश की तत्परता व्यक्त की। श्री रायसी ने कहा कि दोनों देशों का क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के प्रति समान दृष्टिकोण है और वे दोनों देशों और मुस्लिम दुनिया के हितों के अनुरूप अपने द्विपक्षीय रचनात्मक और उपयोगी सहयोग को बढ़ा सकते हैं। बयान के अनुसार, श्री बौघली ने दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनयिक आदान-प्रदान पर संतोष व्यक्त किया।

## क्षेत्रीय देशों के साथ अफगानिस्तान के रिश्ते बेहतर : मुत्ताकी

**काबुल,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी ने दावा किया है कि अफगान कार्यवाहक सरकार के क्षेत्रीय देशों के साथ संबंध मजबूत होने की राह पर है। राज्य मीडिया ने श्री मुत्ताकी के हवाले से यह जानकारी दी है। मंगलवार को सरकारी समाचार एजेंसी 'बख्तर' के अनुसार श्री मुत्ताकी ने एक सरकारी जवाबदेही कार्यक्रम की बैठक में कहा कि पिछले साल 10,000 यूरोपीय सहित 70,000 विदेशी पर्यटकों ने अफगानिस्तान के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। प्रेस एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा कि सरकार ने पड़ोसी देशों के



साथ सीमा मार्गों को खुला रखा है ताकि अफगान उत्पादों को विदेशों में निर्यात किया जा सके। एजेंसी ने कहा कि विदेश मंत्रालय क्षेत्रीय देशों के साथ एक संयुक्त समिति के माध्यम से अफगान शरणार्थियों की समस्या को हल करने की योजना पर भी काम कर रहा है।

## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी बल्ख प्रांत में सड़क दुर्घटना में छह यात्रियों की मौत हो गई है। प्रांतीय अस्पताल के प्रवक्ता खैर मोहम्मद खैर ख्वा ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री ख्वा ने बताया कि यह दुर्घटना बल्ख प्रांत के चाहरबोलक जिले में जौजजान-बल्ख राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर बाद घटी। यह हादसा लापरवाही से चलायी जा रही दो कारों के अनियंत्रित होकर टकरा जाने से हुआ। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गयी और कुछ लोग घायल हो गये। इस दुर्घटना में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है। उन्नीस अगस्त के बाद से देश में यह चौथी सड़क दुर्घटना है।

## वर्ग पहेली 6295



**बायें से दायें:-**

१. जिसका कुछ अंश बाकी बचा हो, बाकी, शेष, अपूर्ण, अधूरा
३. राय, सलाह
५. आकाश, वर
६. भलाई चाहने वाला
७. दान करने वाला, दानी
९. सरस्वती, दुर्गा
१०. आग उगलने वाला, हथियार
१२. कुबेरपुरी
१३. तो भी, तिस पर भी
१४. विद्यमान, हाजिर
१६. न्यूनाधिक्य का विचार, मिलान, समता, आपेक्षिक संबंध
१८. मिलन
२०. किरण
२१. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम

**ऊपर से नीचे:-**

१. समूह संबंधी
२. शिरोभूषण, मुकुट, पर्वत-शिखर
३. पिता का दादा
४. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु
५. गणित
८. प्रति पक्षी को लड़ने की चुनौती देना
१०. इल्जाम मढ़ना
११. बिताया हुआ
१२. किंतु
१३. घुड़साल
१४. श्रेष्ठता
१५. वह चित्र जो चलता हुआ न हो (स्टील फोटो फ्रेम)
१७. बागडोर
१८. भौंरा, भ्रमर
१९. शरण (उर्दू)
२२. हलकी किंतु लगातार होने वाली वर्षा

### वर्ग पहेली-6294



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## जेल में बंद थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री की तबियत बिगड़ी

**बैंकॉक,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को सीने में दर्द, उच्च रक्तचाप और ऑक्सीजन की कमी की परेशानी के बाद उन्हें पुलिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को निर्वासन से लौटने के बाद उन्हें जूल में बंद कर दिया गया था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को अदालत में पेशी के बाद थाईलैंड लौटने पर श्री शिनावात्रा को जेल में



डाला गया था। उन्हें तीन मामलों में दस साल की सजा सुनायी गयी है। सुधार विभाग ने एक बयान में कहा कि श्री शिनावात्रा के सीने में दर्द, उच्च रक्तचाप और ऑक्सीजन के स्तर में कमी आने पर उन्हें आज सुबह बैंकॉक के पुलिस अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता था। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि जांच के बाद पता चला कि श्री शिनावात्रा (74) को कई बीमारियाँ हैं। उन्हें देखभाल की जरूरत है।

## भारत-बंगलादेश रेलवे लाइन पर ट्रैक कार का सफलतापूर्वक संचालन

**अगरतला,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने मंगलवार को अगरतला से भारत और बंगलादेश के बीच ढाका के माध्यम से कोलकाता को जोड़ने वाले सीमा पार कनेक्टिविटी के लिए नवनिर्मित रेलवे लाइन पर विशेष रूप से डिजाइन किए गए ट्रैक कार का सफल संचालन किया । रेलवे अधिकारियों ने बुधवार को यहां कहा कि ट्रैक कारों के निर्बाध संचालन ने बंगलादेश के अखौरा में अगरतला और गंगासागर रेलवे स्टेशनों के बीच एक रेलवे इंजन के ट्रायल रन का रास्ता साफ कर दिया। ट्रैक कार के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शून्य रेखा तक पहुंचने में लगभग 75 मिनट लगे । अधिकारियों ने कहा कि परीक्षण ट्रेन के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने में कुछ दिन और लगेंगे। ऐसे संकेत हालांकि मिले हैं कि अति महत्वाकांक्षी भारत-बंगलादेश ट्रेन सेवा का शुभारंभ संभवतः नौ सितंबर को होगा , जब दोनों देशों के प्रधानमंत्री नयी दिल्ली में एक साथ होंगे।

## थाईलैंड नरेश ने श्रेत्त थाविसिन को प्रधानमंत्री नियुक्त किया

बैंकॉक। थाईलैंड के राजा महा वज्रलांगकर्ण ने फिउ थाई पार्टी के श्रेत्त थाविसिन की देश के प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। थाईलैंड की संसद के अध्यक्ष के कार्यालय के प्रवक्ता कैम्पी दित्तकर्ण ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने राजा को एक पत्र लिख कर प्रधानमंत्री चुनाव के नतीजे के बारे में सूचित किया और राजा ने 30वें प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए मंजूरी दे दी है।

## आज का इतिहास

1600-ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जहाज 'हेक्टर' सूरत के तट पर पहुंचा।
1690-कलकत्ता शहर का स्थापना दिवस।
1908-स्वतंत्रता सेनानी राजगुरु का जन्म।
1914-प्रथम विश्व युद्ध = जर्मन सेना ने नैमूर पर क़ब्ज़ा किया।
1924-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ राम निवास मिर्धा का जन्म।
1969-वाराहगिरि वेंकट गिरि भारत के चौथे राष्ट्रपति बने
1974-फ़ख़रुद्दीन अली अहमद भारत के पांचवें राष्ट्रपति बने
1991-यूक्रेन सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना।
1995-उत्तरी अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट विन्डोज 95 की आम जनता के लिए शुरूआत।
1999-पाकिस्तान ने कारगिल ऑपरेशन के दौरान भारत द्वारा पकड़े गये 08 युद्धबंदियों को युद्धबंदी मानने से इंकार किया।
2000-बंगलादेश के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मद इरशाद को 05 वर्ष की सज़ा।
2002-अमेरिका के उप-विदेशमंत्री रिचर्ड आर्मिटेज ने भारत-पाकिस्तान से बातचीत शुरू करने का अनुरोध किया।
2004-फ़िलिस्तीनियों को अहिंसा का पाठ पढ़ाने अरुण गांधी रामल्ला पहुँचे।
2006-अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ ने प्लूटो (यम) का ग्रह का दर्जा समाप्त किया।
2008-पेइचिंग ओलंपिक का समापन।
2009-वेनेजुएला की स्टेफेनिया फर्नाडिज %मिस यूनीवर्स-2009% चुनी गईं।

**परेशानी** *संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने दी जानकारी*

## सूडान में नए सिरे से लड़ाई से सहायता वितरण बाधित

**संयुक्त राष्ट्र, 23 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में नए सिरे से शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने का आह्वान किया है ताकि दक्षिण दारफुर और दक्षिण कोर्डोफान में नागरिकों को सहायता प्रदान की जा सके।**

**मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने मंगलवार को कहा, हम देश के कई हिस्सों में नए सिरे से लड़ाई के प्रभाव को लेकर बेहद चिंतित हैं। ओसीएचए ने कहा कि इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने दक्षिण दारफुर राज्य की राजधानी न्याला में कम से कम 60 लोगों के मारे जाने और 250 लोगों के घायल होने की सूचना दी है।**

कम से कम 50,000 लोग अपने घर छोड़कर चले गए, और राहत सामग्री से भरे ट्रकों को रोक दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूडान के पश्चिमी भाग में सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच लगभग एक सप्ताह पहले फिर से लड़ाई शुरू हो गई।



ओसीएचए ने कहा कि दक्षिण कोर्डोफान राज्य की राजधानी कडुगली में खाद्य भंडार लगभग पूरी तरह से समाप्त हो गए हैं और लड़ाई के कारण लगभग 6,700 लोग अपने घरों से दूसरे इलाकों में चले गए।

कार्यालय ने कहा, हम सूडान में संघर्ष में शामिल पक्षों से शत्रुता बंद करने और जरूरतमंद नागरिकों को जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने की अनुमति देने का आह्वान करते हैं।

## कतर ने 2 ईरानी कैदियों को वापस भेजा

तेहरान। कतर में कैद दो ईरानियों को रिहा कर दिया गया है और वे अपने देश लौट आए हैं। कतर में ईरानी राजदूत हामिद्रेजा देहघानी ने ये जानकारी दी। राजदूत ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर कहा कि दोहा में ईरानी दूतावास के कर्मचारियों के प्रयासों की बदौलत सोमवार रात को दोनों को मुक्त कर दिया गया और ईरान वापस भेज दिया गया। देहघानी ने कहा कि दोनों ईरानियों ने हय्या कार्ड से कतर में प्रवेश किया - कतर में प्रवेश परमिट का उपयोग फीफा विश्व कप 2022 के दौरान किया गया - और बिना परमिट के देश में काम किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरानी दूतावास ने पहले ही चेतावनी दी थी कि हय्या कार्ड अरब देश में काम करने के लिए परमिट के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। जून में कतर ने देश में कैद सात ईरानी नागरिकों को रिहा किया था। फ़ार्स के अनुसार, उनमें से छह को कतर के क्षेत्रीय जल में अवैध प्रवेश के लिए हिरासत में लिया गया था।

## दुनिया को जानें

### महिला ने मस्क की टेस्ला को ठहराया पति की मौत का जिम्मेदार, मुकदमा किया

**न्यूयॉर्क,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में एक महिला ने पति की मौत के मामले में टेस्ला पर मुकदमा दायर किया है। महिला के पति की मौत मॉडल 3 वाहन से हुई दुर्घटना के चलते हो गई थी। न्यूयॉर्क में 12 मार्च 2022 को खराबी आने के कारण 46 वर्षीय जियोंग वू हान की टेस्ला कार एक पेड़ से टकरा गई और वाहन में आग लग गई। इस दुर्घटना में हान की मौत हो गई। अब, वादी जियोंग यून ने कार को अनुचित रूप से खतरनाक डिजाइन, निर्माण, वितरण और बिक्री में भूमिका और हैन की मौत का कारण बनने के लिए न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय में टेस्ला पर मुकदमा दायर किया है। मुकदमा कानून द्वारा वसूली योग्य सभी क्षति के लिए टेस्ला के खिलाफ फैसले की मांग कर रहा है। जिसमें आर्थिक क्षति, कमाई की क्षमता, मानसिक पीड़ा, दर्द, दंडात्मक क्षति, लागत और ब्याज शामिल हैं। मुकदमा तब आया जब इलेक्ट्रिक कार निर्माता के इंजीनियरों ने कथित तौर पर अपनी गवाही में स्वीकार किया कि मस्क की टेस्ला ने 2016 में अमेरिका में दुर्घटना के बाद ऑटोपायलट सिस्टम को ठीक नहीं किया था, जिसमें एक ड्राइवर की मौत हो गई थी।

# प्रादेशिकी

## कोटा जिले में भ्रमण करेगी अत्याधुनिक कैंसर निदान वैन

**कोटा,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा जिले में अत्याधुनिक कैंसर निदान वेन को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ऐसी एक वैन कोटा संभाग में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से कोटा कलेक्ट्रेट स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में किया। इस अवसर पर 58.42 करोड की लागत से पब्लिक हेल्थ कॉलेज निर्माण व 270 बेड के 3061 लाख लागत के नए पीजी हॉस्टल निर्माण का शिलान्यास किया गया जबकि 37 करोड से अधिक लागत के कार्यों का लोकार्पण हुआ।

## हिमाचल में आसमान से बरसी आफत, 13 लोगों की मौत



**शिमला,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में भारी भूस्खलन से पिछले 24 घंटों में प्रवासी दंपती सहित 13 लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लापता है। राज्य में पिछले 24 घंटे के भीतर 14 साल की किशोरी सहित पांच की लोगों की मौत हो गयी है। सराज विधानसभा की ग्राम पंचायत कलहणी के गांव डगैल में एक घर के भूस्खलन की चपेट में आने से किशोरी सहित दो की मौत हुई। मृतकों के शवों को मलबे से कड़ी मशक्कत के बाद निकाल लिया गया। पुलिस ने मृतकों की पहचान 14 वर्षीय गोपी पुत्री मीनू राम और उसके 62 वर्षीय नाना परमानंद पुत्र नुरसू राम के तौर पर हुई है। दोपहर तक की सूचना के मुताबिक सराज में मलबे में 10 लोगों के दबे होने की भी सूचना है। चार शव बरामद कर लिए गए हैं। उधर, सराज विधानसभा के ही बूनाड गांव में नेक सिंह की गौशाला में दबने से मौत हो गई। सुबह के वक्त मृतक पशुओं को निकालने के लिए गया था।

शिमला के गांव शोल (बलदेयां) में भारी भूस्खलन में एक प्रवासी दंपती की मौत हो गई है। मंडी जिले में बारिश के तांडव से नुकसान के आंकड़े डराने वाले हैं। वहीं, एक अन्य जानकारी के मुताबिक चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय उच्चमार्ग पर रैंस नाला में अत्यधिक पानी एवं मलबा आने से टनल भी मलबे एवं पानी से भर गई है।

आलम ये है कि मलबा एक छोर से प्रवेश करने के बाद दूसरे छोर से बाहर निकल रहा है। दीगर है कि हाल ही की पिछली बरसात में मंडी जिला में करीब दो दर्जन लोगों की मौत हो गई थी।

बुधवार को ऑरेंज अलर्ट के बीच आसमान से आफत बरसी है। प्रदेश में तीन नेशनल हाईवे समेत 530 सड़कें अवरुद्ध हैं। 2897 बिजली ट्रांसफॉर्मर ठप और 214 पेयजल योजनाएं प्रभावित है। राजधानी में भारी बारिश से तबाही हुई है। रात से ही घरों और सड़कों पर पेड़ ढह रहे है। कई सड़कें भूस्खलन से बंद हो गई हैं। कृष्णानगर, नाभा, फागली, कोमली बैंक में भूस्खलन का खतरा मंडरा गया है।

सराजघाटी में अधिक नुकसान हुआ है। दो स्कूलों के साथ यहां पर 80 से अधिक मवेशी खोलनाल के नाले में बह गए हैं। दादा-पोती और दो महिलाओं के बहने की खबर है। एक 16 वर्षीय छात्र के बगलामुखी के पास दबने से मौत हो गई है जिसका शव भी बरामद हो गया है।

इसके अलावा मकान के गिर जाने से एक व्यक्ति की मलबे में दबकर मौत हो गई है। अब तक करीब सात से आठ लोगों के मरने के आशंका जताई जा रही। बारिश से हुए नुकसान और स्थिति की जानकारी एडीएम मंडी अश्वनी कुमार प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देंगे।

अभी तक बहुत अधिक नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। सलोगड़ा के समीप परवाणू शिमला फोरलेन बंद हो गया है। कुल्लू में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल प्रदेश में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 27 अगस्त तक मौसम खराब रहेगा। शिमला-चंडीगढ़, कुल्लू-मनाली और मंडी-पठानकोट एनएच बंद होने से कई क्षेत्रों का संपर्क कट गया है। सोलन, शिमला, मंडी और हमीरपुर जिला में बिजली संकट गहरा गया है।

कुल्लू को जोड़ने वाली सड़कें बंद हो गई हैं। इस वजह से सैकडों वाहन फंस गए हैं।

उधर, कालका-शिमला नेशनल हाईवे पांच चक्कीमोड़ में वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद हो गया है। बारिश के बीच सुबह पहाड़ी से मलबा और पत्थर सड़क पर आए हैं। इसके चलते सड़क पर से सभी प्रकार के वाहनों की रफ्तार पर रोक लग गई है। भारी बारिश से शिमला के लिए पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। आज से शहर में कट लगेगा। अगले तीन दिन परेशानी झेलनी होगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले 72 घंटों के दौरान बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन, ऊना में अधिकांश स्थानों पर मध्यम और कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज के लिए कुछ स्थानों पर भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## भगवंत मान किसानों के खातों में 20 हजार रुपए कब डालेंगे : जाखड़



**चंडीगढ़,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने बुधवार को कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान के झूठे दावों की सच्चाई एक बार फिर उजागर हो गई है और वह अब किसानों को बिना गिरदावरी के 20 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने के अपने वादे से कथित तौर पर भाग गए हैं।

श्री जाखड़ ने कहा कि किसानों को अब गिरदावरी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। सरकार किसानों को मुआवजा देने के बजाय उन पर अत्याचार कर रही है। राज्य के किसानों पर दोहरी मार पड़ी है। एक तरफ सरकार की लापरवाही से राज्य में बाढ़ और दूसरा उसका अहंकार और पुलिस की दबंगई। किसानों को मुश्किल घड़ी में मुआवजा देने के बजाय सत्ता के नशे में आम आदमी पार्टी(आप) सरकार किसानों पर लाठीचार्ज कर रही है जिससे संगरूर में एक किसान की मौत हो गई। उन्होंने इस मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अब यह भ्रम भी दूर हो गया है कि पंजाब सरकार आम लोगों की सरकार है। उन्होंने तंज कसा कि वास्तव में यह अब दिल्ली के लोगों की सरकार बन गई है जिन्हें पंजाब के लोगों से या उनके दर्द से कोई मतलब है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब तक कहते रहे हैं कि आप दिल्ली मॉडल पर किसानों के खातों में सीधे 20-20 हजार रुपये डालेगी लेकिन जो अब तक नहीं डाले गये हैं। केंद्र सरकार ने गत 13 जुलाई को ही 218.40 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे तो सरकार ने इसमें 186 करोड़ रुपये जारी करने में इतनी देर क्यों की? उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने केवल केंद्र सरकार का पैसा इस्तेमाल किया है। जनता को राज्य के खजाने से कोई मदद नहीं दी जा रही है? जबकि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है।

श्री जाखड़ ने कहा कि श्री मान ने कहा था कि पंजाब में ऐसा माहौल देंगे कि अंग्रेज यहां काम करने आयेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि राज्य के युवा रोजगार की तलाश में विदेश जा रहे हैं। उन्होंने दुख व्यक्त किया कि काम की तलाश में इटली गए मोहाली के युवक टोनी(21) की लीबियाई माफिया से बच कर भागते समय मौत हो गई। अफसोस की बात है कि युवाओं को ऐसे जोखिम उठाने पड़ रहे हैं लेकिन इस सबके लिये पंजाब सरकार ही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि राज्य में सक्रिय दुष्ट एजेंट युवाओं को बाहर भेजने के नाम पर उन्हें मौत के मुंह में धकेल रहे हैं।

### सार संक्षेप

#### उपायुक्त ने शिमला शहर में भारी बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने आज शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया, अवरुद्ध मार्गों को खुलवाया और राहत कार्यों का निरीक्षण किया। श्री आदित्य नेगी ने बुधवार को शिमला शहर के कनलोग, बीसीएस एवं अन्य क्षेत्रों में हुए भारी बारिश से भूस्खलन का जायजा लिया तथा अधिकारियों को सड़कों को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि भारी बारिश एवं आपदा की इस घड़ी में जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और हर छोटी बड़ी घटना पर तुरंत कार्यवाई की जा रही ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भारी बारिश की चेतावनी के चलते वह अति आवशयक होने पर ही घरों से बाहर आएं। इसके अतिरिक्त किसी भी आपदा की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करें।

#### हरियाणा के छोरे-छोरियां उच्च शिक्षा के लिये जाएंगे जर्मनी : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के 32 विद्यार्थी जर्मनी में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए जल्द ही उड़ान भरेंगे। इन्हें निशुल्क पढ़ाई के साथ क़रीब 80 हज़ार रुपए प्रतिमाह भी मिलेंगे। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर प्रदेशभर के 32 लड़के और लड़कियों को जर्मनी का वीज़ा वितरित किया। इस अवसर पर वीज़ा हासिल करने वाले युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी अभिभावकों ने दिन रात मेहनत कर आपको अच्छी शिक्षा दिलाई है, ऐसे में आप सबका फ़र्ज बनता है कि जर्मनी में पहुंचकर आगे की शिक्षा बेहतर ढंग से लें और देश-प्रदेश के साथ ही अपने माँ-बाप का नाम गौरवान्वित करें। उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि पढ़ाई के साथ काम करने से आपके परिवार पर भी आर्थिक बोझ नहीं बढ़ेगा और परिश्रम की भी आदत बनेगी। इस अवसर पर इन युवाओं का मार्गदर्शन वाली हिसार स्थित संस्था क्रॉस एंड क्लाईम्ब ग्लोबल एजुकेशन अकादमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणविजय सिंह नरवाल ने बताया कि जर्मनी ने भारतीय युवाओं के लिए वीजा प्रक्रिया बहुत आसान कर दी है जिसके तहत ये युवा वहां पढ़ाई और नौकरी कर सकते हैं।

#### सुडोकू 6295 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 |

## भारत दुनिया को दे पाया संदेश : गोयल



**जयपुर,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत ने जी-20 की अलग अलग शहरों में बैठकें करके इसे देश के कोने-कोने तक पहुंचाकर एक नया कीर्तिमान कायम किया वहीं इस दौरान पूरा देश एक सूत्र में बंधकर पूरे विश्व को एक संदेश दे पाया है कि भारत अब अंतर्राष्ट्रीय पटल पर कैसे अपना वर्चस्व बना रहा है। श्री गोयल जी-20 के व्यापार एवं निवेश मंत्री समूह की जयपुर में गुरुवार एवं शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले बुधवार को मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व को एक नई सोच पूरी दुनिया एक परिवार है, परिवार का भविष्य हम सबका सामूहिक दायित्व है, इस विषय को लेकर जी-20 को भारत के कोने कोने तक पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि अलग अलग साठ शहरों में जी-20 बैठकें हुई और इस दौरान दो सौ बैठकें करके भारत ने एक नया कीर्तिमान स्थपित किया है। यह पहली बार है कि इतनी व्यापक रुप में बैठके की गई और देश के 140 करोड़ लोगों ने जी-20 का अनुभव लिया और एक प्रकार से उसे अपनाया है।

उन्होंने कहा कि इस दौरान पूरा देश एक सूत्र में बंधकर पूरे विश्व को एक संदेश दे पाया कि भारत अब अंतर्राष्ट्रीय पटल पर कैसे अपना वर्चस्व बना रहा है और नेतृत्व करते हुए कई कीर्तिमान जी-20 की अध्यक्षता के दौरान स्थापित किए है। श्री गोयल ने कहा कि वाणिज्य एवं निवेश संबंधित जो समूह है उसे कैसे बढ़ावा दिया जाये, कम विकसित देशों को नये मौके मिले, इसके लिए पांच प्रमुख विषयों को लेकर जी-20 की अध्यक्षता को आगे बढाया है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व आगे बढ़े और विश्व की प्रगति, समृद्धि एवं विकास के लिए कैसे वाणिज्य अपना रोल अदा करें, कैसे वाणिज्य के माध्यम से हम विश्व स्तरीय सप्लाई चेंज यानि मित्रों देशों के बीच ऐसी सप्लाई चेंज बनाई जाये जो ऐसे रास्ते खोजे, जो बड़ी विपरीत परिस्थितियों में वाणिज्य को अड़चने नहीं आने दे और वाणिजय को तेज गति से बढ़ने का काम करे।

उन्होंने कहा कि सूक्ष्म ,लघु एवं मध्यम उद्योग को कैसे विश्व के वाणिज्य के साथ जोड़ा जाये एवं किस प्रकार आधारभूत सुविधाए ऐसी बनाये जाये जो वाणज्य को और गति दे। श्री गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में क्या परिवर्तन करने से विश्व का व्यापार सरल हो, विश्व व्यापार पारदर्शी हो, सभी देशों को समान अवसर मिले, छोटे व्यापारी, कारीगर, किसान, हथकरघा, मधुआरे सभी क्षेत्रों को कैसे आगे बढ़ाया जाये और इसकी खोज में जी-20 प्रयास कर रहा है।

## वंचित वर्गों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा : डॉ. शांडिल



**शिमला,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि सरकार समाज के वंचित वर्गों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। श्री शांडिल आज यहां अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम लोगों के सशक्तिकरण (ईएसओएमएसए) के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इन वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सुधार के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज़िला शिमला के रझाणा में हिमाचल प्रदेश कोली समाज सामुदायिक केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। इस केन्द्र के निर्मित होने से प्रदेश के सभी वर्गों के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने सभी सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों को परियोजना निर्माण क्षेत्र का सर्वेक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक केन्द्र के निर्माण की निष्पादन एजेंसी हिमुडा को विभाग द्वारा 30 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए इस सामुदायिक केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा वृद्धावस्था पैंशन योजना, अपंग राहत भत्ता, विधवा पैंशन तथा कुष्ठ रोगी पुनर्वास भत्ता जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

## यूटीएस ऐप से जुलाई में 69 हजार से अधिक किए रेल टिकट बुक



**कोटा,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल में यूटीएस ऐप से जुलाई माह में 69 हजार से अधिक यात्रियों ने रेल टिकट बुक करवा कर यात्रा की। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोटा मंडल के स्टेशनों से यात्रा के लिए केवल जुलाई माह में यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से कुल 17296 अनारक्षित टिकट बुक किये गये एवं इस सत्र में सर्वाधिक केवल जुलाई माह में 69500 यात्रियों ने यात्रा किया जिससे 18.66 लाख रूपये कि टिकट बिक्री हुई। जबकि यात्रियों का यह आंकड़ा इस वित्तीय वर्ष अप्रैल में 58766, मई में 64266 एवं जून में 64784 रहा है। कोटा मंडल में इस यूटीएस मोबाईल ऐप पर अब तक कुल 1.18 लाख उपयोगकर्ता पंजीकृत है।

सूत्रों के अनुसार कोटा मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप (यूटीएस) की सुविधा उपलब्ध है। रेल टिकट लेने का यह साधन रेल यात्रियों के बीच लोकप्रिय होने लगा है। रेल यात्री इस मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे हैं, जिससे ऐप से रेल टिकट बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई।

यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुक करने से यात्रियों को प्रोत्साहन एवं सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा मिल रहा है और साथ ही यात्रियों को काउंटर टिकट की लाइन में लगने से निजात मिल रही है।

## गहलोत ने किया 1266 करोड़ रुपए के 68 विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण



**जयपुर,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को 887 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेजों से सम्बंधित चिकित्सा संस्थानों के 32 कार्यों एवं तीन नर्सिंग कॉलेजों के भवनों का शिलान्यास तथा 379 करोड़ रुपए के 36 कार्यों का लोकार्पण किया। श्री गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर 1266 करोड़ रुपए के 68 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री गहलोत ने 7.15 करोड़ रुपए लागत से तैयार छह मोबाइल कैंसर निदान वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके सक्सेस स्टोरीज की पुस्तिका, कैंसर जागरूकता पोस्टर/पेम्पलेट का विमोचन भी किया गया ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में एक मजबूत ढांचा तैयार किया गया है। स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप गांवों-कस्बों तक उत्कृष्ट चिकित्सकीय सुविधाएं पहुंचाई गई है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के चिकित्सा मॉडल को पूरे देश में सराहा जा रहा है। स्वास्थ्य का अधिकार, 25 लाख रुपए तक नि:शुल्क उपचार के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित नि:शुल्क दवाईयां और जांच सुविधा में राजस्थान देश का एकमात्र राज्य बन गया है। चिरंजीवी योजना में 50 लाख से अधिक मरीजों का उपचार किया जा चुका है। प्रतिदिन 1.50 लाख जांच नि:शुल्क की जा रही है। प्रदेश में एमआरआई, सी.टी स्केन जैसी महंगी जांचों के साथ-साथ हार्ट, लीवर, बोनमैरो ट्रांसप्लांट जैसा महंगा इलाज भी नि:शुल्क करवाया जा रहा है। इसी का सफल परिणाम है कि मातृ और शिशु मृत्यु दर में भी कमी आई है।

श्री गहलोत ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में राजस्थान देश में मॉडल स्टेट बन गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य की जैसी चिकित्सकीय योजनाओं को पूरे देश में लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान मॉडल को अपनाकर देशवासियों को एक समान चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए। राज्य के अनुभवी चिकित्सकों से विचार-विमर्श करने के साथ हमारे मॉडल का अध्ययन भी कराना चाहिए।

## शीघ्र जारी होगी नए भर्ती आयोग की अधिसूचना : सुक्खू



**शिमला,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भंग किए जा चुके हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग के स्थान पर नए भर्ती आयोग की अधिसूचना शीघ्र जारी की जाएगी।

नए आयोग की रूपरेखा पर सिफारिशें देने के लिए गठित दीपक शानन समिति ने मंगलवार देर सायं मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नए भर्ती आयोग की कार्यक्षमता के बारे में बताया। उन्होंने प्रस्तावित भर्ती आयोग के संचालन में पारदर्शिता, संरचनात्मक समग्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न उपायों को बताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं के हितों को प्राथमिकता देने वाली पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नया आयोग पूरी तरह से योग्यता-आधारित चयन पर केन्द्रित होगा और पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं जैसी कुरीतियों पर रोक लगाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई प्रणाली में परीक्षा के दौरान मानवीय हस्तक्षेप को कम करने और सत्यनिष्ठा को बनाए रखने के लिए अचूक तरीकों को नियोजित करने पर ध्यान केन्द्रित कर इसकी रूपरेखा तैयार की जाएगी। परीक्षा पत्र तैयार करने, भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और भ्रष्टाचार से निपटने में आधुनिक उपकरणों, प्रक्रियाओं और तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

श्री सुक्खू ने कहा कि नए चयन आयोग का गठन होते ही भर्तियां आरम्भ कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी तथा भर्ती प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार के हेर-फेर के प्रति कड़े कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग को भंग करने का निर्णय बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को दूर करने के दृष्टिगत आवश्यक था।

**प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं के हितों को प्राथमिकता देने वाली पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नया आयोग पूरी तरह से योग्यता-आधारित चयन पर केन्द्रित होगा और पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं जैसी कुरीतियों पर रोक लगाएगा : सुखविंदर सिंह सुक्खू**

समिति के अध्यक्ष दीपक शानन ने कहा कि प्रस्तावित आयोग से संबंधी दूसरी रिपोर्ट शीघ्र ही प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें आयोग की कार्यप्रणाली का और अधिक सटीक विवरण दिया जाएगा।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, सचिव शिक्षा डॉ. अभिषेक जैन, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया, दीपक शानन समिति के सदस्य और निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस मुकेश रेप्सवाल सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोपियों को सुनाई सजा हाईकोर्ट ने रखी बरकरार

**शिमला,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपियों को सुनाई गई सजा बरकरार रखी है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने सत्र न्यायाधीश किन्नौर के निर्णय पर मुहर लगाई है। विचारण अदालत ने रामपुर निवासी कुलदीप कुमार और संजीत कुमार को 14 वर्ष की छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म के जुर्म के लिए दोषी ठहराया था। अदालत ने दोनों आरोपियों को 12-12 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 366 और 376डी के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने अदालत को बताया कि वर्ष 2014 में पीड़ित 9वीं कक्षा में पढ़ती थी। तीन जुलाई 2014 को जब वह स्कूल से वापस आ रही थी तो सुनील कुमार ने उसे जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा दिया। कुलदीप और संजीत पहले से ही गाड़ी में बैठे थे। सभी लोग पीड़ित को जंगल में ले गए और वहां उससे दुष्कर्म किया। दूसरे दिन पीड़ित ने सारी बात अपनी मां को बताई। पुलिस के पास शिकायत करने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया और विचारण अदालत के समक्ष अभियोग चालाया। अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग साबित करने के लिए 13 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। विचारण अदालत ने तीनों को 12-12 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। कुलदीप और संजीत की अपील को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि दुष्कर्म निंदनीय अपराध है। यह पीड़ित के शरीर पर ही नहीं, बल्कि मन और गोपनीयता पर हमला है।

# प्रादेशिकी

## जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं एवं संघनियों को दिए पुरस्कार

**फर्रुखाबाद,**23 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने नवभारत सभा भवन फर्रूखाबाद में दीप प्रज्वलित कर आशा सम्मेलन का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने सर्वश्रेष्ठ आशाओं एवं संगिनियों सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीसीपीएम को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुचाने एवं समुदाय को प्रेरित करने में आशाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी आशाएं पूर्ण लगन ईमानदारी से अपने क्षेत्रों में अपने कार्यों को करें। अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक संख्या में गोल्डन कार्ड बनाना सुनिश्चित करें।

# खेलकूद की गतिविधियां खिलाड़ी के लिए रचनात्मकता का प्रतीक : योगी

### कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को किए नियुक्ति पत्र वितरित

**लखनऊ,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। खेलकूद की गतिविधियां एक खिलाड़ी के लिए उसकी रचनात्मकता का प्रतीक होती है। खिलाड़ी अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से सकारात्मक ऊर्जा और आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाज में कुछ कर गुजरने की तमन्ना रखता है, लेकिन जैसे ही उसे सरकारी सेवा में आने का अवसर मिलता है वो खिलाड़ी अक्सर प्रैक्टिस बंद कर देते हैं। आप सबको उत्तर प्रदेश पुलिस टीम का हिस्सा बनकर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार रहना है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन के सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि जिस ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से आपका चयन हुआ है, आपसे भी राज्य सरकार को इसी ईमानदारी की उम्मीद है। अपनी प्रैक्टिस को निरंतर बनाए रखते



**पुलिस सेवा में आकर खेल का अभ्यास न करें बंद : योगी**

हुए जब तक सामर्थ्य है उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए, राज्य सरकार के लिए खेलिए। जब आपको लगेगा कि अब इससे अलग होना है तो फिर उत्तर प्रदेश पुलिस बल में उस संबंधित खेल के कोच के रूप में युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर रहने के लिए कार्य करना होगा। जीवन के हर क्षेत्र में शोध के कुछ अवसर आते हैं। नवाचार और शोध पर हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए, ताकि हम अपने खिलाड़ियों को अपडेट कर सकें। योगी ने कहा कि इस नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कुशल खिलाड़ियों के साथ देश के अलग-अलग राज्यों से भी कुशल खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत का भाग है।

## गदर-2 की टीम ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**लखनऊ।** बुधवार को गदर-2 की टीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। टीम में फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनिल शर्मा, उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर, मनीष वाधवा, गौरव चोपड़ा समेत अन्य कलाकार शामिल रहे। इस दौरान टीम ने सीएम योगी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बिल्कुल अभिभावक की तरह स्नेह दिया। फिल्म निर्माता और निर्देशक अनिल शर्मा ने गदर-2 की शूटिंग के दौरान के अपने अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि शूटिंग के दौरान यहां के प्रशासन ने जिस तरह से सहयोग किया, ऐसा सहयोग देश के किसी अन्य राज्य में नहीं मिलता है। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के माहौल में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

## चंद्रयान-3 की लैंडिंग के साक्षी बने हजारों बच्चे

**राष्ट्रीय ध्वज फहरा इसरो वैज्ञानिकों की जय बोली**

**मवाना,**23 अगस्त (देशबन्धु)। चन्द्रयान-3 को लेकर समाज के हर वर्ग और बच्चों में उत्साह देखा गया। चन्द्रमा की सतह पर उतरकर चन्द्रयान-3 ने इतिहास रच दिया है। चन्द्रयान-3 की लैडिंग का लाइव प्रसारण देखते हुए बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज फहाराया और इसरो के वैज्ञानिकों की जय-जयकार की। मवाना तहसील क्षेत्र के किशनपुर बिराना के उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के साथ इतिहास रचते हुए अविस्मरणीय एवं अभूतपूर्व पलों के साक्षी बने। जैसे ही चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतरा, विद्यालय परिसर भारत माता की जय और इसरो वैज्ञानिकों की जय- जयकार से गूंज उठा। सभी छात्र और अध्यापक खुशी से झूम उठे। पूरे विश्व में भारतीय वैज्ञानिकों ने भारत की सफलता का परचम फहरा दिया। हम सबको अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है। वहां पर प्रधान अध्यापक नीरज शर्मा, मधुबाला, मधुरानी, ब्रजपाल, अनिल कुमार, अंकुर, अनीस अहमद व बच्चे मौजूद रहे।

## बिजली व्यवस्था में सुधार को तीन टीमें अन्य राज्यों में भेजी

■ **जिन निगमों में अच्छी व्यवस्था वहां का अध्ययन कर उप्र में लागू की जाएगी वैसी ही प्रणाली**

**लखनऊ,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश की विद्युत व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हो रहा है। इस सुधार की प्रक्रिया में और तेजी तथा गुणात्मक परिवर्तन हेतु देश के अग्रणी वितरण निगमों में बेहतर कार्यों का अध्ययन कर उसे प्रदेश में लागू करनें के लिए विद्युत विभाग की तीन टीमों को भेजा गया है।

यह टीमें 23 से 25 अगस्त तक गुजरात, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा डिस्काम में किये जा रहे अच्छे कार्यों का अध्ययन कर अपनी संस्तुति उप्र पावर कारपोरेशन को सौपेंगी। उप्र पावर कारापोरेशन अध्यक्ष डा.आशीष गोयल नें बताया है कि उप्र पावर कारपोरेशन लि. की वितरण कम्पनियों द्वारा मीटरिंग, बिलिंग, कलेक्शन एवं वितरण के कार्यों में सुधार हेतु निरन्तर प्रत्यनशील रहते हुये गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। पावर फाईनेंस कारपोरेशन द्वारा की जा रही डिस्काम की रेटिंग में देश के अग्रणी राज्यों गुजरात, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा के डिस्काम्स में मीटरिंग, बिलिंग, कलेक्शन एवं वितरण इत्यादि से सम्बन्धित कार्यों का अध्ययन करनें हेतु वरिष्ठ अधिकारियों की तीन टीमों का गठन किया गया है। प्रबन्ध निदेशक (केस्को) सैमुअल पाल के नेतृत्व में 9 सदस्यीय टीम गुजरात गयी है। इसी तरह मध्यांचल डिस्काम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम मध्य प्रदेश गयी है, तथा पूर्वांचल डिस्काम के निदेशक वाणिज्य राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में हरियाणा जायेगी। यह टीमें डिस्काम के अन्तर्गत मीटरिंग, बिलिंग कलेक्शन एवं वितरण तन्त्र के विषय में अपनायी जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेस का बारीकी से अध्ययन करेगी। जिसमें उपभोक्ताओं की बिलिंग की सम्पूर्ण व्यवस्था, मीटरिंग, राजस्व संग्रहरण किन-किन माध्यमों से किस प्रकार किया जा रहा है, एनर्जी अकाउण्ट बनाने की व्यवस्था, फीडर/डीटी एनर्जी आडिट प्रयोग किए गए।

## सार संक्षेप

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**मेरठ।** बुधवार की सुबह से हो रही बारिश के कारण हल्की सी ठंडक से मौसम सुहाना हो गया। पूरे दिन आसमान में घटा बादल छाए रहे और रुककर हल्की बारिश होती रही। सुबह से हो रही बरसात के कारण तापमान में 2 डिग्री की गिरावट देखी गई। मौसम में हवा 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मेरठ में अगले सप्ताह तक बारिश होने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन भर बार-बार बिजली कटौती से लोग परेशान रहे। घरों से लेकर व्यापारियों के काम काज पर प्रभाव देखा गया।

### सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक संपन्न

**मेरठ।** जिला पंचायत सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया गया। किसान दिवस में सीडीओ द्वारा पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन पर की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए तथा बैठक में किसानों द्वारा विभिन्न विभागों यथा कृषि, गन्ना, विद्युत, लोक निर्माण इत्यादि से संबंधित रखी गयी समस्याओं के दृष्टिगत समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर लेते हुये करें। कार्यवाही में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में किसानों द्वारा विद्युत विभाग के साथ आ रही समस्याओ में ट्रांसफॉर्मर बदला जाना, विद्युत पोल लगाए जाने, विद्युत कनेक्शन से संबंधित समस्या जैसे मुद्दों को उठाया गया जिस पर सीडीओ ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी का संज्ञान लेते हुये तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराए।

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं का हंगामा

**मेरठ।** मेडिकल थाना क्षेत्र से चार दिन से लापता छात्र की बरामदगी के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं नें च् ऑफिस पर प्रदर्शन करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि छात्र घर से कोचिंग जाने के लिए निकला था। लेकिन पुलिस उसे अभी तक तलाशने में नाकाम रही है। छात्र के परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र दिया, जिसके बाद एसएसपी ने मामला सीओ सिविल लाइन और क्राइम ब्रांच सहित सर्विलांस टीम को सौंप दिया।

### छात्रवृत्ति के लिए कराए ऑन लाइन आवेदन

**मेरठ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत में कक्षा 9-10 की कक्षाओ से सम्बन्धित विद्यालयों को 30 सितम्बर तक मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने तथा 15 सितम्बर से 10 नवम्बर तक छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने हेतु तिथि निर्धारित करते हुए विस्तृत समय सारिणी जारी की गई है। छात्रवृत्ति से सम्बन्धित व अधिक जानकारी हेतु छात्रवृत्ति साईट से प्राप्त की जा सकती है।

## छात्र-छात्राएं 18 वर्ष पूरे होने पर मतदाता जरूर बने

**ऑनलाइन वोट बनाना प्राथमिकता है : एसडीएम**

**मवाना,**23 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा व मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी के निर्देशन में मवाना तहसील के उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव तथा एएस इंटर कॉलेज मवाना के प्रधानाचार्य एवं स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ.मेघराज सिंह ने बुधवार को एएसपीजी कॉलेज मवाना और लक्ष्मी देवी कन्या महाविद्यालय मवाना में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पीपीटी के माध्यम से ऑनलाइन भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके छात्र-छात्राओं को फॉर्म 6 किस प्रकार भरना है तथा उसके लिए किन-किन प्रमाण पत्रों की आवश्यकता है, किस प्रकार छात्र-छात्राएं अपने घर से ही अपने मोबाइल के द्वारा वोटर लिस्ट में अपना नाम अंकित कर सकते हैं। इसकी पूरी प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से डॉक्टर मेघराज सिंह ने समझाया। उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव ने बताया कि ऑनलाइन वोट बनाना हमारी क्यों प्राथमिकता है तथा हम महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में जा-जाकर छात्र-छात्राओं को वोट बनाने के लिए क्यों प्रेरित कर रहे हैं।

इस कार्य में डॉक्टर मेघराज सिंह, उप जिलाधिकारी मवाना अखिलेश यादव, एएस पीजी के प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार व लक्ष्मी देवी कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर शक्ति साहनी का सहयोग रहा।

## बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर : डॉ.सुधीर



■ **चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग का वेंकटेश्वरा में हुआ लाइव प्रसारण**
■ **जमकर आतिशबाजी, मिठाई बांटकर खुशी जताई**

**मेरठ,**23 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लाईव प्रसारण पर 'जश्ने चन्द्रयान-3' समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद विश्वविद्यालय के शिक्षको एवं छात्र-छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लेकर भारत मां की जय जयकार के साथ संस्थान के मुख्य द्वार पर जमकर आतिशबाजी की एवं एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर देश की इस शानदार उपलब्धि पर जमकर जश्न मनाया। चन्द्रयान-3 की सफ्ल लैंडिंग को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री का प्रभावी नेतृत्व, हमारी इसरो की पूरी टीम, एवं देश के सभी वैज्ञानिकों का हार्दिक आभार। कहा कि आज आप की इस उपलब्धि ने पूरे देश को गौरान्वित करने का काम किया है। यह तेजी से बदलते हुए बुलन्द भारत की बुलन्द तस्वीर है। इस अवसर पर कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, वेंक्टेश्वरा के सलाहकार आरएस शर्मा, राजेश सिंह, सीपी कुशवाहा, एसएन साहू, विवेक सचान, एना ब्राउन, योगेश्वर सिंह, विकास श्रीवास्तव, अरूण गोस्वामी, बालाजी मलयप्पन, नीतूश्रीपाल, मारूफ चौधरी, एसएस बघेल, मोहित शर्मा, विशाल शर्मा, मेरठ परिसर निदेशक प्रताप सिंह, ब्रजपाल सिंह, अलका सिंह, दीपक कुमार, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया बस का उद्घाटन



**मेरठ,**23 अगस्त (देशबन्धु)। पल्लवपुरम फेज-2 स्थित वाणी स्कूल एंड रिसर्च सेंटर को यूपी क्रिकेट एसोसिएशन कालपी रोड कानपुर द्वारा बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने के लिए एक स्कूल बस अनुदान स्वरूप भेट की गयी। इस बस का उदघाटन जिलाधिकारी दीपक मीणा, यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डॉ.युद्धवीर सिंह व उद्योगपति प्रसिद्ध समाजसेवी एवं दानदाता राम कुमार गुप्ता तथा वाणी स्कूल के सभी पदाधिकारी एंव अतिथिगण के करकमलो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के दिव्यांग मूकबधिर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की अत्यधिक प्रशंसा कर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

## मेरठ में मैक्स हॉस्पिटल की एक और हेल्थ सेवा शुरू



■ **दिल के रोगियों को मिलेगा बेहतर इलाज**
■ **मरीजों को मिलेगी एडवांस कार्डियक केयर : डॉ.अमित**
■ **दूसरे व चौथे बुधवार को कंसल्टेशन के लिए मौजूद रहेंगे विशेषज्ञ**

**मेरठ,**23 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर भारत के लीडिंग अस्पतालों में शामिल मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली गाजियाबाद ने बुधवार को मैक्स मेड सेंटर मेरठ में इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी एंड एरिथमिया ओपीडी की शुरुआत की। इस सेंटर के जरिए मरीजों को एडवांस कार्डियक केयर मिलेगी और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी जैसी तकनीक से कार्डियक एरिथमिया का समय पर पता चल जाता है। कार्डियोलॉजी एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी, के डायरेक्टर डॉक्टर अमित मलिक की मौजूदगी में इस ओपीडी को शुरू किया गया। हर महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को डॉक्टर अमित मलिक मैक्स मेड सेंटर में प्राइमरी कंसल्टेशन के लिए उपलब्ध रहेंगे। डॉक्टर अमित मलिक ने कहा कि कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में एक शानदार तकनीक है। ये तकनीक से असामान्य हार्ट बीट का पता लगाने के लिए हार्ट की इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी का आकलन करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ये असामान्य लय हार्ट के नॉर्मल फंक्शन को बाधित करती है और इसकी वजह से दिल के दौरे, हार्ट फेल और सडन कार्डियक अरेस्ट होने का खतरा रहता है। उम्र बढ़ने, अनियंत्रित ब्लड प्रेशर, पिछले हार्ट अटैक और कभी-कभी वायरल इंफेक्शन भी दिल में दाग का कारण बन सकते हैं। जबकि असामान्य इलेक्ट्रिकल मार्ग, अक्सर जन्मजात हार्ट डिजीज में मौजूद होते हैं, जिसके चलते दिल की धड़कन तेज, धीमी या अनियमित हो सकती है। डॉक्टर अमित मलिक ने आगे कहा कि लगातार लक्षणों की कमी और जागरूकता की कमी के चलते अनियमित हार्ट रिदम पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। यह समय के साथ-साथ मुश्किलें पैदा कर देता है। इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी इन जटिलताओं की पहचान करने में मदद करते हैं जिससे समय पर इंटरवेंशन भी हो जाता है। इससे न सिर्फ जिंदगी बचती है, बल्कि लोगों की क्वालिटी लाइफ में बदलाव आता है। आमतौर पर असामान्य और स्लो हार्ट बीट के कारण बेहोशी हो सकती है और जीवन बचाने के लिए परमानेंट पेसमेकर की जरूरत पड़ती है। असामान्य रूप से तेज दिल की धड़कन जिसे वेंट्रिकलेटाचीकार्डिया फाइब्रिलेशन (वीटी/वीएफ ) के रूप में जाना जाता है, के चलते स्वस्थ लोगों और खिलाड़ियों में भी अचानक कार्डियक अरेस्ट का खतरा रहता है। स्क्रीनिंग और टेस्ट से कमजोर रोगियों की पहचान हो सकती है और कुछ मामलों में इम्प्लांटेबल डिफिब्रिलेटर डिवाइस से इलाज किया जाता है। यह डिवाइस वीटी वीएफ के दौरान इंटरनल शॉक देकर सडन कार्डियक अरेस्ट को रोकने में मददगार साबित होती है।

## हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता



■ **प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन**

**मवाना,**23 अगस्त (देशबन्धु)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की स्थापना की मांग जोर पकड़ने लगी है। बुधवार को मवाना तहसील के अधिवक्ता हाई कोंअ बैंच के समर्थन में समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को दिया। बार एसोसिएशन मवाना के सभागार में एक सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्रीबल्लभ ने की और संचालन महमपाल सिंह ने किया। सभा में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की केन्द्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर उच्च न्यायालय प्रयागराज की खंडपीठ की स्थापना की मांग को लेकर बार एसोसिएशन मवाना के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे और तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। ज्ञापन में कहा गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से इलाहाबाद की दूरी करीब सात सौ किमी। है, इस कारण गरीब नागरिकों को सस्ता न्याय नहीं मिल पाता। इस कारण सस्ता व सुलभ न्याय के लिए उच्च न्यायालय प्रयागराज की खंडपीठ की स्थापना होना जरूरी है। अधिवक्ताओं ने इस मांग को लेकर एसडीएम अखिलेश यादव को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में श्रीवल्लभ, सुनील कुमार, लेखराज सचदेवा, बिजेन्द्र पाल सिंह, राकेश शर्मा, सुरेश पाल, राजीव कुमार कंसल, मंजूर अहमद, राजकुमार सैनी, शबनम कुरैशी, समसुद्दीन अंसारी, मिंटू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# रामनगरी की साधुशाही में सुनामी बन चुका है वासना का समंदर

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। हजारों करोड़ रुपए से संवर रही रामनगरी अयोध्या में धार्मिकता की अलख जगाने वाली साधु शाही के बड़े हिस्से पर वासना का भूत सवार हो गया है। मंदिरों में बलात्कार की घटनाएं अक्सर मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव को जूते से पीटने का बयान देने वाले हनुमानगढ़ी के पुजारी राजूदास में यौन जनित गुप्त रोग का लक्षण पाया जाना चर्चा का विषय बन गया है।

इससे साधुशाही शर्मसार है तो आमजन चटखारा ले रहा है। विपरीत लिंगी वासना के साथ आप्राकृतिक वासना भी गाहे बेगाहे मुखर होती रहती है। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संसार के प्रथम पुरुष स्वायंभुव मनु और प्रथम स्त्री शतरूपा थीं। इन्हीं प्रथम पुरुष और प्रथम स्त्री की सन्तानों से संसार के समस्त जनों की उत्पत्ति हुई। मनु की सन्तान होने के कारण वे मानव कहलाए। मनुष्य में मन की ताकत है, विचार करने की ताकत है, इसीलिए उसे मनुष्य कहते हैं और जो मन को नियंत्रित कर ले वो सांसारिक मोहमाया से विरक्त होकर साधु हो जाता है। रामनगरी की साधुशाही में तमाम ऐसे कालनेमि घुस चुके हैं जो वासना के समंदर में डूबते उतराते रहते हैं। अयोध्या कोतवाली में दर्ज होने वाले अधिकांश मुकदमे बलात्कार, लूट, हत्या, कब्जा आदि के होते हैं और उसमें कहीं ना कहीं साधु शाही सम्मिलित रहती है। भाजपा के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह के महिला पहलवान यौनशोषण प्रकरण को लेकर पाक्सो एक्ट में बदलाव की मांग करने वाली अयोध्या की साधुशाही का चरित्र यूं ही नहीं कलंकित हो रहा है। सन 2017 में पांच साधुओं ने जानकी निवास मंदिर में एक महिला के साथ बलात्कार किया जब उसकी बेटी पर निगाह डाला तो महिला ने पुलिस में शिकायत की। हरदोई में एक नाबालिक के साथ



■ **हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास में भी यौन जनित बीमारी होने के लक्षण**

बलात्कार के बाद साधु वेश धारण कर अयोध्या में रह रहे एक युवक को 2022 में गिरफ्तार किया गया। तीन वर्ष पूर्व रामसेवक दास नाम के एक साधु ने 14 वर्षीय बालक के साथ दुराचार करने की कोशिश किया असफल होने पर कामांध साधु ने प्राइवेट पार्ट काटने का प्रयास किया। सिया बल्लभ कुंज का महंत हनुमान दास जुलाई 2022 में अनुसूचित जाति की एक महिला के साथ बलात्कार के आरोप में आरोपित हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जूते से पीटने का बयान देने वाले अयोध्या हनुमानगढ़ी पुजारी राजू दास पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अयोध्या से पूर्व विधायक पवन पांडे ने जबरदस्त पलटवार किया है। पवन पांडे ने राजू दास की जिला अस्पताल अयोध्या से जारी एक रिपोर्ट सार्वजनिक की है, जिसमें राजू दास में यौन जनित बीमारी सिफलिस के लक्षण पाए गए हैं।

डॉक्टरों के अनुसार अधिकांशतया यह बीमारी गुदा मैथुन या मुखमैथुन से होती है। राजू दास ने इस रिपोर्ट को फर्जी करार दिया है तो वहीं पवन पांडे ने कहा है कि रिपोर्ट फर्जी है तो राजू दास को सीएमओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना चाहिए। विहिप, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे राजू दास अक्सर विवादित बयानों के लिए जाने जाते हैं। मशहूर अभिनेत्री स्वरा भास्कर पर उन्होंने कहा था की स्वरा भास्कर ने उस कौम में शादी की है, जो अपनी बहनों से शादी कर लेते हैं। उसके बाद महिलाओं को तलाक, तलाक, तलाक कहकर कई मर्दों के साथ रात बितानी पड़ती है। अब जब उनकी स्वास्थ्य रिपोर्ट में गुप्त रोग से ग्रसित होने की बात सामने आई तो अयोध्या की साधुशाही एक बार फिर शर्मिंदगी कि शिकार हुई है। साधुओं के वासना में लिप्त होने से चिंतित अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने एक बार निर्णय लिया था कि किसी व्यक्ति को साधु या संत घोषित करने से पहले उसके आध्यात्मिक ज्ञान की जांच पड़ताल होगी। साथ ही उसके संन्यासी के रूप में किए गए त्याग का भी परीक्षण होगा। अखाड़ा परिषद ने दुराचारी साधुओं की सूची भी जारी की थी जो महिलाओं के साथ दुष्कर्म के अलावा हत्या जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त थे। फिलहाल राम जी की नगरी अयोध्या में कल कल निनाद करती पतित पावनी सरयू को अपनी अल्हड़ता बचाने की विषम चुनौती का सामना भी करना पड़ रहा है।

## ट्रामा इन्फोर्मेड केयर पर कार्यशाला आयोजित

**मेरठ,**23 अगस्त (देशबन्धु)। शोभित इंस्टिट्यूट ऑफ इनजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी , मेरठ के मनोविज्ञान एवं मानव व्यव्हार केंद्र द्वारा 22 अगस्त को ट्रामा इन्फोर्मेड केयर पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। सत्र का आयोजन हाइब्रिड मोड मे किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विवि के कुलपति प्रो.जयानंद के मार्गदर्शन मे, मनोविज्ञान विभाग की डायरेक्टर पूनम देवदत्त द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन डॉ.नमिता सिंह अपोलो हॉस्पिटल हैदराबाद मे एक मनोव्याज्ञानिक एवं सलाहकार है। ट्रामा के कारण एवं लक्षणों के बारे मे गहरी समझ प्रदान की। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों ने बचपन के प्रतिकूल अनुभव और उनका बाद के जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे मे जानकारी प्राप्त की।




देशबन्धु | नई दिल्ली, गुरुवार, 24 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### शिल्पा शेट्टी की मजेदार मनोरंजक फिल्म 'सुखी' 22 सितंबर को होगी रिलीज

**मुंबई,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की अपकमिंग फैमिली एंटरटेनर फिल्म 'सुखी' 22 सितंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्देशक सोनल जोशी हैं। 'सुख' 38 वर्षीय पंजाबी गृहिणी सुखप्रीत 'सुखी' कालरा और उसके दोस्तों की कहानी है, जो 20 साल बाद अपने स्कूल रियूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाते हैं। फिल्म में सुखी ढेर सारे अनुभवों और भावनाओं से गुज़रते हुए, एक पत्नी और एक मां के बाद फिर से अपने 17 वर्षीय वर्जन को जी रही हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग फिल्म का पोस्टर शेयर किया और लिखा, 'ये कहानी है मेरी, आपकी, हम सबकी। मिलिए आपकी ही जैसी, सुखप्रीत कालरा यानी की सुखी से और आइए मेरी दुनिया में, 22 सितंबर सिर्फ सिनेमाघरों में।'

# उच्च तापमान में अधिक खतरनाक हो जाता है डेंगू वायरस

**तिरुवनंतपुरम,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी (आरजीसीबी) के शोधकर्ताओं ने कहा है कि जानलेवा बीमारी डेंगू को फैलाने वाला वायरस उच्च तापमान में और ज्यादा खतरनाक हो जाता है। यह शोध डेंगू की गंभीरता और उग्रता का अनुमान लगाने और उसे कम करने में मदद कर सकता है। शोध प्रति वर्ष 390 मिलियन मामलों पर ग्लोबल वार्मिंग प्रभावों की ओर इशारा करता है।

यह अध्ययन हाल ही में अमेरिका के 'द फेडरेशन ऑफ अमेरिकन सोसाइटीज ऑफ एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी' जर्नल में प्रकाशित हुआ था। शोध दल का नेतृत्व करने वाले डॉ. ईश्वरन श्रीकुमार ने कहा कि मच्छरों के शरीर का तापमान अन्य जानवरों की तरह स्थिर नहीं होता है। यह पर्यावरणीय तापमान के साथ बढ़ता या घटता रहता है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि उच्च तापमान वृद्धि की स्थिति क्या होगी जो वायरस की उग्रता को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार हमारे हालिया अध्ययन से पता चलता है कि मच्छर कोशिकाओं में वायरस उच्च तापमान में काफी अधिक खतरनाक था। श्रीकुमार के अलावा शोध दल के अन्य सदस्यों में अयान मोदक, सृष्टि राजकुमार मिश्रा, मानसी अवस्थी, श्रीजा श्रीदेवी, अर्चना सोभा, आर्य अरविंद और क्रिथिगा कुप्पुसामी शामिल थे।

**अध्ययन**

■ **राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी (आरजीसीबी) के शोधकर्ताओं ने कहा है कि जानलेवा बीमारी डेंगू को फैलाने वाला वायरस उच्च तापमान में और ज्यादा खतरनाक हो जाता है**

शोधकर्ताओं ने कहा कि बढ़े हुए पर्यावरणीय तापमान में रुक-रुक कर होने वाली बारिश से मच्छरों की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है, जिससे अधिक खतरनाक डेंगू वायरस में गंभीर स्थिति पैदा होने की संभावना होती है। देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे डेंगू के प्रकोप में इस पहलू पर कभी ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा अध्ययन ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभावों और संक्रामक रोग गतिशीलता पर इसके संभावित प्रभावों की ओर इशारा करता है।

पहले यह देखा गया था कि अपेक्षाकृत उच्च पर्यावरणीय तापमान मच्छरों में वायरस की अवधि को कम कर देता है, जिसके परिणामस्वरूप मानव संचरण में वृद्धि होती है। आरजीसीबी के निदेशक प्रोफेसर चंद्रभास नारायण ने कहा कि शोधकर्ता यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि डेंगू कभी-कभी गंभीर क्यों हो जाता है। लेकिन, दशकों के शोध के बाद भी बार-बार होने वाली बीमारी को नियंत्रित करने या रोकने के लिए अभी भी कोई प्रभावी टीके या एंटीवायरल नहीं हैं। यह अध्ययन डेंगू के प्रकोप की गंभीरता की भविष्यवाणी करने के लिए महत ?वपूर्ण साबित होगा। अध्ययन एक माउस मॉडल पर आधारित है। शोध में पाया गया कि उच्च तापमान वृद्धि से प्राप्त विषाक्त तनाव के कारण रक्त में वायरस की उपस्थिति बढ़ गई, जिससे रक्तस्राव हुआ, हृदय और गुर्दे जैसे महत्वपूर्ण अंगों में गंभीर परिवर्तन हुए जो मौत का कारण बन सकते हैं। डेंगू एक वायरल संक्रमण है जो डीईएनवी के कारण होता है और संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलता है। विश्व स्तर पर डेंगू की घटनाएं पिछले कुछ वर्षों में बढ़ रही हैं, साथ ही रोग की गंभीरता और मृत्यु दर में भी वृद्धि हुई है। जबकि अधिकांश रोगियों में यह रोग हल्का और सीमित होता है। वहीं कुछ रोगियों में यह जीवन घातक थ्रोम्बोसाइटोपेनिया (रक्त में बेहद कम प्लेटलेट गिनती) और शॉक सिंड्रोम का कारण बनता है।



## कश्मीरियों को वाट लगा रही चुभती गर्मी, जम्मू में भी बारिश का है इंतजार

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। अगस्त के अंत में भी चुभर्ती गर्मी इस बार जम्मू वालों की ही नहीं बल्कि कश्मीरियों की भी जान निकाल रही है। अगर जम्मू में तापमान 37 डिग्री को पार कर रहा है तो श्रीनगर में 35 डिग्री का तापमान मौसम में आए परिवर्तन का अहसास करवा रहा है। गर्मी की तल्खी सिर्फ जम्मू या श्रीनगर में ही नहीं है। बल्कि कुपवाड़ा, गुलमर्ग और पहलगाम ही नहीं बल्कि अमरनाथ गुफा के बाहर भी यह अपना रंग दिखा रहा है। अगर अमरनाथ गुफा के बाहर 25 डिग्री का तापमान चिंता का विषय बना हुआ है तो कुपवाड़ा में 34 डिग्री के साथ उमस जान निकाल रही है। हालांकि मौसम विभाग अगले दो तीन दिनों के बाद उमस में कमी आने और तापमान से राहत मिलने की उम्मीद जता रहा है पर हालत यह है कि स्कूल जाने वाले बच्चे पूरे ही प्रदेश में इस चुभती गर्मी से परेशान हैं। इस परेशानी को बिजली विभाग अघोषित बिजली कटौती कर और बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बिजली विभाग की प्रदेश में कई तरह की कटौती जारी है। कहीं अघोषित, कहीं स्मार्ट मीटर लगाने के लिए 3 से 5 घंटे का कट। जबकि लंबे अघोषित बिजली कटों के लिए वह भी गर्मी को कसूरवार ठहराता था। हालत जून महीने से भी बदतर है।

विभाग उन इलाकों में कई कई दिनों तक बिजली सप्लाई को कथित तौर पर अवरूद्ध किए हुए है जहां लोग स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर रहे हैं और स्मार्ट मीटर लगाने के बावजूद वह कहता है कि बिजली आपूर्ति 24 घंटे होगी इसकी कोई गारंटी नहीं है क्योंकि उप राज्यपाल मनोज सिन्हा बार बार इसे दोहराते हैं कि प्रदेश में आपूर्ति के लिए हर साल 20 हजार करोड़ की बिजली खरीदी जा रही है और इससे ज्यादा का बजट नहीं है। ऐसे में पूरे प्रदेश में आम जनता को सिर्फ ऊपर वाले पर ही भरोसा है। जम्मू के गाडीगढ़ इलाके के बलवीर सिंह कहते थे कि बिजली विभाग लोगों की जान लेने पर तुला हुआ है क्योंकि उसके बिजली कट मरीजों के लिए घातक साबित हो रहे हैं।

# जल्द ही यूजर्स गुनगुनाकर यूट्यूब पर सर्च कर सकेंगे गाना

**सैन फ्रांसिस्को,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने घोषणा की है कि वह एंड्रॉइड पर एक नए फीचर की टेस्टिंग कर रहा है, जो यूजर्स को प्लेटफॉर्म पर गुनगुनाकर गाना सर्च करने में मदद देगा। कंपनी ने मंगलवार को 'यूट्यूब टेस्ट फीचर्स एंड एक्सपेरिमेंट्स' पेज पर कहा, 'हम लोगों के लिए वर्तमान में चल रहे गाने को गुनगुनाकर या रिकॉर्ड करके यूट्यूब पर गाना सर्च करने की क्षमता का एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं।' एक्सपेरिमेंट में यूजर्स यूट्यूब वॉयस सर्च से नए सॉन्ग सर्च फीचर पर टॉगल कर सकते हैं, और जिस सॉन्ग को वे सर्च कर रहे हैं, उसे तीन सेकंड से अधिक समय तक गुनगुना सकते हैं या रिकॉर्ड कर सकते हैं ताकि गाने की पहचान की जा सके। एक बार गाने की पहचान हो जाने के बाद, यूजर्स को यूट्यूब ऐप में म्यूजिक कंटेंट, जनेरेटेड वीडियो और सर्चिंग सॉन्ग की विशेषता वाले शॉर्ट्स दिखाई देंगे।




**गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने घोषणा की है कि वह एंड्रॉइड पर एक नए फीचर की टेस्टिंग कर रहा है, जो यूजर्स को प्लेटफॉर्म पर गुनगुनाकर गाना सर्च करने में मदद देगा**

कंपनी ने कहा, 'यह एक्सपेरिमेंट दुनिया भर में एंड्रॉइड डिवाइस पर यूट्यूब देखने वाले कुछ प्रतिशत लोगों के लिए शुरू किया जा रहा है।' वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म ने यह भी घोषणा की कि वह सब्सक्रिप्शन फीड में एक शेल्फ में कम समय के भीतर सिंगल क्रिएटर से कई अपलोड को बंडल करने का टेस्टिंग कर रहा है। इस फीचर का उद्देश्य दर्शकों के लिए वह कंटेंट ढूंढना आसान बनाना है जिसे वे सर्च कर रहे हैं, और क्रिएटर्स पर दिन में कई बार अपलोड करने का दबाव कम करना है। इस महीने की शुरुआत में, प्लेटफ़ॉर्म ने घोषणा की थी कि उसने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ऑटो-जनरेटेड समरी की टेस्टिंग शुरू कर दी है। यह फीचर यूजर्स के लिए किसी वीडियो के बारे में समरी पढ़ना और यह तय करना आसान बना देगी कि यह उनके लिए सही है या नहीं।

# ऑस्ट्रेलिया में वसंत ऋतु में जंगलों में आग लगने का अधिक खतरा



**सिडनी,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के व्यवसायों और समुदायों को अग्निशमन अधिकारियों से देश में आगामी वसंत रितु में जंगलों में आग लगने के अधिक खतरे को देखते हुए चेतावनी मिली है। ऑस्ट्रेलेशियन फायर अथॉरिटीज काउंसिल (एएफएसी) ने बुधवार को मौसमी जंगल की आग को देखते हुए चेतावनी दी कि उत्तरी क्षेत्र, क्वींसलैंड और न्यू साउथ वेल्स के बड़े क्षेत्रों के साथ-साथ विक्टोरिया और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में जंगल की आग के बढ़ते जोखिम का सामना करने की आशंका है। यह चेतावनी ऑस्ट्रेलियाई मौसम विज्ञान ब्यूरो द्वारा सितंबर से नवंबर तक लगभग पूरे देश में औसत से अधिक तापमान और औसत से कम वर्षा की उच्च संभावना की भविष्यवाणी के बाद आयी है।

एएफएसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रॉब वेब ने कहा 'जलवायु प्रभावों के कारण इस मौसम में जंगलों में आग लगने का खतरा व्यापक है। लगभग पूरे देश में इस वसंत ऋतु में सामान्य से अधिक शुष्क और गर्म स्थिति की उम्मीद की जा सकती है, इसलिए आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे आने वाले महीनों में जंगलों में लगने वाली आग के स्थानीय खतरों के प्रति सतर्क रहें। श्री वेब ने कहा, 'वसंत में आग ऑस्ट्रेलियाई परिदृश्य का एक नियमित हिस्सा है।

## हवाई प्रांत के जंगलों में दावानल से 1,100 से अधिक लोग लापता

हवाई। अमेरिकी प्रांत हवाई के माउई द्वीप के जंगलों में दावानल लगने के बाद 1,100 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं जबकि 1,400 से अधिक लोग सुरक्षित पाए गए हैं। यहां के आपातकालीन प्रतिक्रिया अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा, 'माउई जंगल में लगी आग की आपदा के बाद 1,100 से अधिक लोग लापता हैं जबकि 1,400 से अधिक लोग सुरक्षित पाए गए हैं।' काउंटी के अधिकारी ने कहा कि डीएनए नमूने इकट्ठा करने के लिए लापता लोगों के परिवारों के साथ काम कर रहे हैं। जिससे उनको पहचानने में आसानी हो सके। माउई देश के अभियोजक एंड्रयू मार्टिन ने बयान में कहा, 'मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि लोग अपने परिवार के सदस्सों की खोज को आसान बनाने के लिए डीएनए नमूना प्रदान करें। जिससे एकमात्र उद्देश्य बेहिसाब लोगों की पहचान करना है।' माउई काउंटी के मेयर रिचर्ड बिसेन ने कहा कि माउई द्वीप के जंगल में लगी भीषण आग जंगल से करीब 114 लोगों की जलकर मौत हो गयी और लगभग 850 से अधिक लोग लापता हैं।

## 'हड्डी' के ट्रेलर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी बनाम अनुराग कश्यप, खौफनाक होगा बदला

**मुंबई,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'हड्डी' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही फैंस उनके ट्रांसजेंडर लुक से आकर्षित हो गए हैं। फिल्म का ट्रेलर बुधवार को जारी किया गया। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अनुराग कश्यप प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नवाजुद्दीन ट्रांसजेंडर की भूमिका में है, जिसे लोग हड्डी कहकर बुलाते हैं। वहीं, अनुराग कश्यप ने प्रमोद अहलावत का किरदार निभाया है, जो शक्तिशाली गैंगस्टर से राजनेता बना है। इसमें इला अरुण, मोहम्मद जीशान अय्यूब, सौरभ सचदेवा, श्रीधर दुबे, राजेश कुमार, विपिन शर्मा और सहर्ष शुक्ला सहायक भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर की शुरुआत में नवाज दमदार डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं, जिसमें वो कहते हैं, 'हमारा आशीर्वाद बहुत शक्तिशाली होता है और हमारा श्राप बहुत भयावह, और उससे भी भयावह जानते हो क्या होता है, हमारा बदला।' इसके बाद ट्रेलर में उनके किरदार की पिछली कहानी दिखाई जाती है। इसमें अनुराग कश्यप नवाज के परिवार के साथ अन्याय करते हैं।

**एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'हड्डी' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही फैंस उनके ट्रांसजेंडर लुक से आकर्षित हो गए हैं**

# एप्पल ने दी चेतावनी, चार्ज करते समय अपने आईफोन के पास न सोएं

**सैन फ्रांसिस्को,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। एप्पल ने आईफोन यूजर्स के लिए चेतावनी जारी है। एप्पल ने यूजर्स से कहा है कि वह सोते समय अपने आईफोन को पास में चार्जिंग पर न लगाएं या चार्जिंग के दौरान अपने डिवाइस के बगल में न सोएं। टेक दिग्गज के मुताबिक, यह आदत असहजता और चोट का कारण बन सकती है। कंपनी ने ग्राहकों से उन स्थितियों से बचने के लिए 'कॉमन सेंस' का इस्तेमाल करने का कहा है, जहां उनकी त्वचा डिवाइस या चार्जर के सीधे संपर्क में है। एडवाइजरी में कहा गया है कि जब कोई डिवाइस, पावर एडॉप्टर या वायरलेस चार्जर किसी पावर स्रोत से कनेक्ट हो तो उसके साथ न सोएं या उन्हें कंबल, तकिए या अपने शरीर के नीचे न रखें। अपने आईफोन, पावर एडॉप्टर और किसी भी वायरलेस चार्जर को उपयोग या चार्जिंग के समय हवादार क्षेत्र में रखें। एडवाइजरी में यूजर्स से यह भी कहा गया है कि यदि उनकी कोई शारीरिक स्थिति है जो शरीर में गर्मी का पता लगाने की उनकी क्षमता को प्रभावित करती है तो उन्हें विशेष ध्यान रखना चाहिए।



इसके अलावा, कंपनी ने अपने यूजर्स से थर्ड-पार्टी के चार्जर का इस्तेमाल करने से बचने के लिए कहा है। यह चार्जर आईफ़ोन को चार्ज करने के लिए सुरक्षित रूप से सही मात्रा में वोल्टेज नहीं दे सकते हैं। कंपनी ने उन्हें क्षतिग्रस्त केबलों का उपयोग करने से बचने की भी सलाह दी है, जिनका चार्जिंग के लिए उपयोग करना खतरनाक हो सकता है। इसके अलावा, एप्पल ने यूजर्स से कहा कि वे गीली जगहों जैसे- सिंक, बाथटब या शॉवर स्टॉल के पास पावर एडॉप्टर का उपयोग न करें, और पावर एडॉप्टर को गीले हाथों से कनेक्ट या डिस्कनेक्ट न करें।

## हनुमान जी को सुपरहीरो मानती है अदा शर्मा

**मुंबई,** 23 अगस्त (एजेंसियां) बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा, हुनमान जी को सुपरहीरो मानती है। अदा शर्मा ने हाल ही में 'द केरला स्टोरी' फिल्म से ब्लॉकबस्टर सफलता हंसिल की हैं। अदा शर्मा एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपर हीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अदा शर्मा से पूछा गया कि उनका पसंदीदा एक्शन सुपरहीरो कौन है तो उन्होंने कहा हनुमानजी।

अदा शर्मा ने कहा, हनुमानजी की वीरता को उनकी विनम्रता, उनकी ताकत और एकनिष्ठ भक्ति, उनके ध्यान, उनके ज्ञान के साथ जोड़कर इतना शक्तिशाली नायक नहीं देखा गया है। वह उत्कृष्ट संगीतकार भी थे। वह कोई भी रूप धारण करने की शक्ति रखते है... एक छोटी मक्खी से लेकर पहाड़ के आकार के सुनहरे शरीर तक। वह मेरे सुपरहीरो है!



# 79 वर्ष की हुई सायरा बानु



**मुंबई,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सायरा बानु आज 79 वर्ष की हो गयी। सायरा बानु का जन्म 23 अगस्त 1944 को हुआ था। उनकी मां नसीम बानु तीस और चालीस के दशक की नामचीन अभिनेत्री थी और उन्हें ब्यूटी क्वीन कहा जाता था। सायरा बानु अपने बाल्यकाल में लंदन में रहती थी और वहां से शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह वर्ष 1960 में मुंबई लौट आयी। इस बीच उनकी मुलाकात निर्माता-निर्देशक शशधर मुखर्जी से हुयी जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचान उन्हें अपने भाई सुबोध मुखर्जी से मिलने की सलाह दी। सुबोध मुखर्जी उन दिनो अपनी नयी फिल्म 'जंगली' के निर्माण के लिये नयी अभिनेत्री की तलाश कर रहे थे। उन्होंने सायरा बानु को अपनी फिल्म में काम करने का प्रस्ताव दिया जिसे सायरा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

वर्ष 1961 में प्रदर्शित फिल्म जंगली में सायरा के अपोजिट शम्मी कपूर थे। इस फिल्म में सायरा बानु ने कश्मीर में रहने वाली युवा लड़की की भूमिका निभाई। बेहतरीन गीत.संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की जबरदस्त कामयाबी ने न सिर्फ उन्हें साथ ही अभिनेता शम्मी कपूर को भी स्टार के रूप में साबित कर दिया। आज भी इस फिल्म के सदाबहार गीत दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं ।वर्ष 1963 में सायरा बानु को मनमोहन देसाई निर्मित फिल्म ब्लफ मास्टर में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में एक बार फिर से उनके नायक की भूमिका अभिनेता शम्मी कपूर ने निभाई थी।

वर्ष 1964 सायरा के करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी आई मिलन की बेला जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। इन फिल्मों की सफलता के बाद सायरा बानु फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गयी ।वर्ष 1966 में सायरा बानु ने अपनी उम्र से काफी बड़े अभिनेता दिलीप कुमार के साथ शादी कर ली। दिलीप कुमार के शादी करने के बाद भी सायरा बानु ने फिल्मों में काम करना जारी रखा। वर्ष 1967 सायरा बानु के करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष जहां उन्हें अभिनेता राजकपूर के साथ पहली बार फिल्म दीवाना में काम करने का अवसर मिला वही उनकी फिल्म शार्गिद टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई।

वर्ष 1968 में प्रदर्शित फिल्म पड़ोसन सायरा बानु के सिने करियर की सुपरहिट पिल्मों में शुमार की जाती है। हास्य से परिपूर्ण महमूद निर्मित इस फिल्म में सायरा बानु ने एक युवा लड़की बिंदु की भूमिका निभाई जिसे संगीत से विशेष रूचि है और उसे सुनील दत्त और महमूद दोनों ही प्यार करने लगते है। इस फिल्म में उन पर फिल्माया यह गीत .मेरे सामने वाली खिड़की में एक चांद का टुकड़ा रहता है श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ था।

वर्ष 1970 में सायरा बानु को मनोज कुमार के निर्माण और निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म पूरब और पश्चिम में काम करने का अवसर मिला। फिल्म में सायरा बानु ने विदेश में पली बढ़ी एक ऐसी युवती की भूमिका निभाई जो अपने देश की संस्कृति से अनभिज्ञ रहती है। फिल्म में उनका यह किरदार कुछ हद तक ग्रे शेडस लिये हुये था बावजूद इसके वह दर्शको का दिल जीतने में सफल रही। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म गोपी में सायरा बानु को अपने सिने करियर में पहली बार अभिनेता दिलीप कुमार के साथ काम करने का अवसर मिला। इसके बाद दिलीप और सायरा बानु की जोड़ी ने सगीना ,बैराग और दुनिया जैसी फिल्मों में एक साथ काम करके दर्शको का मनोरंजन किया।

## बंगाल के गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान में मादा गैंडे को लेकर लड़ाई के बाद नर गैंडे की मौत

**कोलकाता,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान से एक नर गैंडे का शव बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि मादा साथी को लेकर दो नर गैंडों में लड़ाई हुई, जिससे इस नर गैंडे की मौत हुई है। वन मंत्री ज्योति प्रिया मल्लिक ने कहा, गैंडे का शव सोमवार को गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान के दक्षिणी रेंज में एक जलाशय में पाया गया। मंत्री ने कहा कि गहन जांच के बाद शरीर पर कई चोटों का पता चला। चोटों को देखकर हमारे विशेषज्ञों ने निष्कर्ष निकाला कि वे प्रतिद्वंद्वी नर गैंडे के साथ उसकी लड़ाई के कारण हुआ है। मंत्री ने कहा कि आम तौर पर दो नर गैंडों के बीच ऐसी लड़ाई मादा गैंडे के अधिकार को लेकर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है और रिपोर्ट में भी इस बात की पुष्टि हुई है कि उसके शरीर पर लगी घातक चोटें लड़ाई का नतीजा थी।



■ **पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान से एक नर गैंडे का शव बरामद किया गया है**

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



# अमेजन की रिलोकेशन पॉलिसी के चलते कई कर्मचारी छोड़ रहे नौकरी

**सैन फ्रांसिस्को,** 23 अगस्त (एजेंसियां) अमेजन ने कर्मचारियों को रिलोकेशन पॉलिसी के तहत ऑफिस में आकर काम करने का निर्देश जारी किया है। ऐसे में कई कर्मचारियों ने ऑफिस आने के बजाय नौकरी छोड़ने का विकल्प चुना है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स जायंट के दिशानिर्देशों के अनुसार, दूरदराज के कर्मचारियों के 2024 की पहली छमाही तक मुख्य अमेजन हब में शामिल होने को कहा गया है।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, जो लोग अनिच्छुक हैं या अनुपालन करने में असमर्थ हैं, उन्हें कहीं और काम तलाशने के लिए मजबूर किया जा रहा है, और कुछ लोग नौकरी छोड़ने का विकल्प चुन रहे हैं।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने रिलोकेशन पॉलिसी की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कंपनी के वर्कफोर्स के एक छोटे प्रतिशत को प्रभावित कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा, यह सभी के लिए एक जैसा दृष्टिकोण नहीं है, इसलिए हमने फैसला किया कि प्रभावित टीमों और व्यक्तियों के साथ सीधे बात की जाएगी, ताकि सटीक जानकारी सुनिश्चित की जा सके।




प्रवक्ता ने कहा, अगर किसी व्यक्ति को लगता है कि उनके पास वह जानकारी नहीं है जिसकी उन्हें जरूरत है, तो हम उन्हें अपने एचआर बिजनेस पार्टनर या उनके मैनेजर से बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। रिलोकेशन पॉलिसी से प्रभावित कर्मचारियों के लिए, अमेजन पूछ रहा है कि वे एक नामांकित हब में चले जाएं, जो सिएटल, अर्लिंगटन, न्यूयॉर्क, शिकागो, सैन फ्रांसिस्को या कोई अन्य मुख्य कार्यालय हो सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, कुछ कर्मचारी इसे महामारी के दौरान कंपनी के दृष्टिकोण से बिल्कुल उलट के रूप में देखते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ मामलों में, कर्मचारियों को राज्य से बाहर जाने के लिए कहा जा रहा है, जिसके लिए उन्हें अपने हाउसिंग लीज को ब्रेक करना होगा, या अपने बच्चों को नए स्कूलों में ट्रांसफर करना होगा।

31 मई को, अमेजन के सैकड़ों कर्मचारियों ने कंपनी के काम पर लौटने के पॉलिसी औरक्लाइमेट चेंज इनिशिएटिव पर प्रगति की कमी को लेकर सिएटल में कंपनी के मुख्यालय में वाकआउट किया। अमेजन ने 1 मई से ऑफिस आकर काम करने की पॉलिसी को अनिवार्य कर दिया है, जिसमें कर्मचारियों को प्रति सप्ताह कम से कम तीन दिन ऑफिस आना होगा। ई-कॉमर्स दिग्गज ने नौकरी में कटौती की दो घोषणाओं में 27,000 कर्मचारियों को भी नौकरी से निकाल दिया है।

हालांकि, हजारों कॉर्पोरेट और टेक कर्मचारी काम पर लौटने से खुश नहीं है। ई-कॉमर्स दिग्गज सिएटल क्षेत्र में 65,000 से अधिक कॉर्पोरेट कर्मचारियों को रोजगार देता है।

## देश के कुल इसबगोल उत्पादन का 90 फीसदी प्रसंस्करण गुजरात में

**गांधीनगर,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के कुल इसबगोल उत्पादन का 90 फीसदी प्रसंस्करण गुजरात में किया जाता है। सरकारी सूत्रों के अनुसार राज्य के सिद्धपुर और ऊंझा में इसकी प्रसंस्करण इकाइयां हैं। ऊंझा और उसके आसपास के क्षेत्रों में इसबगोल प्रसंस्करण की लगभग 25 इकाइयां विकसित की गई हैं। इसबगोल सर्वाधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाली औषधीय फसल है। भारत के कुल इसबगोल के उत्पादन का 93 फीसदी हिस्सा पूरी दुनिया में निर्यात किया जाता है। अमेरिका भारतीय इसबगोल का सबसे बड़ा आयातक देश है। उसके बाद भारत से सबसे अधिक इसबगोल खरीदने वाले देशों में जर्मनी, इटली, ब्रिटेन और कोरिया है। इसके अलावा अन्य देशों में भी भारत से इसबगोल का निर्यात किया जाता है। स्थानीय भाषा में 'घोड़ा जीरा' के रूप में जाना जाने वाला इसबगोल भारत में खेती के अंतर्गत सभी औषधीय फसलों में सर्वाधिक क्षेत्रफल में उगाई जाने वाली अति महत्वपूर्ण फसल है। पूरी दुनिया में भारत इसबगोल का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इसबगोल फसल के प्रसंस्करण में गुजरात देश भर में अव्वल स्थान पर है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात कृषि क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है।

## मास्टरकार्ड और आईसीसी की वैश्विक साझेदारी

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। मास्टरकार्ड ने इस वर्ष भारत में हो रहे आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए वैश्विक साझेदारी करने की आज घोषणा की।



इस वर्ष 05 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में यह विश्व कप का आयोजन होगा। इसके लिए मास्टरकार्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ यह साझेदारी की है। मास्टरकार्ड ग्राहकों और कार्डधारकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए खेल प्रायोजन/स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप की अपनी विरासत को जारी रखने के उद्देश्य से करार किया है। भारत, दक्षिण एशिया और दुनिया के कई देशों में क्रिकेट लोकप्रिय खेलों में से एक है और विश्व कप श्रृंखला प्रशंसकों को रोमांच के केंद्र में रखता है और उन्हें खेल का अभूतपूर्व अनुभव लेने का अवसर प्रदान करता है।

इस साझेदारी के तहत 24 घंटे की विशेष प्री-सेल विंडो के अलावा मास्टरकार्ड कार्डधारक और ग्राहक कई लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इन अवसरों में शामिल है-क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों से मिलने का मौका, पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी को करीब से देखने का अवसर और मैच के दिनों में विशेष प्रवेश शामिल है। कार्डधारकों के 12-18 वर्ष की आयु के बच्चों को भी ध्वजवाहक कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा और मास्टरकार्ड कार्डधारकों के लिए आधिकारिक आईसीसी मर्केंडाइज की खरीदी पर कई प्रकार के ऑफर दिए जाएंगे।

इस मौके पर आईसीसी के मुख्य कार्यकारी जोफ एलार्डिस ने कहा मास्टरकार्ड की पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आयोजन के लिए एक वैश्विक पार्टनर के रूप में घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

## शंकर शर्मा को ब्राइटकॉम के शेयर बेचने से रोका गया

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। सेबी के मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि प्रमुख निवेशक शंकर शर्मा को ब्राइटकॉम ग्रुप लिमिटेड (बीजीएल) को किए गए भुगतान की सही स्थिति बताने के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है, हालांकि, वह इसे देने में विफल रहा है। दिलचस्प बात यह है कि 15 अगस्त को अपने ईमेल में शंकर शर्मा द्वारा उद्धृत भुगतान विवरण जमा न करने का एक कारण यह है कि %कंपनी की ओर से सभी प्रेषणों का मिलान करने में देरी के कारण हमें बाध्य होना पड़ा है। तरजीही आवंटन में अन्य आवंटियों के साथ शंकर शर्मा को ब्राइटकॉम के शेयर बेचने से रोक दिया गया है। शंकर शर्मा को वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 37.70 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 1,50,00,000 वारंट (बाद में 9 मार्च, 2022 को शेयरों में परिवर्तित) आवंटित किए गए, प्रत्येक 2 रुपये के अंकित मूल्य के साथ, कुल रुपये के विचार के लिए। 56.65 करोड़. कंपनी ने दावा किया कि उसे कुल 56.65 करोड़ रुपये मिले हैं। हालांकि, बार-बार याद दिलाने के बाद भी बीजीएल अपने बैंक खातों में शंकर शर्मा से वारंट/शेयर आवेदन राशि की प्राप्ति के दस्तावेजी साक्ष्य प्रदान करने में विफल रही। यह देखा गया कि बीजीएल को शंकर शर्मा से 25.7936 करोड़ रुपये मिले थे।

# भारत के फैसले से नेपाल में प्याज की कमी

काठमांडू, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया है। इसके बाद नेपाल को प्याज की कमी का सामना करना पड़ रहा है। निर्यातकों द्वारा भारत से प्याज का आयात बंद करने के बाद मंगलवार से काठमांडू के कालीमाटी फल और सब्जी बाजार ने अपनी मूल्य सूची से प्याज को हटा दिया है। काठमांडू के प्रमुख और सबसे बड़े सब्जी और फल बाजारों में से एक कालीमाटी फल और सब्जी बाजार के सूचना अधिकारी बिनय श्रेष्ठ ने कहा कि हमारे पास 80 विक्रेता हैं जो प्याज बेचते हैं लेकिन पिछले दो दिनों में, उनके पास प्याज का स्टॉक खत्म हो रहा है इसलिए हमने प्याज की मूल्य सूची हटा दी है क्योंकि यह अब उपलब्ध नहीं है। वहीं, केंद्र सरकार द्वारा निर्यात शुल्क लगाए जाने के बाद नेपाल में प्याज की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। नेपाली बाजार में प्याज की कीमत 50 रुपये से बढ़कर 90-100 रुपये प्रति किलो के आसपास पहुंच गई है।



चूंकि नेपाल अपनी लगभग सभी प्याज जरूरतों को भारत से आयात करता है, भारी निर्यात शुल्क ने घरेलू बाजार में कमी पैदा कर दी है। व्यापारियों का कहना है कि यह कमी नेपाल के त्योहारी सीजन के साथ मेल खाती है क्योंकि इन दिनों प्याज की खपत बढ़ जाती है। 21 दिसंबर तक 40 फीसदी निर्यात शुल्क ऐसे समय लगाया गया है जब अधिकांश नेपाली त्योहार बीच में आते हैं। आमतौर पर काठमांडू के कालीमाटी फल और सब्जी बाजार में औसतन 100 टन प्याज का आयात होता था, लेकिन निर्यात शुल्क लगाए जाने के बाद रविवार और सोमवार को यह संख्या घटकर 40 टन रह गई है। श्रेष्ठ ने कहा कि मंगलवार से निर्यातकों ने प्याज का आयात बंद कर दिया है। न्यूनतम घरेलू उत्पादन के कारण नेपाल भारत से आयातित प्याज पर बहुत अधिक निर्भर है। पिछले वित्त वर्ष में देश ने 6.75 अरब रुपये मूल्य के 180,190 टन प्याज का आयात किया गया था।

## सार संक्षेप

### रुपया 29 पैसे मजबूत

**मुंबई।** शेयर बाजार में जारी तेजी के साथ ही आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में आज डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे मजबूत होकर 82.70 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.99 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया तीन पैसे की बढ़त लेकर 82.96 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 82.63 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 82.97 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 82.99 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 29 पैसे मजबूत होकर 82.70 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

### पेट्रोल डीजल को जीएसटी दायरे में लाने के लिए पंप मालिकों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देश भर के पेट्रोल पंप मालिकों ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के साथ ही अपनी अन्य मांगों को लेकर आज राजधानी में धरना प्रदर्शन किया। पेट्रोल पंप डीलरर्स एसोसियेशन की अगुवाई में आयोजित इस धरना प्रदर्शन में देश के 16 राज्यों के डीलर शामिल हुये। डीलरों ने यहां पेट्रोलियम मंत्रालय को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें पेट्रोल और डीजल पर वैट को अव्यवहारिक बताते हुये इन दोनों उत्पादों को जीएसटी के दायरे लाये जाने की मांग की। इसमें कहा गया है कि वैट से क्षेत्रीय असंतुलन पैदा हो रहा है और यह एक देश एक कर के सरकार के दृष्टिकोण के भी विपरीत है। इसमें डीलरों ने अपने मार्जिन को भी बढ़ाये जाने की मांग की है और कहा कि छह वर्ष पहले मार्जिन में बढोतरी की गयी थी। देश में अभी 70 हजार पेट्रोल पंप है जिससे करीब 10 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

### क्यूआईए रिलायंस रिटेल वेंचर्स में करेगी 8278 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का रिटेल कारोबार करने वाली इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) में कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (क्यूआईए) 8278 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि क्यूआईए यह निवेशेपूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के माध्यम से करेगी और यह निवेश आरआरवीएल के 8.278 लाख करोड़ के मूल्याकंन के आधार पर किया गया है। इसस निवेश से क्यूआईए को इस कंपनी में 0.99 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। आरआरवीएल अपनी सहायक कंपनियों और सहयोगियों के माध्यम से खुदरा व्यापार का संचालन करती है जो किराना, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और जीवन शैली में 18,500 से अधिक स्टोर और डिजिटल वाणिज्य प्लेटफार्मों के एकीकृत ओमनी-चैनल नेटवर्क के साथ 26.7 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। इससे पहले 2020 में आरआरवीएल ने विभिन्न वैश्विक निवेशकों से 47,265 करोड़ रुपये की पूंजी जुटायी थी। उस समय कंपनी का मूल्याकंन 4.21 लाख करोड़ रुपये रहा था।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई** 23 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, इंडस्ट्रियल्स, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन भी तेजी रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 213.27 अंक की छलांग लगाकर 65,433.30 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 47.55 अंक चढ़कर 19,444 अंक पर पहुंच गया। बीएसई का मिडकैप भी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 30,946.75 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत उछलकर 36,065.95 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3783 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2078 में लिवाली जबकि 1544 में बिकवाली हुई वहीं 161 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 29 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 22 में गिरावट रही। बीएसई के 13 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.09, सीडी 0.17, वित्तीय सेवाएं 0.86, हेल्थकेयर 0.15, इंडस्ट्रियल्स 1.08, आईटी 0.21, दूरसंचार 0.27, बैंकिंग 1.20, कैपिटल गुड्स 1.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.47, धातु 1.05, रियल्टी 0.43 और टेक समूह के शेयर 0.08 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार का रुख सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.03, जर्मनी का डैक्स 0.54, जापान का निक्केई 0.48 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.31 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.34 प्रतिशत की गिरावट रही।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 81 अंक की तेजी लेकर 65,300.93 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,108.51 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर बाद 65,504.71 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,220.03 अंक की तुलना में 0.33 प्रतिशत चढ़कर 65,433.30 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 43 अंक चढ़कर 19,439.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,366.60 अंक के निचले जबकि 19,472.05 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,396.45 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19,444.00 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान तेजी पर रहे सेंसेक्स की 17 कंपनियों में एक्सिस बैंक ने सबसे अधिक 2.23 प्रतिशत की मुनाफा कमाया। साथ ही एसबीआई 1.51, आईसीआईसीआई बैंक 1.49, एलटी 1.42, टाटा स्टील 1.15, मारुति 1.10, कोटक बैंक 0.92, बजाज फाइनेंस 0.73, पावरग्रिड 0.73, नेस्ले इंडिया 0.67, टीसीएस 0.48, इंफोसिस 0.28, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.28, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.28, एचडीएफसी बैंक 0.27, बजाज फिनसर्व 0.21 और रिलायंस के शेयर 0.16 प्रतिशत की बढ़त पर रहे।

वहीं, जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 5.00 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसके अलावा सन फार्मा 1.22, भारती एयरटेल 1.16, टाटा मोटर्स 1.01, टेक महिंद्रा 0.90, आईटीसी 0.84, अल्ट्रासिमको 0.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.52, विप्रो 0.44, एशियन पेंट 0.36, टाइटन 0.18, इंडसइंड बैंक 0.10, एचसीएल टेक 0.04 और एनटीपीसी के शेयर 0.02 प्रतिशत गिर गए।

## जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट गिरकर 3812 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.34 सेंट की गिरावट लेकर 61.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 8050-8150, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल : 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4100-4200 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 12308 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये, सोया रिफाइंड 12088 रुपये, पाम ऑयल 9000 रुपये और वनस्पति तेल 11000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## भारत में केरल में पांच सितारा होटलों की संख्या सबसे अधिक

**तिरुवनंतपुरम,** 23 अगस्त (एजेंसियां)। केरल ने देश में सबसे ज्यादा पांच सितारा होटल होने का गौरव हासिल कर लिया है। केरल में कुल 42 पांच सितारा होटल हैं। आवास इकाइयों के राष्ट्रीय डेटाबेस में उपलब्ध ताजा आंकड़ों में यह खुलासा हुआ है।

केरल ने महाराष्ट्र, राजस्थान और गोवा जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है, जो पर्यटकों और कॉरपोरेट्स के बीच सुविधाजनक स्थानों के रूप में लोकप्रिय हैं। रैंकिंग के अनुसार, कुल 35 पांच सितारा होटलों के साथ महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है, 32 पांच सितारा होटलों के साथ गोवा तीसरे स्थान पर है, इसके बाद 27 पांच सितारा होटलों के साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है।

केरल पर्यटन के निदेशक पी.बी. नूह ने कहा कि जहां सरकार बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास में प्रमुख भूमिका निभाती है, वहीं प्राइवेट उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का विकास करते हैं, जिससे केरल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की आमद बढ़ाने में मदद मिलती है। तिरुवनंतपुरम के हयात रीजेंसी के महाप्रबंधक राहुल राज ने कहा कि यह न केवल हमें केरल को एमआईसीई के लिए सबसे ज्यादा मांग वाले डेस्टिनेशन के रूप में पेश करता है, बल्कि हॉस्पिटालिटी सेक्टर में करियर डेवलपमेंट के अधिक अवसर पैदा करने में भी प्रमुख भूमिका निभाता है। तमारा लीजर की सीईओ और निदेशक श्रुति शिबुलाल ने कहा कि यह उपलब्धि एक मजबूत उत्प्रेरक के रूप में काम करती है।

## अमूल को मिला विश्व स्तर पर सबसे मूल्यवान डेयरी, खाद्य ब्रांडों में स्थान

**आणंद (गुजरात),** 23 अगस्त (एजेंसियां)। अमूल को ब्रांड फाइनेंस फूड एंड ड्रिंक रिपोर्ट 2023 की ओर से दुनिया के सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है। रिपोर्ट सबसे मजबूत और सबसे मूल्यवान भोजन, डेयरी और गैर-अल्कोहल पेय ब्रांडों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है।




अमूल ब्रांड के तहत दूध और दूध उत्पादों की मार्केटिंग करने वाली शीर्ष संस्था गुजरात कोआपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने यूनीवार्ता को बुधवार को बताया कि दुनिया की अग्रणी

ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी, यूके स्थित ब्रांड फाइनेंस की रिपोर्ट, गुणवत्ता, नवाचार और उपभोक्ता विश्वास के प्रति अमूल की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। अमूल को न केवल विश्व स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है, बल्कि प्रसिद्ध अमेरिकी चॉकलेट ब्रांड, हर्षे के बाद दुनिया भर में दूसरा सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड भी पाया गया है।

श्री मेहता ने कहा कि प्रतिष्ठित रिपोर्ट में अमूल की प्रभावशाली उपलब्धि यहीं नहीं रुकती। अमूल ब्रांड को दुनिया के 5,000 जाने-माने ब्रांडों में से शीर्ष 30 सबसे मूल्यवान खाद्य ब्रांडों में भी स्थान दिया गया है। इसके अलावा, अमूल गर्व से दुनिया के 100 शीर्ष ब्रांडों में से किसानों की मालिकी (या किसान-स्वामित्व) वाला एकमात्र ब्रांड है।

श्री मेहता ने कहा, यह उपलब्धि अमूल परिवार के 36 लाख डेयरी किसान सदस्यों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। हमने किसान सशक्तिकरण के मूल्यों को कायम रखते हुए हमेशा अपने उपभोक्ताओं को उच्चतम गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। दुनिया के सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड के रूप में पहचाने जाने से हमें उत्कृष्टता और डेयरी किसानों को सशक्त बनाने की अपनी यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि तीन बिलियन डॉलर के प्रभावशाली मूल्यांकन के साथ अमूल ने दुनिया के सबसे मूल्यवान डेयरी ब्रांडों की सूची में सातवां स्थान भी हासिल किया है। इस प्रतिष्ठित सूची में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में, अमूल अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश को गौरवान्वित कर रहा है। रिपोर्ट सस्टेनेबिलिटी परसेप्शन वैल्यूज़ (एसपीवी) के मामले में सातवां स्थान पाकर, अमूल संवहनीयता और जिम्मेदार प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है।

उल्लेखनीय है कि अमूल 72,000 करोड़ रुपये (नौ बिलियन अमेरिकी डॉलर) की वार्षिक बिक्री के साथ भारत में सबसे बड़ा एफएमसीजी ब्रांड है और किसान सहकारी आंदोलन की शक्ति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। अमूल की शुरुआत 1946 में भारत को आज़ादी मिलने से पहले हुई थी और हाल ही में इसने 75 वर्ष पूरे किए हैं।

# खेल जगत

## प्रगनानंद ने मैग्नस कार्लसन को एक और ड्रा पर रोका

**बाकू (अजरबैजान),** 23 अगस्त (देशबन्धु)।भारत के रमेशबाबू प्रगनानंद ने बुधवार को यहां फिडे विश्व कप के दो गेमों के फाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को लगातार दूसरी बार ड्रा पर रोका, जिससे फाइनल मुकाबला टाईब्रेकर में खिंच गया। प्रगनानंद, जिन्होंने मंगलवार को सफेद मोहरों से ड्रा खेला था, ने इस बार काले मोहरों से नॉर्वेजियन शास्त्रीय शतरंज के पांच बार के विश्व चैंपियन को एक और ड्रा पर रोक दिया। यह एक शांत ड्रा था क्योंकि सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद कार्लसन को अधिक फायदा नहीं मिल सका। फाइनल का फैसला अब गुरुवार को रैपिड शतरंज टाईब्रेक गेम के माध्यम से किया जाएगा।



# सिंधु ओकुहारा से हारीं, लक्ष्य प्री-क्वार्टर में पहुंचे



कोपेनहेगन (डेनमार्क), 23 अगस्त (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु मंगलवार को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में दो पूर्व चैंपियनों के मुकाबले में जापान की नोजोमी ओकुहारा से हारकर बाहर हो गईं। हालांकि, लक्ष्य सेन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर एक और पदक जीतने की अपनी संभावना बरकरार रखी। 22 वर्षीय लक्ष्य ने कोरिया गणराज्य के जियोन ह्योक-जिन को 36 मिनट में 21-11, 21-12 से हराया।

भारत के लिए कुछ और झटके लगे जब वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन की मिश्रित युगल जोड़ी राउंड 64 के मुकाबले में जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसन और लिंडा एफ़लर से 21-12, 21-11 से हार गई। स्विट्जरलैंड के बासेल में 2019 संस्करण में महिला एकल का खिताब जीतने के लिए फाइनल में ओकुहारा को हराने वाली सिंधु डेनिश राजधानी में 44 मिनट की मुठभेड़ में जापानी स्टार से 21-14, 21-14 से हार गईं।

सिंधु, जिन्होंने 2016 में रियो ओलंपिक में रजत और फिर टोक्यो में कांस्य जीता, आमने-सामने की लड़ाई में पुरानी प्रतिद्वंद्वी ओकुहारा से 10-9 से पीछे हैं और दोनों के बीच कई करीबी मुकाबले हुए हैं। लेकिन मंगलवार को रॉयल एरेना के कोर्ट नंबर 2 पर हुआ मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें भारतीय खिलाड़ी दूसरे गेम में 9-0 की बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही।

ओकुहारा ने 9-6 की बढ़त बनाने से पहले पहले गेम में शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई। हालाँकि, सिंधु ने 9-9 से बराबरी कर ली, लेकिन जापानी शटलर ने फिर से बढ़त बना ली और 12-10 से आगे बढ़ते हुए 21-14 से पहला गेम जीत लिया।

28 वर्षीय सिंधु के लिए दूसरे गेम की शुरुआत अच्छी रही और उन्होंने 9-0 की बढ़त बना ली। ओकुहारा, जो बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 36वें स्थान पर खिसक गई हैं जबकि सिंधु 15वें नंबर पर हैं, उन्होंने अपनी लय वापस हासिल की और लगातार पांच अंक हासिल किए और फिर 10-5 से चार और अंक जीतकर स्कोर 10-9 कर दिया।

जापानी शटलर ने 12-12 के स्कोर पर सिंधु को पछाड़ दिया और फिर ताकत से आगे बढ़ती गई और 21-14 से गेम जीत लिया, स्पष्ट रूप से अपनी बेहतर फिटनेस के दम पर जीत हासिल की। सिंधु को पहले राउंड में बाई मिली थी। अपने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य ने पहले गेम में शुरुआती बढ़त बनाई और फिर अपनी बढ़त बरकरार रखी। 6-4 की बढ़त से भारतीय शटलर ने 10-4 की बढ़त बनाई और फिर इसे 13-6 कर दिया। लक्ष्य ने अपना पलड़ा भारी बनाए रखा और पहला गेम 21-11 से जीत लिया।

यह सिलसिला दूसरे गेम में भी जारी रहा और लक्ष्य ने 4-1 की बढ़त बना ली और जियोन ह्योक-जिन के खिलाफ हमेशा अच्छी बढ़त बनाए रखते हुए जीत हासिल की।

## बाकू में अमनप्रीत के शानदार प्रदर्शन से भारत ने जीता स्वर्ण और कांस्य

**नई दिल्ली**, 23 अगस्त (एजेंसियां)। अमनप्रीत सिंह ने अजरबैजान के बाकू में चल रही इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड चैंपियनशिप (ऑल इवेंट्स) में पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल प्रतियोगिता जीतकर भारत को पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया। महिला स्टैंडर्ड पिस्टल तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जिससे देश की पदक संख्या पांच स्वर्ण और चार कांस्य पदक तक पहुंच गई। इसके साथ, भारत अब पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है, जो 24 पदकों के साथ शीर्ष पर है, जिनमें से 13 स्वर्ण हैं। अमनप्रीत ने पुरुषों की स्टैंडर्ड पिस्टल में 577 का स्कोर किया, जो रजत विजेता कोरियाई ली गुनह्योक से तीन अंक आगे था, जिन्होंने 574 का स्कोर किया। फ्रांस के केविन चैपोन ने ली के समान स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता, लेकिन कोरियाई की तुलना में कम आंतरिक 10 के साथ। भारतीय टीम में अमनप्रीत के अलावा हर्ष गुप्ता (573 के साथ चौथे) और अक्षय जैन (545) शामिल थे, हालांकि, टीम पदक से चूक गए और 1695 के कुल योग के साथ चीन, जर्मनी और कोरिया के बाद चौथे स्थान पर रहे। महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में, जबकि तियाना (538 के साथ 11वें), याशिता शौकीन (536 के साथ 12वें) और कृतिका शर्मा (527 के साथ 14वें) व्यक्तिगत प्रतियोगिता में पदक दौर में जगह बनाने में असफल रहीं, लेकिन वे 1601 के संयुक्त स्कोर के साथ टीम कांस्य जीतने में सफल रहीं। चीन ने स्वर्ण पदक जीता और मेजबान अजरबैजान ने रजत पदक जीता।

## जेसविन एल्ड्रिन लंबी कूद फाइनल के लिए क्वालीफाई, श्रीशंकर असफल

**बुडापेस्ट (हंगरी)**, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के जेसविन एल्ड्रिन ने पुरुषों की लंबी कूद के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जबकि साथी भारतीय मुरली श्रीशंकर बुधवार को यहां क्वालीफाइंग राउंड में कुल मिलाकर 22वें स्थान पर रहने में असफल रहे। जेसविन एल्ड्रिन ने क्वालीफाइंग बी ग्रुप में 8.00 मीटर की छलांग लगाकर 12 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों में से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो गुरुवार शाम को होगा।

फ़ाइनल में सीधे क्वालीफ़ाइंग के लिए दूरी 8.15 थी, लेकिन केवल चार जंपर्स ही यह दूरी तय कर पाए। 8.00 मीटर के साथ क्वालीफाइंग में जेसविन एल्ड्रिन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास ने उन्हें फाइनल में 12वां और अंतिम स्थान दिलाया। श्रीशंकर क्वालीफाइंग ए ग्रुप में केवल 7.74 की छलांग ही लगा सके और फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। यह पिछले साल ओरेगॉन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में हासिल की गई 7.96 की दूरी से कम है। पिछले साल ओरेगॉन में क्वालीफाइंग राउंड में श्रीशंकर ने 8.00 मीटर की छलांग लगाई थी।

बुधवार को, जमैका के वेन पिन्नॉक 8.54 मीटर के विश्व-अग्रणी प्रयास के साथ क्वालीफाइंग क्षेत्र में शीर्ष पर रहे, जबकि चीन के जियानान वांग 8.34 की दूरी के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो उनके सीज़न का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (8.26 मीटर) और जमैका के कैरी मैकलियोड (8.19 मीटर) अन्य जंपर थे जिन्होंने




8.15 मीटर के स्वचालित क्वालीफाइंग मार्क को पार किया।

अन्य भारतीयों में भारत की अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। अन्नू ने बुधवार को 57.05 का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले 12 एथलीटों में जगह नहीं बना सकीं। स्वचालित क्वालीफाइंग मार्क 61.05 मीटर या सर्वश्रेष्ठ 12 एथलीट था। अन्नू के प्रदर्शन ने उन्हें स्पर्धा के 36 एथलीटों में 19वां स्थान दिलाया।

## मास्टरकार्ड और आईसीसी ने वैश्विक पार्टनरशिप के लिए हाथ मिलाए

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 5 अक्टूबर से 19 नवंबर 2023 के बीच भारत में आयोजित होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए मास्टरकार्ड के साथ वैश्विक पार्टनरशिप की शानदार सहभागिता की घोषणा की। मास्टरकार्ड ग्राहकों और कार्डधारकों को अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के लिए खेल प्रायोजन/स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप की अपनी समृद्ध विरासत को जारी रखेगा। भारत, दक्षिण एशिया और दुनिया भर के कई अन्य क्षेत्रों में क्रिकेट सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और विश्व कप श्रृंखला प्रशंसकों को रोमांच के केंद्र में रखता है और उन्हें खेल का अभूतपूर्व अनुभव लेने का अवसर प्रदान करता है। 24 घंटे की विशेष प्री-सेल विंडो के अलावा, मास्टरकार्ड कार्डधारक और ग्राहक अन्य भी कई लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इन अवसरों में शामिल है-क्रिकेट के दिग्गज खिलाडियों से मिलने का मौका, पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी को करीब से देखने का अवसर और मैच के दिनों में विशेष प्रवेश शामिल है। कार्डधारकों के 12-18 वर्ष की आयु के बच्चों को भी ध्वजवाहक कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा और मास्टरकार्ड कार्डधारकों के लिए आधिकारिक आईसीसी मर्केंडाइज की ख़रीदी पर कई प्रकार के ऑफर दिए जाएंगे।

## विश्व कप क्वॉलिफायर में पदक के साथ लौटेंगे : नवजोत

**नई दिल्ली,** 23 अगस्त (देशबन्धु)। चतुर मिडफील्डर नवजोत कौर की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम सलाला(ओमान) में 25 से 28 अगस्त तक होने वाले महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वालिफायर में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से ओमान के लिए रवाना हुई। भारतीय महिला हॉकी टीम इलिट पूल में जापान, मलयेशिया और थाइलैंड के साथ है। वहीं दूसरे चैलेंजर्स पूल में हांगकांग, चीन, चीनी ताइपे, बांग्लादेश और मेजबान ओमान की टीमें हैं। नवजोत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं जबकि स्ट्राइकर ज्योति उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम में गोलरक्षक बांसुरी सोलंकी भी है। रक्षापंक्ति का भार अक्षता अबासो ढेकले, महिमा चौधरी, सोनिया देवी क्षेत्रीमायुम संभालेंगे। मध्यपंक्ति का जिम्मा कप्तान नवजोत कौर और अजमीना कुजखर संभालेंगे जबकि अग्रिम पंक्ति का जिम्मा मरियरा कुजुर, ज्योति दीपि मोनिका टोपो संभालेंगी।

भारत की कप्तान नवजोत कौर अपनी टीम की महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर में जीत की संभावनाओं को लेकर खासी उत्साह से भरी नजर आई। नवजोत ने कहा, 'हमें अपने पूल में कुछ मजबूत टीमों का सामना करना है। हमने इस टूर्नामेंट की तैयारी के लिए जितनी मेहनत की है उससे मुझे पूरा विश्वास है हम इसमें अच्छा प्रदर्शन करेंगे और पदक के साथ स्वदेश वापस लौटेंगे।' भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच सौंदर्या येंडला ने टूर्नामेंट अपनी टीम की संभावनाओं की बाबत कहा, हम इस टूर्नामेंट के शुरू होने का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। हमने महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर की तैयारियों के लिए जम कर तैयारी की है। हमारा लक्ष्य पूरे टूर्नामेंट में बढिय़ा प्रदर्शन करना है। उम्मीद है हमें अपनी मेहनत का फल टूर्नामेंट जीतने के रूप में मिलेगा।'



■ भारत का पहला मैच मलयेशिया से 25 अगस्त को

**भारतीय महिला हॉकी टीम के मैचों का कार्यक्रम**

**25 अगस्त :** भारत वि. मलयेशिया, दोपहर साढ़े तीन बजे।

**26 अगस्त :** भारत वि. जापान, रात साढ़े नौ बजे।

**27 अगस्त :** भारत वि. थाइलैंड, दोपहर ढाई बजे।

**(सभी मैचों का समय भारतीय समयानुसार है)।**

## बजरंग, दीपक को विदेश में प्रशिक्षण की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली,** 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने पहलवान बजरंग पुनिया और दीपक पुनिया को क्रमशः किर्गिस्तान और रूस में प्रशिक्षण हासिल करने की अनुमति दे दी है। मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि 18 अगस्त को कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और एक सहयोगी के साथ किर्गिस्तान में 21 अगस्त से 28 सितंबर (39 दिन) तक प्रशिक्षण लेने के बजरंग के प्रस्ताव को कुश्ती उप-समिति की बैठक में चर्चा के लिए रखा गया था। इस बैठक में ओलंपियन दीपक पुनिया के 23 अगस्त से 28 सितंबर (35 दिन) तक रूस में प्रशिक्षण शिविर के लिए अपने कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ जाने के प्रस्ताव की भी चर्चा की गई।



चर्चा के दौरान समिति ने बजरंग और दीपक दोनों के प्रस्ताव को इस शर्त पर मंजूरी दी कि वे विदेश जाने से पहले सीनियर विश्व चैंपियनशिप ट्रायल में भाग न लेने के उचित कारण के साथ फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करेंगे।

इसके बाद बजरंग ने 19 अगस्त को ईमेल के जरिए विश्व चैंपियनशिप ट्रायल में भाग न लेने के अपने कारण बताए। इसके अलावा 21 अगस्त को भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत केंद्र में मेडिकल फिटनेस मूल्यांकन आयोजित किया गया, जिसमें बजरंग को प्रतिस्पर्धी खेलों में खेलने/प्रशिक्षण के लिए फिट घोषित किया गया है।

इस बीच दीपक ने भी 22 अगस्त को अपना जवाब और मेडिकल सर्टिफिकेट भी जमा कर दिया। दोनों खिलाड़ियों के आवश्यक दस्तावेज जमा होने के बाद साई ने अब एथलीटों से अपनी यात्रा की तारीखें देने का अनुरोध किया है। उनका जवाब मिलते ही पहली उपलब्ध फ्लाइट में टिकट बुक कर दिए जाएंगे।

## भारत की जर्मनी की जू. टीम से फाइनल में 1-6 से बड़ी हार

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 23 अगस्त (देशबन्धु)। भारत मेजबान जर्मनी से डसेलडर्फ में चार देशों के जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट, डसेलडर्फ 2023 के फाइनल में भी सोमवार देर रात 1-6 से हार उपविजेता रहा। भारत की जूनियर टीम इस लीग मैच में भी जर्मनी की जूनियर टीम से 2-3 से हारा था। भारत की ने अपने अभियान का आगाज स्पेन पर 6-2 की धमाकेदार जीत के साथ किया लेकिन समापन बदकिस्मती से बड़ी हार के साथ किया। नियमित कप्तान उत्तम सिंह की गैरमौजूदगी में विष्णुकांत सिंह ने भारतीय जूनियर हॉकी टीम का कुशलता का नेतृत्व किया। बावजूद इसके भारत की जूनियर टीम को फाइनल में अपने नियमित कप्तान उत्तम सिंह की हॉकी कलाकारी और प्रेरणादाई मार्गदर्शन की कमी जरूर अखरी। भारत की जूनियर टीम के लिए जर्मनी की जूनियर टीम के हाथों लीग और फाइनल की हार जरूर चिंता का सबब है और इस पर टीम के चीफ कोच और हॉकी इंडिया को गंभीरता से सोचना होगा। भारत को इस साल के आखिर में क्वालालंपुर में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में खिताब जीतना है जो उसे जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया की टीमों से पार पाना होगा।

■ भारत की जू. टीम को अपने नियमित कप्तान स्ट्राइकर उत्तम सिंह की कमी अखरी

■ भारत की जू. टीम के लिए सुदीप चिरिमाको ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पांच गोल किए

भारत की जूनियर टीम के लिए एकमात्र गोल इस टूर्नामेंट में उसके लिए सबसे ज्यादा पांच गोल कर उसके सबसे कामयाब रहे ओडिशा के आदिवासी अंचल से आने वाले नौजवान स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको (22 वें मिनट) ने किया। भारत के लिए उत्साहवर्द्धक बात यह रही कि सुदीप चिरिमाको ने इस टूर्नामेंट अपने पांच में तीन गोल जर्मनी जैसी दुनिया की मजबूत टीम के खिलाफ दागे। विजेता जर्मनी की जूनियर टीम के क लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग (15 वें मिनट), बेन हाशबाख(20 वें मिनट), हयुगो वॉन मोंटजीलस (23 वें मिनट), फैगिया सीज(38 वें मिनट), निकल्स ब्रेंडटस(41 वें मिनट) और पॉल ग्लेंडर(43 वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।

## सार संक्षेप

### जीपीबीएल सीजन 2 : ओपनर में बेंगलुरु टाइगर्स का मुंबई वॉल्व्स से मुकाबला

**बेंगलुरु।** मेजबान बेंगलुरु टाइगर्स और मुंबई वॉल्व्स के बीच शुरुआती मुकाबले में भिड़ंत होगी, जो 27 अगस्त से शुरु होने वाले एक्शन से भरपूर ग्रैंड प्रिक्स बैडमिंटन लीग सीजन 2 के लिए रोमांचक माहौल बनाएगा। बैडमिंटन टूर्नामेंट के शुरुआती दिन चेन्नई सुपरस्टार्ज़ का मुकाबला नॉर्थईस्ट राइनोज़ से भी होगा। हैदराबाद हाउंड्स, पुणे पैंथर्स, गुजरात लायंस और नॉर्थईस्ट राइनोज़ मैदान में अन्य टीमें हैं। 13 दिवसीय लीग में कुछ शीर्ष राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगे। रोमांच बढ़ाने के लिए, लीग ने एक नया प्रारूप पेश किया है जो बेहतरीन मनोरंजन की गारंटी देता है। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों को एक ही ग्रुप में रखा गया है, जहां वे मैचों की श्रृंखला में एक दूसरे को टक्कर देंगी। लीग चरण में प्रत्येक टीम पांच मैच खेलेगी। इस सीजन का एक मुख्य आकर्षण ड्रा है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि टीमें लीग स्टेज में एक-दूसरे के खिलाफ एक ही मैच खेले। जीपीबीएल ने कोर्ट पर प्रतिद्वंद्विता को तेज करने के लिए अपनी स्कोरिंग प्रणाली को भी नया रूप दिया है। टीमें प्रत्येक गेम जीतने पर एक अंक (11 अंक) अर्जित करेंगी, जबकि खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक मैच में सभी तीन गेम खेलना अनिवार्य कर दिया जाएगा। टाई जीतने पर एक अतिरिक्त अंक दिया जाएगा। यदि कोई टीम ट्रम्प मैच सहित अपने सभी मैच जीतती है, तो उसे कुल 18 अंक मिलेंगे, जबकि सभी मैच हारने पर -1 अंक मिलेगा।

### वर्ल्ड कप से पहले बुमराह-कृष्णा को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने चाहिए : सितांशु कोटक

डबलिन। आयरलैंड के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार वापसी से टीम इंडिया की गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है। आयरलैंड दौरे के लिए गई टीम इंडिया के मुख्य कोच सितांशु कोटक ने जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तारीफ की। एशिया कप में भाग लेने के लिए तैयार इस जोड़ी ने लंबे के समय के बाद मैदान में वापसी की लेकिन उन्हें देखकर ऐसा लगा ही नहीं कि वो लम्बे समय से खेल से दूर थे। आयरलैंड दौरे के लिए भारत के मुख्य कोच सितांशु कोटक का मानना ??है कि विश्व कप से पहले दोनों गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अधिक खेलने की आवश्यकता है। दोनों ही गेंदबाजों ने एनसीए में काफी समय बिताया और वापसी के लिए कड़ी मेहनत की। कोच ने कहा, दोनों ही खिलाड़ी समझदार हैं। उन्हें देखकर कभी ऐसा नहीं लगा कि वो खेल से दूर थे। वे अभ्यास के दौरान भी तैयार दिखे।

# वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे गिल

**दुबई,** 23 अगस्त (एजेंसियां) भारत के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गये, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी मैदान पर लौटने के बाद अपनी टी20 रैंकिंग में सुधार किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी नवीनतम वनडे रैंकिंग में, गिल 743 रेटिंग अंक के साथ इस प्रारूप में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। गिल के बाद विराट कोहली (नौंवा स्थान) शीर्ष 10 रैंकिंग में भारत के एकमात्र बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म 880 रेटिंग पॉइंट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

दूसरी ओर, आयरलैंड टी20 सीरीज के लिये भारत के कप्तान चुने गये बुमराह सात स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गये। करीब एक साल बाद क्रिकेट में वापसी करने वाले बुमराह दो मैचों में तीन विकेट चटका चुके हैं। युवा लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई भी दो मैचों में चार विकेट चटकाने के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में 17 स्थान की छलांग लगाकर 65वें स्थान पर पहुंच गये हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में 58 रनों की पारी के बाद रुतुराज गायकवाड़ 143 स्थान ऊपर चढ़कर 87वें स्थान पर पहुंच गये, जबकि इस श्रृंखला से बाहर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। टेस्ट रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन दुनिया के नंबर एक गेंदबाज जबकि रवींद्र जडेजा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बने हुए हैं।

### हारिस राउफ, मुजीब उर रहमान ने बड़ी छलांग लगाई

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ और अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान ने श्रीलंका के हंबनटोटा में दोनों टीमों के बीच श्रृंखला के उद्घाटन के ठीक एक दिन बाद बुधवार को अपडेट की गई आईसीसी पुरुष एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। राउफ ने 18 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान के 201 रन के जवाब में अफगानिस्तान को 19.2 ओवर में सिर्फ 59 रन पर आउट करने में मदद मिली, जिससे उन्हें सात स्थान का फायदा हुआ और उन्होंने इस साल मई में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 42वें स्थान को पीछे छोड़ते हुए करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए। रहमान, जिन्होंने अतीत में करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग का आनंद लिया था, 3-33 के आंकड़े के साथ तीन स्थान आगे बढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके साथी मोहम्मद नबी अब सूची में 11वें स्थान पर हैं, जहां ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड पोल पोजीशन पर हैं। मैच में सर्वाधिक 61 रन बनाने वाले पाकिस्तान के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक एक स्थान के फायदे से कप्तान बाबर आजम (880 रेटिंग अंक) के नेतृत्व वाली बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान तीन पायदान आगे बढ़कर 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (743 रेटिंग अंक) चौथे स्थान पर हैं। टी20 रैंकिंग अपडेट में, भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में बल्लेबाजों की रैंकिंग में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन 129 रन बनाकर आठ स्थान आगे बढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। संयुक्त अरब अमीरात के वृत्त आनंद बल्लेबाजों में पांच स्थान ऊपर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर अयान अफजल खान गेंदबाजी रैंकिंग में 62 स्थान ऊपर 116वें स्थान पर हैं। भारत-आयरलैंड मैचों में कप्तान जसप्रीत बुमराह और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई दोनों मैचों में दो-दो विकेट हासिल करने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। बुमराह 91वें से 84वें स्थान पर आ गए हैं जबकि बिश्नोई 82वें से 65वें स्थान पर आ गए हैं। डबलिन में दूसरे मैच में अर्धशतक के बाद सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ 143 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 87वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के बल्लेबाज एंड्रयू बालबर्नी दूसरे मैच में 72 रन बनाकर चार पायदान ऊपर 61वें स्थान पर हैं जबकि कर्टिस कैंपर 10 पायदान ऊपर 70वें स्थान पर हैं।

